


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन-जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 103 | मंगलवार, 26 मई 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल दशमी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रुपया


## एक नजर



### भारत आ रही ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद (क्वाड) के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होने के लिए आज यानी सोमवार को भारत जाएंगी। बैठक में समुद्री सुरक्षा और महत्वपूर्ण खनिजों सहित ''साझा हितों'' से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। भारत क्वाड के वर्तमान अध्यक्ष के रूप में मंगलवार को इस बैठक की मेजबानी करेगा। ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री की वेबसाइट पर जारी प्रेस विज्ञप्ति में वोंग के हवाले से कहा गया, ''इस अनिश्चित समय में क्वाड एक महत्वपूर्ण साझेदारी है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध भविष्य को आकार देने की दिशा में चार देश मिलकर काम कर रहे हैं।'' वोंग ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका ''समुद्री सुरक्षा, महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति, बुनियादी ढांचे के विकास और आपदा राहत सहित साझा हितों के मामलों में ठोस परिणाम दे रहे हैं।''

### चीन के चोंगकिंग में मूसलाधार बारिश का कहर, नौ की मौत

**बीजिंग।** चीन के दक्षिण-पश्चिमी हिस्से में लगातार हो रही भारी बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। चोंगकिंग के योंगचुआन जिले में शनिवार रात से शुरू हुई मूसलाधार बारिश ने भयंकर बाढ़ और तबाही का रूप ले लिया है। इस हादसे में अब तक 9 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 11 लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। स्थानीय प्रशासन और बचाव दल लगातार राहत कार्य में जुटे हुए हैं।

## धर्मेंद्र को मरणोपरांत पद्म विभूषण; कला, खेल और चिकित्सा जगत की 66 हस्तियों को मिले पद्म सम्मान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वर्ष 2026 के पद्म सम्मान प्रदान शुरू कर दिया है। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में 66 विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। सबसे पहले पद्म विभूषण धर्मेंद्र सिंह देओल (मरणोपरांत) को दिया गया, जिससे हेमा मालिनी ने लिया।

इस साल जनवरी में देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल पद्म पुरस्कारों की घोषणा हुई थी। राष्ट्रपति ने वर्ष 2026 के लिए कुल 131 पद्म पुरस्कारों को मंजूरी दी, इनमें से 66 हस्तियों को आज सम्मानित किया जा रहा है। इस साल की सूची के मुताबिक कुल पांच लोगों को पद्म



विभूषण, 13 विभूतियों को पद्म भूषण और 113 लोगों को पद्म श्री से नवाजा जाएगा। पद्म विभूषण सम्मान 2026 में सबसे पहले दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र सिंह देओल (मरणोपरांत) को प्रदान किया गया। यह सम्मान उनकी पत्नी और अभिनेत्री हेमा मालिनी ने ग्रहण किया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को पद्मश्री से नवाजा गया। उनकी नेतृत्व क्षमता में भारतीय टीम ने इस वर्ष वनडे वर्ल्ड कप जीतकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की थी। सोलर ग्रुप के चेयरमैन सत्यनारायण नुवाल को रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए पद्मश्री पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी क्रम में पुदुचेरी के सिलंबम खिलाड़ी के. पजनीवेल को पारंपरिक मार्शल आर्ट को बढ़ावा देने के लिए सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इसके अलावा, यूजीसी के पूर्व अध्यक्ष ममिडाला जगदीश कुमार को शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया गया।

## इस महीने चौथी बार बढ़े पेट्रोल-डीजल के दाम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** तेल कंपनियों ने आज, 25 मई को पेट्रोल 2.61 प्रति लीटर और डीजल 2.71 प्रति लीटर महंगा कर दिया है। इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में अब एक लीटर पेट्रोल की कीमत 102.12 और डीजल की कीमत 95.20 हो गई है।

देश में सबसे ज्यादा पेट्रोल की खपत उत्तर प्रदेश में होती है। यहां वित्त वर्ष 2025-26 में कुल 5157.8 हजार मीट्रिक टन पेट्रोल की खपत हुई। पेट्रोल की सबसे कम खपत लक्षद्वीप में हुई, यहां 1.1 हजार मीट्रिक टन पेट्रोल का इस्तेमाल हुआ। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने आज बताया




कि इस बढ़ोतरी के बाद सरकारी तेल कंपनियों का घाटा कम हो गया है। अब यह घाटा घटकर करीब 600 करोड़ रुपए प्रति दिन रह गया है। 15 मई से शुरू हुए कीमतों में बदलाव से पहले पेट्रोल, डीजल और घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) बेचने पर कंपनियों को रोजाना लगभग 1,000 करोड़ रुपए का घाटा हो रहा था। इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव है। ईरान और अमेरिका की जंग शुरू होने से पहले क्रूड ऑयल के दाम 70 डॉलर थे, जो अब बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं। क्रूड की कीमतें बढ़ने से तेल कंपनियां दबाव में थीं। इसलिए कंपनियों ने घाटे की भरपाई के लिए यह कदम उठाया है। अगर कच्चे तेल की कीमतों में लंबे समय तक तेजी बनी रहती है तो पेट्रोल-डीजल की कीमतें और भी बढ़ाई जा सकती हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों और डॉलर के मुकाबले रुपए की स्थिति के आधार पर देश में ईंधन के दाम तय किए जाते हैं। सरकारी तेल कंपनियां 'डेली प्राइस रिवीजन' के तहत हर दिन सुबह 6 बजे नए रेट अपडेट करती हैं। उपभोक्ता तक पहुंचने से पहले तेल की कीमतों में कई तरह के टैक्स और खर्च जुड़ते हैं।

# स्ट्रेट ऑफ होर्मुज खोलने के प्लान पर फिरा पानी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ईरान और अमेरिका के बीच पर्दे के पीछे चल रही शांति डील पर अचानक ब्रेक लग गया है। दोनों देशों के बीच जारी तनाव को कम करने और दुनिया के सबसे अहम समुद्री रास्ते 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' को दोबारा खोलने के लिए जिस समझौते की उम्मीद जताई जा रही थी, वह अब अधर में लटकती दिख रही है। ईरान का आरोप है कि अमेरिकी अड़ंगेबाजी के कारण बातचीत का यह पूरा ताना-बाना बिखरने की कगार पर पहुंच गया है। इसके बाद अब खाड़ी क्षेत्र में एक बार फिर बारूदी तनाव बढ़ने की आशंका तेज हो गई है।

ईरान की सरकारी मीडिया तस्नीम न्यूज के अनुसार, इस गतिरोध की सबसे बड़ी वजह विदेशी बैंकों में ब्लॉक पड़ी ईरान की संपत्तियों को रिलीज करने का मुद्दा है। 'तस्नीम न्यूज' के अनुसार, आज दोनों देशों के बीच कई दौर की बातचीत हुई, लेकिन कुछ खास क्लॉज (शर्तों) पर अमेरिका के अड़ियल रवैये



के कारण कोई ठोस नतीजा नहीं निकल सका. ईरान का आरोप है कि अमेरिका बातचीत के दौरान लगातार अपना रुख बदल रहा है। पहले जिन मुद्दों पर दोनों पक्षों के बीच सहमति बन चुकी थी, अमेरिका अब उन पर भी नए पेंच फंसा रहा है, जिससे वार्ता की पूरी प्रक्रिया खटाई में पड़ती दिख रही है। सीएनएन ने अमेरिका अधिकारी के हवाले से बताया है कि अमेरिका चाहता है कि ईरान पहले होर्मुज स्ट्रेट खोले, इसके बाद उसकी फ्रीज की गई संपत्तियों को रिलीज किया जाएगा। वाशिंगटन और तेहरान के बीच पर्दे के पीछे पक रही खिचड़ी ने इजरायल के कान खड़े कर दिए हैं। ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु समझौते को लेकर बढ़ती नजदीकियों ने इजरायल की नींद उड़ा दी है। इजरायल ने साफ लफ्जों में इस संभावित डील पर अपने नामंजूरी जाहिर कर दी है। इजरायल ने कहा कि यह समझौता किसी भी कीमत पर उसके हितों के मुताबिक नहीं है। इजरायल के सीनियर सिक्योरिटी अधिकारियों ने इस मामले पर खुली चेतावनी जारी की है। इजरायली ब्रॉडकास्टर 'चैनल 12' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सुरक्षा अधिकारियों का मानना है कि अमेरिका और ईरान के बीच जिस समझौते का खाका तैयार हो रहा है, वह इजरायल की सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा साबित हो सकता है।

इजरायली सुरक्षा अधिकारियों को सबसे बड़ा डर इस बात का है कि इस डील के जरिए ईरान को एक बड़ा 'लाइफलाइन' मिल जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि समझौते की आड़ में ईरान को आर्थिक और मिलिट्री (सैन्य) रूप से खुद को मजबूत करने का पूरा समय मिल जाएगा। अगर ईरान एक बार फिर आर्थिक रूप से पैरों पर खड़ा हो गया, तो उसकी सैन्य ताकत को रोकना नामुमकिन हो जाएगा। सुरक्षा रणनीतिकारों का मानना है कि इस राहत के बाद भविष्य में इजरायल और यूनाइटेड स्टेट्स (US) के लिए ईरान के खिलाफ दोबारा मोर्चा खोलना या लड़ाई शुरू करना बेहद मुश्किल हो जाएगा। इजरायल इस डील को ईरान की चाल के रूप में देख रहा है। जिससे वह पाबंदियों के दबाव से बाहर आ सके।

## 'इतना भावुक मत होइए', कॉकरोच जनता पार्टी के खिलाफ याचिका पर बोले सीजेआई सूर्यकांत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर चर्चा में आई 'कॉकरोच जनता पार्टी' के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका पर तुरंत सुनवाई की मांग की थी। इस पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने याचिकाकर्ता वकील से कहा कि 'वह कॉकरोच जनता पार्टी के मुद्दे को भावुकता से न लें।'

यह याचिका राजा चौधरी नाम के वकील ने दाखिल की है। उन्होंने कोर्टरूम की रिकॉर्डिंग का कथित तौर पर गलत इस्तेमाल करने वाले और सोशल मीडिया संस्थानों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और जांच की मांग की थी। उन्होंने अपनी याचिका में 'कॉकरोच जनता पार्टी' से जुड़े लोगों की गतिविधियों की सीबीआई जांच करने की मांग भी की थी।

सोमवार को वकील ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी याचिका का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि चीफ जस्टिस की ओर से 'कॉकरोच' वाली टिप्पणी पर सफाई जारी किए जाने के बावजूद 'तोड़-मरोड़कर और दुर्भावनापूर्ण नैरेटिव' फैलाया जा रहा है और सुप्रीम कोर्ट जैसी संस्था की छवि को खराब किया जा रहा है।



उन्होंने अदालत को बताया कि इस याचिका में मांग की गई है कि अदालत की कार्यवाही के दौरान हुई मौखिक बातचीत का व्यावसायिक इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए और न ही उसे इस तरह से प्रसारित किया जाना चाहिए जिससे अदालती कार्यवाही का स्वरूप बिगड़ जाए। वकील ने आगे कहा कि इस याचिका में बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष के उस बयान के सिलसिले में CBI जांच की भी मांग की है, जिनमें उन्होंने कथित तौर पर '35 से 40 प्रतिशत फर्जी लॉ डिग्रियों' का जिक्र किया था। इस पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, 'ऐसी कोई बड़ी इमरजेंसी वाली स्थिति नहीं है। हम इस पर विचार करेंगे।' याचिका में उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की गई है, जो अदालत की कार्यवाही के दौरान की गई मौखिक टिप्पणियों का कथित तौर पर व्यावसायिक इस्तेमाल कर रहे हैं। इस उन कथित फर्जी वकीलों की जांच की भी मांग की गई है, जो फर्जी डिग्रियों का इस्तेमाल करके वकालत कर रहे हैं। एक मामले की सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने टिप्पणी की थी कि 'ऐसे परजीवी हैं जो सिस्टम पर हमला कर रहे हैं।' उन्होंने कहा था, 'कुछ युवा कॉकरोच की तरह हैं। उन्हें न तो कोई रोजगार मिलता है और न ही इस प्रोफेशन में उनकी कोई जगह होती है। उनमें से कुछ मीडिया में चले जाते हैं, कुछ सोशल मीडिया पर एक्टिव हो जाते हैं, कुछ आरटीआई कार्यकर्ता बन जाते हैं और कुछ एक्टिविस्ट बन जाते हैं और फिर वे हर किसी पर हमला करना शुरू कर देते हैं।'

## तेल के दाम बढ़ने पर विपक्ष हमलावर, राहुल ने कहा- 'महंगाई मानव मोदी का फिर से हमला'

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार ने मई 2026 में चौथी बार पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की है। विपक्षी नेताओं राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अखिलेश यादव और टीएमसी ने इस बढ़ोतरी की कड़ी आलोचना की है।

नेता विपक्ष राहुल गांधी ने तेल कीमतों के बढ़ने पर सबसे तीखी प्रतिक्रिया दी है। राहुल ने एक्स पर लिखा है- महंगाई मानव मोदी का फिर से हमला। पेट्रोल-डीज़ल के दाम किश्तों में बढ़ाते हैं - ताकि चुपके-चुपके आपकी जेब कटती रहे। मैं महीनों से आर्थिक तूफान आने की बात कह रहा था। पर मोदी जी तब हमेशा की तरह चुनाव में व्यस्त थे- और चुनाव खत्म होते ही पेट्रोल-डीजल 8 महंगा कर दिया। और, ये बढ़त होती ही जाएगी। महंगाई मानव मोदी का एक ही काम है - चुनाव में वादे, और बाक़ी समय जनता की जेब पर वार। कांग्रेस अध्यक्ष



मल्लिकार्जुन खड़गे ने इसे "किस्तों में लूट" करार दिया। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय कीमतें कम थीं तब लाभ जनता को नहीं दिया गया, लेकिन अब बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार रोजाना पेट्रोल-डीजल पर हजारों करोड़ रुपये टैक्स वसूल रही है। खड़गे ने लिखा कि पेट्रोल 100 रुपये पार कर गया है, आम नागरिक की कमाई को किस्तों में लूटा जा रहा है। खड़गे ने एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए एआई से तैयार एक पोस्टर भी जारी किया है। जिसे आप उनके ट्वीट के साथ नीचे देख सकते हैं। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने बढ़ोतरी पर तंज कसते हुए साइकिल का सहारा लिया। उन्होंने कहा कि आगे बढ़ना है तो साइकिल ही विकल्प है। अखिलेश ने पहले ही चेतावनी दी थी कि चुनाव के बाद दाम बढ़ेंगे और आम आदमी पर बोझ पड़ेगा। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने लिखा है- प्यारे देशवासियों मोदी जी के लिए आप मात्र एक वोट हैं। चुनाव ख़त्म ज़रूरत ख़त्म। वैसे अंधभक्त तो 200 रू तक पेट्रोल ख़रीदने को तैयार हैं।

## नड्डा ने देश में तैयारियों का जायजा लिया लोगों को इबोला से सतर्क रहने की सलाह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने आज तेजी से फैलते इबोला संक्रमण से उपजी चिंताओं के आलोक में अहम बैठक की। स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने अस्पतालों में तैयारियों और प्रतिक्रिया के लिए उपायों की समीक्षा की।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने इबोला वायरस रोग (ईवीडी) की तैयारियों और प्रतिक्रिया उपायों की समीक्षा की। यह समीक्षा अफ्रीका के कुछ हिस्सों में हाल ही में सामने आए प्रकोपों के मद्देनजर की गई है। भारत में इबोला का कोई भी मामला अब तक दर्ज नहीं किया गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इस प्रकोप को अंतरराष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल (पीएचईआईसी) घोषित किया है। अफ्रीका रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (अफ्रीका सीडीसी) ने भी इसे महाद्वीपीय सुरक्षा का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल (पीएचईसीएस)



बताया है। नड्डा ने अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान देश में किसी भी संभावित खतरे से निपटने के लिए तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को पूरी तरह से सतर्क रहने के निर्देश दिए। केंद्र सरकार ने अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों पर आवश्यक प्रतिक्रिया उपायों को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। स्वास्थ्य प्रणाली की क्षमता बढ़ाने और निगरानी को तेज करने के लिए भी चर्चा हुई। सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरतने के निर्देश दिए गए। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि देश इबोला के लिए पूरी तरह तैयार रहे।

## यूपी में प्रधान ही बनेंगे प्रशासक, पंचायत चुनाव तक रहेंगे प्रभावी; सीएम योगी ने दी हरी झंडी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में प्रधान ही प्रशासक बनेंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। इसके साथ ही तय हो गया है कि मंगलवार से प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों के प्रधान अब प्रशासक की भूमिका में आ जाएंगे। दरअसल, प्रदेश में पंचायत चुनाव समय में पर कराने में सरकार सफल नहीं हो पाई। इसके बाद से पंचायतों में प्रशासक की नियुक्ति की चर्चा चल रही थी। सरकार की ओर से पहले एडीओ पंचायत को प्रशासक के तौर पर नियुक्त करने की परंपरा रही थी। हालांकि, सरकार ने इसके विपरीत गांवों में चलने वाली योजनाओं की गति को बनाए रखने के लिए प्रधानों को ही प्रशासक के तौर पर नियुक्त करने की योजना बनाई। सीएम योगी आदित्यनाथ की मंजूरी के बाद 26 मई से सभी पंचायतों के प्रधान प्रशासक बन जाएंगे। दरअसल, प्रदेश में प्रधानों का कार्यकाल मंगलवार



26 मई को खत्म होने जा रहा है।

यूपी पंचायत चुनाव समय पर पूरा नहीं होने के कारण प्रदेश के 57,694 पंचायतों में प्रशासकों की नियुक्ति होने जा रही है। दरअसल, 26 मई को प्रधानों का कार्यकाल खत्म होने के बाद पंचायतों में चल रही विकास योजनाओं के प्रभावित होने का खतरा मंडरा रहा था। ऐसे में प्रशासकों की नियुक्ति की तैयारी की जा रही थी। एडीओ पंचायत की जगह योगी सरकार ने प्रधानों को ही प्रशासक बनाने का फैसला ले लिया। उत्तर प्रदेश में पहली बार सभी 57,694 प्रधानों को प्रशासक के तौर पर नियुक्त किया जा रहा है। एडीओ पंचायत को प्रशासक बनाने की नीति से पीछे हटते हुए योगी सरकार ने यह फैसला लिया है। मंगलवार से नियुक्त होने वाले प्रशासक पंचायत चुनाव तक गांव के विकास की जिम्मेदारी संभालेंगे। राष्ट्रीय पंचायत राज्य ग्राम प्रधान संघ की ओर से प्रधानों को हीं प्रशासक बनाए जाने की मांग की गई थी।

## असम विधानसभा में यूसीसी बिल पेश : बहुविवाह पर प्रतिबंध

एजेंसी

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने सोमवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर एक विधेयक विधानसभा में पेश किया जिसमें बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने और सह-जीवन (लिव-इन) संबंधों के पंजीकरण को अनिवार्य बनाने का प्रावधान है। विधेयक में हालांकि कहा गया है कि यह असम में निवास करने वाली किसी भी अनुसूचित जनजाति पर लागू नहीं होगा।

संसदीय कार्य मंत्री अतुल बोरा ने मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की ओर से विधानसभा में 'असम के लिए समान नागरिक संहिता, 2026 विधेयक' पेश किया। कांग्रेस, रायजोर दल और तृणमूल कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने इस कदम का विरोध किया और इसे पेश करने से पहले सभी हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श की मांग की। शर्मा ने विधेयक के 'उद्देश्य और कारणों के कथन' में कहा, ''इस विधेयक का उद्देश्य विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और सह-जीवन (लिव-



इन) संबंध से संबंधित कानूनों को एकीकृत और सरल बनाना है।'' मुख्यमंत्री ने बताया कि विधेयक में विवाह के लिए पुरुषों की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष और महिलाओं की न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित की गई है और बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाया गया है। शर्मा ने कहा, ''सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह विवाहों को मौजूदा धार्मिक और पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न करने की अनुमति देकर असम की सांस्कृतिक विविधता की रक्षा करता है।'' कानूनी अधिकारों की रक्षा के लिए विधेयक में विवाह और तलाक के पंजीकरण को अनिवार्य बनाने का प्रस्ताव है जो पति-पत्नी के लिए भरण-पोषण, विरासत और अन्य कानूनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण होगा।

**उपलब्धि** यूके, यूएसए ऑस्ट्रेलिया समेत 10 से अधिक देशों तक पहुंच रहे यूपी के गो उत्पाद

## यूपी का 'गो-इकोनॉमी' मॉडल बना ग्लोबल ब्रांड

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 'गो संरक्षण से समृद्धि' मॉडल अब वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है। उत्तर प्रदेश में देशी गायों के सहारे तैयार एथिकल डेयरी मॉडल ने यूके, यूएसए, ऑस्ट्रेलिया समेत 10 से अधिक देशों में यूपी का डंका बजाया है। 'हेता' के जरिए एक हजार से ज्यादा देशी गायों पर आधारित यह मॉडल अब करीब 10 करोड़ रुपये के सालाना कारोबार तक पहुंच चुका है।

गाजियाबाद के सिकंदरपुर निवासी असीम रावत ने मुख्यमंत्री योगी की प्रेरणा से इस अभियान की शुरुआत की। अमेरिका समेत कई देशों की सॉफ्टवेयर कंपनियों में 14 वर्ष तक इंजीनियर के रूप में काम करने के बाद उन्होंने गो संरक्षण को मिशन बनाया। आज 100 लोगों की टीम के साथ वह देशी गायों पर आधारित उत्पादों को ग्लोबल ब्रांड के



रूप में स्थापित कर चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस मॉडल से संरक्षित साहीवाल गाय की आरती और गोपूजन कर चुके हैं। हेता मॉडल के तहत ए2 दूध, बिलौना घी, ब्राह्मी घृत, शतधौत घृत, कुकीज, लड्डू, हर्बल चाय, स्किन-हेयर केयर और गोमूत्र अर्क समेत करीब 150 प्रकार के उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। ये उत्पाद भारत के अलावा अमेरिका, कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, यूरोप, सिंगापुर और दुबई तक पहुंच रहे हैं। इस मॉडल की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां वृद्ध गोवंश को बोझ नहीं माना जाता। उन्हें संरक्षण व्यवस्था का हिस्सा बनाकर गो आधारित अर्थव्यवस्था से जोड़ा गया है। देशी नस्लों के समग्र उपयोग के जरिए डेयरी, पंचगव्य, आयुर्वेदिक और ऑर्गेनिक उत्पादों का बड़ा नेटवर्क तैयार किया गया है। इससे ग्रामीण स्तर पर रोजगार और आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा मिला है।

### सरकार दे रही सब्सिडी और नीतिगत समर्थन: एसीएस

पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम के अनुसार योगी सरकार स्वदेशी नस्लों के संरक्षण और डेयरी सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए बड़े स्तर पर सहायता दे रही है। 'ऑपरेशन-4' के तहत देशी गायों के पालन पर 50 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है। डेयरी मास्टर प्लान के अंतर्गत 2 से 25 गायों तक पशुपालकों को लाखों रुपये का अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। सरकार साहीवाल, गिर, गंगातीरी और सिंधी नस्लों के विस्तार पर विशेष फोकस कर रही है।

## एनटीए ने CUET UG 2026 परीक्षा की स्थगित, 28 मई को अब नहीं होगी परीक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** CUET (UG) 2026 की तैयारी कर रहे लाखों छात्र-छात्राओं के लिए बड़ी खबर। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) ने 28 मई 2026 को होने वाली CUET UG परीक्षा को स्थगित कर दिया है। दो शिफ्टों में होनी वाली ये परीक्षा फिलहाल टाल दी गई है।

न अभ्यर्थियों का एग्जाम 28 मई को तय था, उनके लिए नई तारीख का ऐलान जल्द किया जाएगा। NTA ने छात्रों से अपील की है कि वे ऑफिशियल वेबसाइट regularly चेक करते रहें। अभी तक नई डेट की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन NTA ने साफ कर दिया है कि नया शेड्यूल बहुत जल्द जारी किया जाएगा। अभ्यर्थी NTA की आधिकारिक वेबसाइट cuet.nta.nic.in और nta.ac.in पर अपडेट चेक कर सकते हैं।




किसी भी सवाल के लिए हेल्पलाइन नंबर: 011-40759000 पर कॉल करें या ईमेल करें cuet-ug@nta.ac.in पर। CUET UG परीक्षा देशभर की सेंट्रल यूनिवर्सिटीज़ जैसे DU, JNU, BHU समेत सैकड़ों विश्वविद्यालयों में एडमिशन के लिए सबसे महत्वपूर्ण प्रवेश परीक्षा है। ऐसे में इसकी तारीख में बदलाव लाखों स्टूडेंट्स की प्लानिंग को प्रभावित करेगा।

# आधुनिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित कृषि निरीक्षण एवं संवाद कार्यक्रम

जागरण मोर्चा कार्यालय


कृषि फार्म पर निरीक्षण करते हुए सीडीओ अभिषेक कुमार, एसडीएम चलवुराजु आर ., कृषि विभाग के उपनिदेशक गिरीश कुमार ड्रैगन फ्रूट का पौधा देखते हुए।

**मोहम्मदी-खीरी।** जनपद खीरी में कृषि क्षेत्र में नवाचार एवं आधुनिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित कृषि निरीक्षण एवं संवाद कार्यक्रम के तहत सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार, उपजिलाधिकारी चलवुराजु आर. कृषि विभाग के उपनिदेशक गिरीश कुमार एवं बीडीओ मोहम्मदी ने प्रगतिशील किसान नत्थूलाल शुक्ला के कृषि फार्म ग्राम रूरबा का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने फार्म पर अपनाई जा रही आधुनिक कृषि तकनीकों, बहुफसली खेती मॉडल एवं सहफसली प्रयोगों का विस्तार से अवलोकन किया। अधिकारियों ने खेत पर किए जा रहे नवीन प्रयोगों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की खेती किसानों की आय बढ़ाने के साथ खेती को अधिक लाभकारी एवं टिकाऊ बना सकती है। नत्थू लाल शुक्ल के कृषि फार्म पर वर्तमान में गन्ना, केला, ड्रैगन फ्रूट, मक्का तथा विभिन्न फलदार पौधों की खेती की जा रही है। इसके अतिरिक्त गन्ना-मूंग एवं गन्ना-उड़द सहफसल मॉडल को भी सफलतापूर्वक अपनाया गया है। किसान संवाद कार्यक्रम के तहत अधिकारियों ने बताया कि सहफसली खेती से भूमि की उर्वरता बनी रहती है उत्पादन लागत कम तथा किसानों को एक से अधिक फसलों से अतिरिक्त आय प्राप्त होती है। संवाद के दौरान अधिकारियों ने किसानों को पारंपरिक खेती के साथ आधुनिक एवं वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि फसल विविधीकरण, ड्रिप सिंचाई, जैविक खाद का संतुलित उपयोग, जल संरक्षण एवं आधुनिक प्रबंधन तकनीकों से खेती को अधिक लाभकारी बनाया जा सकता है। अधिकारियों ने विशेष रूप से युवाओं को कृषि में नवाचार अपनाने एवं नई तकनीकों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ऐसे प्रगतिशील किसान क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणा का कार्य कर रहे हैं। वहीं उपजिलाधिकारी चलवुराजु आर ने कहा कि बदलते समय में किसानों को केवल पारंपरिक खेती तक सीमित न रहकर नई फसलों एवं आधुनिक कृषि मॉडल को अपनाना चाहिए जैसा कि शुक्ला जी ने अपनाया है, जिससे आय में वृद्धि के साथ रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। इस अवसर पर किसान नत्थूलाल शुक्ला ने बताया कि उन्होंने खेती में नए प्रयोगों को अपनाकर कम लागत में अधिक उत्पादन एवं बेहतर आय प्राप्त करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि यदि किसान पारंपरिक खेती के साथ फलदार पौधों, सहफसली खेती एवं आधुनिक तकनीकों को अपनाएं तो खेती को अधिक लाभकारी बनाया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन एवं कृषि विभाग के अधिकारियों से मिलने वाले मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से किसानों का मनोबल बढ़ता है तथा नई तकनीकों को अपनाने की प्रेरणा मिलती है। प्रगतिशील किसान नत्थूलाल शुक्ला को उत्कृष्ट एवं आधुनिक कृषि कार्यों के लिए मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त उन्हें राज्य एवं जिला स्तर पर भी कई सम्मान एवं पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। कृषि क्षेत्र में उनके द्वारा किए जा रहे नवाचार अन्य किसानों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने हुए हैं। निरीक्षण के अंत में अधिकारियों ने फार्म पर किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देने की बात कही। को उत्कृष्ट एवं आधुनिक कृषि कार्यों के लिए मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त उन्हें राज्य एवं जिला स्तर पर भी कई सम्मान एवं पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। कृषि क्षेत्र में उनके द्वारा किए जा रहे नवाचार अन्य किसानों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने हुए हैं। निरीक्षण के अंत में अधिकारियों ने फार्म पर किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देने की बात कही।

# कुलपति पर जमीन हड़पने का आरोप

## बहेड़ी के किसान ने लगाया पद के दुरुपयोग और फर्जी बैनामे का गंभीर आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बहेड़ी।** एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली के कुलपति कृष्णपाल सिंह पर बहेड़ी क्षेत्र के एक किसान ने जमीन हड़पने और पद के दुरुपयोग का गंभीर आरोप लगाया है। मामले में पीड़ित ने राज्यपाल, जिलाधिकारी और एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम पचपेड़ा, परगना रिछा तहसील बहेड़ी निवासी भगवान सिंह का आरोप है कि उन्होंने वर्ष 1995 में गाटा संख्या 519 की भूमि को रजिस्टर्ड बैनामे के माध्यम से गुरनाम सिंह आदि से खरीदा था और तभी से वह उक्त जमीन पर खेती कर रहे हैं। उनका कहना है कि यही जमीन उनके परिवार की जीविका का एकमात्र साधन है।पीड़ित के अनुसार, करीब 20 वर्ष बाद अचानक चकबंदी सीओ के आदेश पर वर्ष 2015 में उनका नाम भूमि अभिलेखों से निरस्त कर दिया गया, जबकि गांव की चकबंदी वर्ष 1965 में ही समाप्त हो चुकी थी। नाम कटने की जानकारी मिलने पर उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की, जो वर्ष 2019 से विचाराधीन है।

भगवान सिंह का आरोप है कि इसी विवाद के दौरान 24 जनवरी 2025 को कुलपति कृष्णपाल सिंह ने अपनी पत्नी संजेश व रिश्तेदारों के नाम उक्त विवादित भूमि का बैनामा करा लिया। आरोप है कि फर्जी तरीके से दाखिल-खारिज कराकर भूमि अपने नाम दर्ज कराई गई। पीड़ित का कहना है कि इस बैनामे के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल है, जबकि दाखिल-खारिज के विरुद्ध एसडीएम न्यायालय में अपील भी लंबित है।रिश्वत और कब्जा दिलाने की धमकी का भी आरोप है।

प्रार्थना पत्र में पूर्व नायब तहसीलदार शोभित चौधरी पर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। भगवान सिंह का कहना है कि उन्हें न्यायालय में बुलाकर धमकाया गया और 10 लाख रुपये रिश्वत की मांग की गई। आरोप है कि पुलिस बल के सहारे फसल उजाड़कर दूसरे पक्ष को कब्जा दिलाने की धमकी भी दी गई।

पीड़ित का कहना है कि वह वर्ष 1995 से लगातार उक्त भूमि पर काबिज हैं और परिवार सहित वहीं मकान बनाकर रह रहे हैं। अब उन्हें डर है कि प्रभावशाली लोगों के दबाव में उनकी जमीन पर कब्जा कराया जा सकता है। भगवान सिंह ने कहा कि यदि उनके परिवार को कोई जानी या माली नुकसान होता है तो इसकी जिम्मेदारी कुलपति कृष्णपाल सिंह की होगी।

# गंगा दशहरा पर जागरण मोर्चा कार्यालय में श्रद्धा और विधि-विधान के साथ हुआ हवन-पूजन व यज्ञ

जागरण मोर्चा कार्यालय


हवन पूजन करते जागरण मोर्चा के प्रधान संपादक, स्वामी व अन्य। -**जागरण मोर्चा**

**बरेली।** गंगा दशहरा के पावन अवसर पर राष्ट्रीय हिंदी दैनिक जागरण मोर्चा के बरेली मंडल कार्यालय में श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ हवन-पूजन एवं यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में धार्मिक वातावरण के बीच वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई।

पंडित अनिल शास्त्री ने लखनऊ से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक जागरण मोर्चा कार्यालय पहुंचकर गंगा दशहरा के धार्मिक, आध्यात्मिक और वैज्ञानिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गंगा दशहरा का पर्व मानव जीवन में पवित्रता, सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक चेतना का संदेश देता है। इस दौरान भगवान नारायण, श्री गणेश एवं माता लक्ष्मी की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद पूर्ण आहुतियों के साथ वैदिक रीति-रिवाज से यज्ञ संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने हवन में आहुति देकर सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की।

इस अवसर पर अखबार की स्वामी मोहिनी वर्मा, प्रधान संपादक योगेश वर्मा, महाप्रबंधक अनूप त्रिपाठी, नितिन मिश्रा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मनौना धाम मंदिर परिसर से मासूम उठा ले गए आरोपी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** आंवला के प्रसिद्ध मनौना धाम मंदिर परिसर से डेढ़ साल का मासूम रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया। घटना के बाद मंदिर परिसर और आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। परिजनों ने बच्चे के अपहरण की आशंका जताई है। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सीसीटीवी फुटेज में बच्चा दो संदिग्ध लोगों के साथ जाता दिखाई दिया है, जिसके बाद पुलिस ने तलाश तेज कर दी है। एसएसपी अनुराग आर्य ने मामले में पांच टीमें गठित कर सर्विलांस और एसओजी को भी लगा दिया है।

बदायूं जिले के उसहैत थाना क्षेत्र के असगुना गांव निवासी रमन मनौना धाम मंदिर में सफाई कर्मचारी हैं। रमन ने पुलिस को बताया कि रविवार सुबह करीब साढ़े दस बजे उनके तीनों बच्चे खेलते हुए मुख्य सड़क की तरफ चले गए थे। कुछ देर बाद दो बच्चे वापस लौट आए और खीरा खाते हुए घर पहुंच गए, लेकिन डेढ़ वर्षीय ऋषभ वापस नहीं आया। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा तो परिजनों के होश उड़ गए। मामले की सूचना मिलते ही आंवला थाना पुलिस सक्रिय हो गई। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई तो उसमें बच्चा दो लोगों के साथ दिखाई दिया। इसके बाद अपहरण की आशंका और गहरा गई। पुलिस अब उन संदिग्धों की पहचान करने में जुटी है।

**मां के बयानों से उलझी जांच**

जांच के दौरान पुलिस को परिवार के बयानों में विरोधाभास भी मिला है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार पिता रमन बेहद साधारण और कम बोलने वाले व्यक्ति लगे, जबकि मां सोनिया ने अलग-अलग पुलिस अधिकारियों को अलग-अलग बातें बताईं। शाहजहांपुर के परौर थाना क्षेत्र के खजूरी गांव की मूल निवासी सोनिया ने पहले किसी बाहरी व्यक्ति के घर आने से इनकार किया, लेकिन बाद में कुछ लोगों के आने की बात स्वीकार की।

# गंगा दशहरा के मौके पर श्रद्धालुओं ने वितरण किया शीतल मीठा शरबत

**सहसबान।** गंगा दशहरा की पावन पर्व पर श्रद्धालुओं ने सेवा भाव का प्रदर्शन किया आज नगर के विभिन्न स्थानों पर प्याऊ और शरबत वितरण किया गया जहां राहगीरों ने यात्रियों और दर्शनाथियों को भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए मीठा और ठंडा शरबत वितरित किया ।गया गंगा दशहरा के अवसर पर सुबह से ही नगर में धार्मिक उल्लास का माहौल रहा श्रद्धालुओं ने शीतल पेय पिलाकर पुण्य लाभ अर्जित किया इस दौरान श्रद्धालुओं ने बताया की गंगा दशहरा जैसे पावन पर्व पर सेवा कार्य करना भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है ।उनका मानना था कि भीषण गर्मी में राहगीरों की प्यास बुझाना सबसे बड़ा पूर्ण कार्य है, शरबत वितरण कार्यक्रम में सौरभ गुप्ता, मोनू, ओम नारायण, दुर्गेश महेश्वरी, विशू, मौसम, नूतन महेश्वरी, अमित महेश्वरी, सुमित महेश्वरी, आशु महेश्वरी, रितुराज माहेश्वरी यदि लोग मौजूद रहे।

# बरेली के जंगल में गौवंशीय पशु काटने की साजिश, गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** क्योलड़िया और हाफिजगंज बॉर्डर पर कैलाश नदी किनारे घने जंगल में गौवंशीय पशुओं को काटने की साजिश रची जा रही थी। रात के अंधेरे में बदमाश रेकी कर रहे थे, तभी पुलिस ने घेराबंदी कर दी। खुद को फंसता देख एक बदमाश ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। जवाबी कार्रवाई में गोली उसके पैर में जा लगी और पुलिस ने उसे मौके से दबोच लिया। पकड़ा गया बदमाश इकराम उर्फ हड्डी निकला, जो कई जिलों में दर्ज मुकदमों वाला शातिर अपराधी बताया जा रहा है।

रविवार देर रात क्योलड़िया पुलिस इलाके में गश्त और चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि कैलाश नदी पुल के पास जंगल में कुछ बदमाश घुमंतू गौवंशीय पशुओं को पकड़कर काटने की तैयारी में हैं। सूचना


मुठभेड़ में घायल आरोपी।

मिलते ही पुलिस टीम ने जंगल की तरफ दबिश दी और चारों ओर से घेराबंदी शुरू कर दी। घेराबंदी के दौरान एक बदमाश अचानक झाड़ियों से निकला और पुलिस टीम पर तमंचे से फायर कर दिया। गोली चलते ही जंगल में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस टीम ने भी मोर्चा संभाला और जवाबी फायरिंग की। कुछ ही सेकेंड बाद बदमाश पैर में गोली लगते ही जमीन पर गिर पड़ा। पुलिस ने दौड़कर उसे दबोच लिया।

**हड्डी निकला कई जिलों का वांछित अपराधी**

पकड़े गए बदमाश ने पूछताछ में अपना नाम इकराम उर्फ हड्डी पुत्र असलम निवासी हजियापुर, बारादरी बताया। पुलिस जांच में सामने आया कि उसके खिलाफ बरेली, शाहजहांपुर, सीतापुर और हापुड़ समेत कई जिलों में पशु चोरी, फायरिंग, आर्म्स एक्ट और गौकशी से जुड़े मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि वह लंबे समय से भैंस चोरी और गौवंशीय पशुओं के अवैध कटान में सक्रिय था। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह अपने साथियों के साथ कैलाश नदी किनारे सुनसान इलाके में गौवंशीय पशुओं को काटकर मांस बेचने की योजना बना रहा था। उसने यह भी कबूला कि पहले भी हाफिजगंज, क्योलड़िया और शाहजहांपुर क्षेत्र में चोरी और फायरिंग की घटनाओं में शामिल रहा है

# किराये के कमरे में मिली फार्मा ट्रेनी युवक की लाश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** प्रेमनगर इलाके में किराये पर रहकर फार्मा ट्रेनिंग कर रहे युवक की संदिग्ध मौत ने सनसनी फैला दी। कमरे में युवक की मौत के बाद जब परिजनों ने उसका मोबाइल देखा तो उसमें एक ऐसा वीडियो मिला, जिसने पूरे मामले को रहस्यमय बना दिया। वीडियो में युवक ने दो युवतियों समेत तीन लोगों को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि वह मानसिक प्रताड़ना से टूट चुका है।

गौतमबुद्धनगर के सोरखा गांव निवासी 32 वर्षीय दीपक बरेली में रहकर फार्मा संबंधी प्रशिक्षण ले रहा था। मौत से पहले बनाए गए वीडियो में उसने सुमित, काजल और शिवानी नाम के लोगों पर गंभीर आरोप लगाए। वीडियो में दीपक बेहद परेशान दिखाई दे रहा है और कह रहा है कि लगातार मानसिक दबाव और तनाव की वजह से वह यह कदम उठा रहा है।

**प्रेम संबंध बना तनाव की जड़, दूसरे रिश्तों पर हुआ था विवाद**

मृतक के भाई राहुल कुमार ने बताया कि दीपक का नामजद युवतियों में से एक के साथ प्रेम संबंध था। दोनों सहमति से साथ रह रहे थे। परिजनों का आरोप है कि युवती के अन्य लोगों से भी संबंध थे, जिसको लेकर पिछले कुछ समय से दीपक तनाव में था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया था। परिवार को शक है कि यही विवाद आखिरकार मौत की वजह बन गया।

परिजनों के मुताबिक दीपक ने तीन दिन पहले ही अपना किराये का कमरा बदला था। इसके बाद अचानक उसकी मौत की खबर आई। स्थानीय लोगों ने परिवार को सूचना दी, जिसके बाद परिजन बरेली पहुंचे। कमरे से मिले वीडियो और हालात ने परिवार के शक को और गहरा कर दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम में ब्रेन हेमरेज जैसी स्थिति सामने आई है।

# रीलबाज दरोगा लाइन हाजिर, वसूली और महिला केस में लापरवाही पर दो सस्पेंड

जागरण मोर्चा

**बरेली।** एसएसपी अनुराग आर्य ने पुलिस महकमे में ऐसा डंडा चलाया कि तीन दरोगाओं की कुर्सियां हिल गईं। किसी पर सोशल मीडिया पॉलिसी तोड़कर वर्दी की साख पर दाग लगाने का आरोप लगा तो कोई युवक को थाने में बैठाकर 50 हजार रुपये वसूलने के आरोप में फंस गया। महिला संबंधी शिकायत में कार्रवाई दबाने वाले दरोगा पर भी एसएसपी ने बिना देर किए सस्पेंशन की गाज गिरा दी। एक ही दिन में हुई ताबड़तोड़ कार्रवाई के बाद पुलिस लाइन से लेकर थानों तक हड़कंप मचा रहा।

इंस्टाग्राम की रील ने बिगाड़ दिया पूरा खेल

पहला मामला फरीदपुर थाने में तैनात दरोगा शुभम सोम से जुड़ा है। पुलिस अफसरों के संज्ञान में आया कि “si_shubh_thakur” नाम की इंस्टाग्राम आईडी से सोशल मीडिया पॉलिसी-2023 के खिलाफ पोस्ट डाली जा रही थीं। जांच में यह आईडी दरोगा शुभम सोम की निकली। मामला सामने आते ही एसएसपी अनुराग आर्य ने सख्त रुख दिखाया और दरोगा को तत्काल लाइन हाजिर कर दिया। साथ ही पूरे मामले की जांच बैठा दी गई। पुलिस महकमे में चर्चा रही कि सोशल मीडिया पर वर्दी का रौब दिखाने और लाइक्स बटोरने का शौक अब कई पुलिसकर्मियों पर भारी पड़ सकता है।

**युवक को थाने में बैठाया, पीटा और 50 हजार लेकर छोड़ा**

दूसरा मामला प्रेमनगर थाने का है, जिसने पुलिस विभाग की किरकिरी करा दी। भमोरा क्षेत्र के राहुल शंखधार ने आरोप लगाया कि प्रेमनगर थाने में तैनात दरोगा शुभम चौधरी ने उसे अवैध रूप से हिरासत में रखा। आरोप है कि दरोगा ने युवक के साथ मारपीट की और फिर 50 हजार रुपये लेकर सादे कागज पर हस्ताक्षर करा दिए। मामला जब एसएसपी तक पहुंचा तो अफसरों में खलबली मच गई। आरोपों को गंभीर मानते हुए एसएसपी ने दरोगा को तत्काल निलंबित कर दिया। पूरे मामले की गहन जांच शुरू कराई गई है।

**महिला की शिकायत दबाई, अब खुद नप गए दरोगा**

तीसरा मामला महिला सुरक्षा से जुड़ा है। हाफिजगंज क्षेत्र की एक महिला ने शादी समारोह में छेड़खानी, पीछा करने और मोबाइल तोड़ने की शिकायत पुलिस से की थी। जांच की जिम्मेदारी दरोगा चन्द्रपाल सिंह को दी गई थी, लेकिन आरोप है कि उन्होंने एफआईआर दर्ज नहीं की और मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। पीड़िता को इंसाफ के लिए अफसरों तक पहुंचना पड़ा। मामला खुलते ही एसएसपी ने दरोगा को निलंबित कर विभागीय जांच बैठा दी।

**एसएसपी का साफ संदेश- वर्दी में मनमानी नहीं चलेगी**

एसएसपी अनुराग आर्य ने साफ संकेत दे दिए हैं कि पुलिस विभाग में भ्रष्टाचार, महिला मामलों में लापरवाही, अनुशासनहीनता और वर्दी की छवि खराब करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। सोमवार की कार्रवाई के बाद पूरे पुलिस महकमे में यह संदेश साफ पहुंच गया कि अब शिकायतों पर सीधे और सख्त एक्शन होगा।

**नारेबाजी** चिकना घड़ा लेकर पहुंचे दफ्तर, बोले- अफसरों को जनता की नहीं परवाह

# बिजली कटौती पर फूटा सपाइयों का गुस्सा

जागरण मोर्चा कार्यालय


प्रदर्शन करते समाजवादी कार्यकर्ता। -**जागरण मोर्चा**

**बरेली।** भीषण गर्मी और लगातार हो रही बिजली कटौती के खिलाफ सोमवार को समाजवादी पार्टी ने बिजली विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। सपा के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष हैदर अली के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विद्युत निगम कार्यालय पहुंचकर अनोखा 'चिकना घड़ा' प्रदर्शन किया। सफेद घड़े हाथों में लेकर पहुंचे सपाइयों ने विभागीय अफसरों पर जनता की समस्याओं को अनसुना करने का आरोप लगाया और जमकर नारेबाजी की।

सपा नेताओं का कहना था कि जिले के ग्रामीण और शहरी इलाकों में घंटों अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। उमस भरी गर्मी में लोग रातभर जागने को मजबूर हैं, लेकिन विभागीय अधिकारी फोन तक उठाने को तैयार नहीं हैं। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग जनता की परेशानी से पूरी तरह बेपरवाह हो चुका है।

**घड़ों पर लिखे नारे, अफसरों की कार्यशैली पर तंज**

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता अपने साथ सफेद घड़े लेकर पहुंचे, जिन पर विभागीय लापरवाही को लेकर नारे लिखे गए थे। सपाइयों ने कहा कि अधिकारी “चिकने घड़े” बन चुके हैं, जिन पर जनता की शिकायतों का कोई असर नहीं पड़ रहा। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य अभियंता को ज्ञापन सौंपकर तत्काल बिजली व्यवस्था सुधारने की मांग उठाई। हैदर अली ने कहा कि लगातार बिजली कटौती से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। छोटे दुकानदारों और व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। बुजुर्ग और बीमार लोग सबसे ज्यादा परेशान हैं। कई इलाकों में बिजली न आने से पानी की सप्लाई भी ठप हो रही है, जिससे लोगों का गुस्सा लगातार बढ़ता जा रहा है।सपा नेताओं ने ज्ञापन में अघोषित बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। साथ ही खराब ट्रांसफार्मरों को तुरंत बदलने, जर्जर लाइनों की मरम्मत कराने और विभागीय हेल्पलाइन को पूरी तरह सक्रिय करने की बात कही। अधिकारियों द्वारा फोन न उठाने की शिकायतों पर कार्रवाई की मांग भी उठाई गई।

**आवश्यकता है**

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें। मोबाइल नंबर– 7906815587, 9758444242


**एक नजर**

### रजा बिजलीघर की बंद रहेगी 4 घंटे को बिजली

**रामपुर**। उपखंड अधिकारी तकनीकी एमबी सिंह ने बताया कि 33/11 केवी रजा इंटर कालेज उपकेंद्र के 11केवी नालापार व मोरी गेट फीडर पर बिजनेस प्लान के अंतर्गत जर्जर पोल बदलने का कार्य कराया जाएगा। इसलिए आपूर्ति सुबह 10 बजे से 2 बजे तक मोरी गेट, मिस्टन गंज, ठोठर, हजरतपुर, किशनपुर अटारिया, नालापार क्षेत्र के उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।



# जिला अस्पताल की पर्चा कनेक्टिविटी ठप, बिना उपचार कराए लौटे मरीज

## दो घंटे ठप रही कनेक्टिविटी, नहीं हो सके पंजीकरण मरीज हुए परेशान

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर**। जिला अस्पताल में सोमवार पर्चा काउंटर कनेक्टिविटी ठप होने से मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह करीब 9:30 बजे सर्वर में खराबी आई। जिससे नए मरीजों के पंजीकरण दो घंटे तक रुके रहे। सर्वर ठीक होने के बाद ही पंजीकरण शुरू हुए। कई मरीज ऐसे भी थे, जिनका पर्चा देर से बनने के कारण डॉक्टर की ओपीडी का समय समाप्त हो गया और उन्हें बिना इलाज दिखाए वापस लौटना पड़ा।

भीषण गर्मी के कारण जिला अस्पताल में सुबह 8 बजे से ही ओपीडी में मरीजों की लंबी कतारें लग जाती हैं। पंजीकरण काउंटरों पर कार्यरत कर्मचारियों ने बताया कि इन दिनों उन पर काफी काम का बोझ है। गर्मी के मौसम में प्रतिदिन लगभग एक हजार नई ओपीडी हो रही हैं। इतनी भीड़ का प्रबंधन करना और सभी का पंजीकरण कर पर्चा बनाना भीषण गर्मी में एक बड़ी चुनौती है।



जिला अस्पताल के पर्चा काउंटर खड़े मरीज। –जागरण मोर्चा

**पर्चा काउंटरों की बढाई जाए संख्या**

पर्चा बनवाने के लिए लाइन में खड़े मरीजों, जिनमें महिलाएं, युवा और बुजुर्ग ने बताया कि अस्पताल में अत्यधिक गर्मी है। उन्होंने गर्मी से बचाव के लिए अतिरिक्त पंखे लगाने और काउंटरों की संख्या बढ़ाने की मांग की। मरीजों ने यह भी सुझाव दिया कि सर्वर डाउन होने की स्थिति में पंजीकरण की कोई वैकल्पिक व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि मरीजों को समय पर पर्चा मिल सके और वे डॉक्टर को दिखा सकें।

> सर्वर कुछ देर के लिए डाउन हुआ था, जिससे थोड़ी परेशानी हुई। हालांकि, बाद में सर्वर ठीक हो गया और मरीजों का पंजीकरण दोबारा शुरू हो गए। उन्होंने यह भी कहा कि जिन मरीजों को आज पर्चा बनवाने में देरी हुई, वे अगले दिन आकर डॉक्टर को दिखा सकते हैं और दवा ले सकते हैं। – **बीसी सक्सेना, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक।**

### पालिका में आज होगी राधा रोड की दुकानों की नीलामी

**रामपुर**। राधा रोड स्थित नगर पालिका परिषद बनाई गई 17 दुकानों की नीलामी पालिका में आज होगी। मालूम हो कि नीलामी के लिए 19 मई तय की गई थी। लेकिन नीलामी में लोगों के नहीं पहुंचने पर दोबारा से अग्रिम तिथि 26 मई को निर्धारित की गई है।

सम्पत्ति विभाग के अधिकारियों के अनुसार राधा रोड स्थित 17 दुकानें है। जिसमें सामान्य के लिए 11, अनुसूचित जाति, अनु जनजाति 3, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 2, दिव्यांग वर्ग के लिए 1 दुकान आरक्षित की गई है। सम्पत्ति लिपिक अफजल समीर ने बताया कि दुकानों की नीलामी 26 को पालिका के सभागार में होनी है। इसके लिए पांच लाख रूपये पालिका के कोष में जमा करना अनिवार्य है। इसको लेकर पालिका के अधिकारियों ने तैयारियां शुरू कर दी है।

## जेल में बंद अब्दुल्ला आजम से मिलने पहुंची तजीन फात्मा



जिला कारागार से बाहर आतीं पूर्व सांसद। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर**। जिला कारागार में बंद पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम से सोमवार को पूर्व सांसद डॉ.तजीन फात्मा, जिलाध्यक्ष के संग जेल पहुंची। जहां उन्होंने अब्दुल्ला आजम से मुलाकात की। दो पैनकार्ड मामले में अपील खारिज होने, सपा नेता आजम खां की सजा और जुर्माना बढ़ाए जाने आदि मुकदमों की पैरवी को लेकर बातचीत हुई। जिलाध्यक्ष अजय कुमार सागर ने बताया कि अपील खारिज और हाइकोर्ट में अपील लगाने को कहा। इस अवसर पर अब्दुल्ला आजम के दोस्त सालिम आदि मौजूद रहे।

**दो पासपोर्ट में 29 का आ सकता है फैसला**

**रामपुर**। अब्दुल्ला आजम के दो पैनकार्ड में सात साल की सजा के खिलाफ अपील पर बहस पूरी हो गई है। इस मामले में 29 मई को फैसला आएगा। दिसंबर में मजिस्ट्रेट कोर्ट ने दोषी पाते हुए 7 साल की सजा 50 हजार का जुर्माना सुनाया था। सरकारी वकील ने सजा बढ़ाने की मांग करते हुए कोर्ट में अर्जी दी थी। जिस पर कोर्ट ने प्रशासन से अब्दुल्ला का नामाकन पत्रावली तलब की है। जिसमें 12 जून को सुनवाई होगी।

## रीवा में जैन साध्वियों की सड़क दुर्घटना में हुई मौत का जताया विरोध

- **बिलासपुर में जैन समाज ने एसडीएम की मार्फत प्रधानमंत्री को भेजे पत्र**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर**। मध्यप्रदेश के रीवा में जैन साध्वियों की हुई एक सड़क दुघर्टना में मौत से नाराज़ स्थानीय जैन समाज ने विरोध जताया और प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर जैन साधु-साध्वियों की सुरक्षा प्रोटोकॉल सुनिश्चित करने, दुर्घटना की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों को कड़ी सजा दिए जाने की मांग की। दिगंबर जैन समाज व भारतीय जैन मिलन से जुड़ी दो सामाजिक संस्थाएं सोमवार की दोपहर स्थानीय तहसील पहुंची और उप जिलाधिकारी अरुण कुमार से मिली।

इस दौरान दोनों ही संस्थाओं ने अपने दो ज्ञापन सौंपें। उन्होंने बताया कि रीवा मध्य प्रदेश में जैन साध्वियों के विवाह के समय हुई सुरक्षा में चूक के कारण बड़ी ह्रदयविदारक दुर्घटना हुई।जिसमें दो जैन आर्यिका श्रुतमति माताजी एवं उपशमन ती माताजी की सड़क दुर्घटना में आकस्मिक मृत्यु हो गई।इस भीषण दुर्घटना से संपूर्ण जैन समाज में गहरा शोक और भारी आक्रोश है। उन्होंने कहा एक तेज रफ्तार कार ने साध्वियों को टक्कर मारी और आरोपी चालक बिना रुके कार लेकर भाग गया। उन्होंने कहा जैन साधु पूर्णतः अपरिग्रही होते हैं और आजीवन पैदल ही पद विहार करते है।उनकी मांग है कि मामले को संवेदनशीलता से होते हुए पूरे देश में पद विहार कर रहे जैन साधु-साध्वियों की सुरक्षा का प्रोटोकॉल सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कड़े निर्देश जारी करें इससे इस प्रकार की दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।साथ ही इस दुर्घटना की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों को कड़ी सजा दी जाए।इस मौके पर संदेश कुमार जैन,हिमांशु जैन, विनोद जैन,नरेश कुमार जैन,प्रिया जैन,शालिनी जैन,संदीप कुमार जैन,पवन जैन,रोहन जैन, शशांक जैन, धर्मपाल जैन, दिव्यांश जैन, दिनेश जैन,सीमा जैन आदि मौजूद रहे।

## घर से फरार हुई युवतियों को पुलिस ने ढूंढ निकाला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैदनगर**। अजीमनगर थाना क्षेत्र में घर से फरार हुई किशोरी और युवतियों को पुलिस ने ढूंढ निकाला। पुलिस ने एक आरोपी युवक को भी गिरफ्तार किया है। मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव से जुड़ा हुआ है। थाना क्षेत्र में युवतियों और किशोरियों लगातार गायब हो रही हैं। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 12 वर्षीय किशोरी को एक युवक एक दिन पहले ही बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था। परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत के 5 घंटे बाद ही पुलिस ने किशोरी और आरोपी को बरामद कर लिया। दूसरा मामला खौद चौकी क्षेत्र के गांव का था। 5 दिन पूर्व एक किशोरी को पड़ोसी गांव का युवक अपने झांसे में लेकर भगा ले गया था। पुलिस ने सोमवार को उस किशोरी को भी बरामद कर लिया है।

तीसरा मामला थाना क्षेत्र के हल्का नंबर एक से जुड़ा हुआ था। एक माह पहले गांव निवासी युवती पड़ोसी गांव के अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई थी। युवती के परिजनों ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। सोमवार को युवती को पुलिस ने बरामद कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा बरामद की गई किशोरी और युवती को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया है। इस दौरान पुलिस ने मिलक मिर्जा निवासी युवक फैजान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल ने बताया किशोरी और युवती को बरामद कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## दुकान के शटर का ताला तोड़कर चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर**। दुकान के शटर का ताला तोड़कर सामान चोरी करने वालों को लोगों ने दबोच लिया। दोनों की धुनाई कर उन्हें पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर उनका चालान किया है। मोहल्ला लक्ष्मीनगर निवासी पेंट व्यवसायी कैलाश चन्द्र अग्रवाल तड़के 4 बजे अपने बेटे मोहित कुमार के साथ टहलने निकले थे।जब वे नगर में ही स्थित अपनी पेंट की दुकान के पास पहुंचे, तो उन्हें दुकान के पिछले गेट का ताला टूटा हुआ और दरवाजा खुला मिला।अनहोनी की आशंका होने पर जैसे ही पिता-पुत्र गेट की तरफ बढ़े, दुकान के अंदर से दो युवक सामान समेटकर भागने लगे। व्यापारी कैलाश चन्द्र और उनके बेटे मोहित ने शोर मचाते हुए भाग रहे चोरों का पीछा किया।कुछ ही दूरी पर उन्हें दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों की लोगों ने जमकर धुनाई लगाई। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस दोनों आरोपियों को भीड़ से छुटाकर अपने साथ ले आई। यहां दोनों आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर उनका चालान कर दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि आरोपी अमन निवासी सोमवार का बाजार और तौसिफ निवासी लक्ष्मीनगर को हजारों रुपये के कीमती पेंट के साथ पकड़ा गया है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। –जागरण मोर्चा

## रेल लाइन की मांग को लेकर युवक ने खून से लिखा पत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद**। क्षेत्र के पिछड़ापन को दूर करने के लिए शाहबाद के युवक ने अपने खून से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर शाहबाद में रेल लाइन की मांग उठाई है। शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुमित कश्यप ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर शाहबाद क्षेत्र में रेल लाइन बिछाने की मांग उठाई है। इसके साथ ही इस मांग को जन-जन तक पहुंचाने और सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए पत्र लिखने की मुहिम भी शुरू कर दी गई है। सोमवार की शाम मीडिया ऑफिस में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सुमित कश्यप ने कहा कि शाहबाद क्षेत्र लंबे समय से रेल सुविधा से वंचित है। रेल लाइन न होने के कारण क्षेत्र के लोगों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यदि शाहबाद में रेल लाइन की सुविधा मिलती है तो इससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी और लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। सुमित कश्यप ने बताया कि उन्होंने अपने खून से पत्र लिखकर प्रधानमंत्री भारत सरकार से शाहबाद क्षेत्र की समस्याओं और रेल लाइन की आवश्यकता पूरी करने की मांग की है। साथ ही क्षेत्र के लोगों से भी इस मुहिम में जुड़ने की अपील की गई है ताकि सरकार तक क्षेत्र की आवाज मजबूती से पहुंच सके। मीडिया ऑफिस में शुरू हुई इस मुहिम में कई पत्रकार और स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।सभी ने एक स्वर में शाहबाद में रेल लाइन की मांग को जायज बताते हुए सरकार से जल्द सकारात्मक कदम उठाने की मांग की। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने कहा कि रेल सुविधा मिलने से क्षेत्र में व्यापार, शिक्षा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। सुमित कश्यप ने कहा कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और जरूरत पड़ने पर जनप्रतिनिधियों व संबंधित विभागों से मिलकर भी क्षेत्र की मांग रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि शाहबाद के विकास के लिए रेल लाइन बेहद जरूरी है और इसके लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।



खून से पत्र लिखता युवक।

## देर रात वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ग्रामीणों के बीच हुआ जमकर हंगामा

- **दो ग्रामीण हुए घायल,वीडियो बनाने के शक में मारपीट करने का लगाया आरोप**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार**। कोतवालीक्षेत्र के मुंशीगंज गांव के तिराहे पर रविवार देर रात पुलिस और ग्रामीणों के बीच जमकर विवाद हो गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस वालों ने बिना वजह डंडों से मारपीट कर दी, जिससे दो युवक घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर हंगामा खड़ा हो गया और ग्रामीणों ने पुलिस कार्रवाई का विरोध शुरू कर दिया। बाद में ग्राम प्रधान सहित संभ्रांत लोगों ने बीच में पड़कर मामला शांत कराया।

जानकारी के अनुसार रविवार रात करीब साढ़े दस बजे भीषण गर्मी के चलते कई ग्रामीण तिराहे पर स्थित एक दुकान के बाहर बैठे थे। आरोप है कि इसी दौरान कुछ दूरी पर पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। आरोप है कि तभी एक दरोगा और पुलिस कर्मी वहां पहुंचे और युवकों पर वीडियो बनाने का शक जताते हुए डंडों से मारपीट शुरू कर दी। घटना से अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई।मारपीट में गांव के ही आसिम और बबलू घायल हो गए। ग्रामीणों के अनुसार आसिम पहले से ही गुर्दे की गंभीर बीमारी से पीड़ित है। आरोप है कि बीमारी के बावजूद उसे भी पुलिस कर्मियों ने नहीं बख्शा।घटना के बाद गांव में काफी देर तक तनाव की स्थिति बनी रही।

ग्राम प्रधान मोहम्मद आरिफ, मोहब्बे अली, मुजफ्फर, मतलब मोहम्मद, अहमद और आले नबी समेत अन्य लोग सोमवार को ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल कोतवाली पहुंचा और प्रभारी निरीक्षक अनुपम शर्मा से शिकायत की। कोतवाल ने पूरे मामले को गंभीरता से सुना। इसके बाद आरोपी सिपाही सुमित कुमार को संबंधित हल्के से हटा दिया गया, जिसके बाद ग्रामीण वापस लौट गए।

### अमरोहा के युवक की रामपुर में मौत

**रामपुर**। दिल्ली–लखनऊ हाईवे–9 पर सोमवार तड़के हुए सड़क हादसे में अमरोहा निवासी 28 वर्षीय बुटीक कारोबारी अभिनव दुआ की मौत हो गई। पता चला है कि अभिनव दुआ अपने लगभग दस दोस्तों के साथ अमरोहा से नैनीताल घूमने जा रहे थे।थाना सिविल लाइन क्षेत्र में दिल्ली–लखनऊ हाईवे–9 पर उनकी बुलेट बाइक अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक डिवाइडर से करीब बीस फीट दूर जा गिरी।उसके परखच्चे उड़ गए। हादसे में अभिनव गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर थाना सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया।मृतक के परिजनों को हादसे की जानकारी दी। मोर्चरी पहुंचे मृतक के पिता जगदीश दुआ ने पुलिस को लिखित पत्र देकर पोस्टमार्टम और किसी भी कानूनी कार्रवाई से इंकार कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव बिना पोस्टमार्टम कराए परिजनों को सौंप दिया।






**छापेमारी** कारोबारियों से साफ–सफाई बनाए रखने की अपील

## मीट की दुकानों में छापेमारी, धड़ाधड़ गिरे शटर



दोमहला रोड स्थित दुकानदार से बातचीत करते खाद्य सुरक्षा अधिकारी।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर**। जिला खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने कोतवाली पुलिस के साथ मीट दुकानों पर छापेमारी की। खाद्य विभाग की टीम ने मीट कारोबारियों के लाइसेंस भी चेक किए। वहीं छापेमारी होने से अन्य कारोबारियों में खलबली मची रही। कई तो दुकानों के शटर गिराकर रफूचक्कर हो गए।

सहायक आयुक्त सुनील कुमार शर्मा के दिशा निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम सड़कों पर उतर आई। टीम ने शाहबाद गेट, हामिद स्कूल, दोमहला रोड समेत अन्य स्थानों पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान टीम ने कारोबारियों से कहा कि दुकान में साफ-सफाई, मीट को ढककर ही बेचे। उधर छापेमारी होने से अन्य दुकानदार शटर गिराकर मौके से फरार हो गए। सहायक आयुक्त ने बताया कि कारोबारियों को जागरूक कर दुकानों के अंदर साफ-सफाई करने के लिए जागरूक किया गया।

**मीट की दुकानों के संचालन करने की यह हैं शर्ते**

दुकान किसी भी धार्मिक स्थल के मुख्य द्वार से कम से कम 100 मीटर दूर होनी चाहिए। यह सब्जी की दुकानों के पास नहीं होनी चाहिए।दुकान पक्की होनी चाहिए। अंदर हवादार व्यवस्था, स्टील के औजार और टाइल्स लगी होनी चाहिए। मीट को खुले में लटकाना प्रतिबंधित है। दुकान के बाहर गहरे रंग के शीशे या पर्दे लगे होने चाहिए, ताकि अंदर रखा या काटा गया मीट बाहर से दिखाई न दे।दुकानदारों और कर्मचारियों का हर 6 महीने में मेडिकल चेकअप होना अनिवार्य है।

## परीक्षा तिथि आगे बढ़वाने को समाजिक कार्यकर्ता ने लिखा पत्र



**रामपुर।** छात्र प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता सैयद मोहतशम ने महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय प्रशासन से ईद-उल-अजहा के दिन आयोजित होने वाली एलएलबी सेमेस्टर परीक्षाओं की तिथि आगे बढ़ाने की मांग की है।
सैयद मोहतशम द्वारा विश्वविद्यालय के कुलपति को पत्र भेजकर विद्यार्थियों की समस्याओं के बारे में बताया गया। सैयद मोहतशम ने कहा कि ईद उल अजहा मुस्लिम समाज का एक अत्यंत महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व है, जिसे पूरे देश में धार्मिक आस्था और पारंपरिक तरीके से मनाया जाता है। ऐसे में मुस्लिम विद्यार्थियों के लिए उसी दिन परीक्षा में शामिल होना अत्यंत कठिन और असुविधाजनक होगा। उन्होंने कहा कि बहुत सारे छात्र-छात्राएं मानसिक तनाव में हैं और विश्वविद्यालय प्रशासन से राहत की उम्मीद कर रहे हैं। छात्र नेता सैयद मोहतशम ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सभी धर्मों की भावनाओं का सम्मान करना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि परीक्षा की तिथि आगे बढ़ा दी जाती है तो सभी विद्यार्थी बिना किसी दबाव और परेशानी के परीक्षा दे सकेंगे।

# ईद उल अजहा को लेकर पालिका प्रशासन ने कराई ईदगाह में साफ-सफाई

## 28 मई को जनपद में मनाया जाएगा ईद का पर्व , तैयारियां पूर्ण

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** ईद उल अजहा को लेकर पालिका प्रशासन ने माला रोड स्थित ईदगाह में साफ-सफाई और घास कटाई का कार्य कराया गया। साफ-सफाई के लिए 12 कर्मियों को लगाया गया है। सोमवार को ईदगाह में साफ-सफाई, धुलाई, घासों की कटाई कराने के बाद नमाज अदा करने के लिए सफें बनाई गई है। 28 मई को जनपद में ईद उल अजहा का पर्व है। इसको लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। इसको लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट लगाए गए है। जोकि शहर में तैनात रहेंगे। ईद-उल-अजहा को लेकर नगरपालिका ने ईदगाह के मैदान में विशेष सफाई अभियान चलाया। इस दौरान कूड़ा-करकट उठवाया गया। साफ-सफाई सेकेट्री जामा मस्जिद मुकर्रम रजा इनायती की देखरेख में कराया गया।



माला रोड स्थित ईदगाह में साफ-सफाई करते पालिका कर्मी।

**एसपी से मिले उलेमा**

रामपुर।ईद उल अजहा को लेकर सोमवार को पुलिस अधीक्षक से उलेमा ने मुलाकात की। एसपी ने कहा कि आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाए। न कोई परपंरा न डाली जाए। अगर कोई शिकायत हो तत्काल सूचित करें। मौलवी नासिर खां ने एसपी से कहा कि हर साल की तरह इस साल भी पर्व मनाया जाएगा। हमारी ओर से पहले अपील कर दी गई है कोई नई परपंरा नहीं डाली जाए। कुर्बानी के जानवर को सड़क पर न बांधे। प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न करें। एसपी से मिलने वालों में शहर इमाम मौलवी नासिर खां, नायब इमाम शहर मौलवी फैजान खां, सेकेट्री जामा मस्जिद मुकर्रम रजा इनायती, मौलाना अंसार आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### छात्राओं ने सीखे जीवन कौशल



शिविर में हिस्सा लेते छात्र-छात्राएं।

**मिलक।** श्री गुरु अमर दास शिक्षा निकेतन बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित पांच दिवसीय स्काउट व गाइड तृतीय सोपान जांच शिविर का समापन रविवार को बड़े उत्साह के साथ हुआ। शिविर का उद्देश्य छात्राओं में आत्मनिर्भरता, टीम भावना और देशभक्ति को बढ़ावा देना था, जो पूरी तरह सफल रहा। जिला संगठन आयुक्त गाइड रामपुर नरवंत कौर ने छात्राओं को टेंट लगाना, गांठें बांधना, प्राथमिक चिकित्सा और बिना बर्तन के भोजन बनाने की कला सिखाई। इसके साथ मानचित्र पढ़ना, कंपास का प्रयोग, अनुमान लगाना और पायनियरिंग कार्य भी कराए गए। शिविर में शिष्टाचार, मार्च पास्ट, सामूहिक चर्चा और कैंप फायर का आयोजन हुआ। कैंप फायर में छात्राओं ने देशभक्ति गीत, लोक नृत्य और प्रेरक नाटक प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि श्री बृजेश, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस शिविर से छात्राओं में आत्मनिर्भरता, टीम वर्क और देशभक्ति की भावना जागृत हुई है। राष्ट्रगान के साथ शिविर का विधिवत समापन किया गया।

### शाहबाद अधिवक्ता के पुत्र पर बंदरो ने किया हमला,



घायल अधिवक्ता का पुत्र।

**शाहबाद।** तहसील परिसर में बंदरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को तहसील परिसर में बंदरों के झुंड ने अधिवक्ता के मासूम पुत्र पर हमला कर दिया, जिसमें मासूम बुरी तरफ जख्मी हो गया। सीएचसी पर बच्चे को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को शाहबाद के मोहल्ला फर्राशान निवासी अधिवक्ता तवक्कुल हुसैन तहसील परिसर स्थित अपने चैंबर में बैठे थे, उनके साथ उनका पुत्र शानज़ल हुसैन भीमौजूद था। इसी दौरान बंदरों के झुंड ने अधिवक्ता के चैंबर पर आकर धावा बोल दिया, बंदरो के काटने से अधिवक्ता का पुत्र शानज़ल गंभीर रूप से घायल हो गया। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर आस-पास के लोग दौड़े और बमुश्किल बंदरों को भगाया।अधिवक्ता तवक्कुल हुसैन खून से लथपथ बच्चों को लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने बच्चे को प्राथमिक उपचार दिया और एंटी-रेबीज का इंजेक्शन लगाया। बच्चे की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय रामपुर रेफर कर दिया है।

# अवैध वसूली के खिलाफ भाकिसं ने किया प्रदर्शन

- एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर की जांच की मांग

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** मंडी समिति में किसानों से कथित अवैध वसूली, अवैध रूप से संचालित साइकिल एवं बाइक स्टैंड तथा नियमों के विपरीत लगाए गए टीनशेडों के विरोध में भारतीय किसान संघ ने जोरदार प्रदर्शन किया। संगठन के जिलाध्यक्ष वीरेश शर्मा के नेतृत्व में किसान नेताओं ने मंडी परिसर पहुंचकर किसानों की समस्याओं को उठाया और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की।

भारतीय किसान संघ का आरोप है कि मंडी समिति में कुछ लोगों द्वारा किसानों के वाहनों से अवैध वसूली की जा रही है। इसके अलावा मंडी परिसर में अवैध रूप से साइकिल एवं बाइक स्टैंड संचालित कर किसानों से धनराशि वसूली जा रही है। साथ ही कुछ दबंगों द्वारा अवैध रूप से टीनशेड डालकर मंडी परिसर में कब्जा कर दुकानें संचालित किए जाने की शिकायत भी संगठन द्वारा उठाई गई। प्रदर्शन की सूचना पर उपजिलाधिकारी सदर गौरव कुमार तत्काल मौके पर पहुंचे और पूरे मामले का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। एसडीएम ने किसानों को आश्वस्त किया कि मंडी में किसी भी प्रकार की अवैध वसूली नहीं होने दी जाएगी और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाध्यक्ष वीरेश शर्मा ने कहा कि भारतीय किसान संघ किसानों के हक और अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और किसानों के साथ किसी भी प्रकार का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से मंडी परिसर में व्याप्त अव्यवस्थाओं को समाप्त कर किसानों को राहत दिलाने की मांग की।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकिसं के जिलाध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

**यह लोग रहे मौजूद**

प्रदर्शन करने वालों में सर्वेश कुमार, चंद्रपाल मौर्य, मिंटू तिवारी, सचिन शर्मा, संदीप शर्मा, टीटू पांडेय, अमन श्रीवास्तव, अनिल गंगवार, रूप प्रकाश, चेतराम मौर्य एवं वेदप्रकाश पासी आदि मौजूद रहे।

## खेत में पानी लगा रहे अधेड़ की हालत बिगड़ी, मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** नगर के मोहल्ला मंगोली निवासी अधेड़ की खेत में पानी लगाने के दौरान अचानक हालत बिगड़ गई, हालत बिगड़ने पर परिजन और आसपास काम कर रहे लोग उनको शाहबाद के निजी चिकित्सक के यहां लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उन्हें मुरादाबाद रेफर कर दिया। मुरादाबाद में अधेड़ की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने सोमवार को अधेड़ का अंतिम संस्कार कर दिया।

शाहबाद के मोहल्ला मंगोली निवासी प्रेमशंकर(50) रविवार को अपने खेत में पानी लगा रहे थे, पानी लगाने के दौरान अचानक उनकी हालत बिगड़ने लगी। आसपास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने परिजनों को सूचना दी। परिजन आनन फनान में प्रेमशंकर को लेकर शाहबाद के निजी चिकित्सक के यहां पहुंचे, लेकिन डॉक्टर ने उन्हें मुरादाबाद ले जाने की सलाह दी। जिसके बाद परिजनों द्वारा प्रेमशंकर को मुरादाबाद के वेदांता हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां रविवार रात 12 बजे प्रेमशंकर ने दम तोड़ दिया। अधेड़ की मौत की सूचना जैसे ही घर पहुँची, घर में मातम छा गया।परिजन प्रेमशंकर के शव को शाहबाद के मंगोली पहुंचे और सोमवार को उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। प्रेमशंकर ने अपने पीछे एक लड़का छोड़ा है। तहसीलदार अमित कुमार ने बताया कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है।

### आभा आईडी की प्रगति कम मिलने पर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति निकाय की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई।बैठक में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आभा आईडी की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आभा आईडी को सक्रिय करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण किया जाए। आभा आईडी की प्रगति अपेक्षाकृत कम पाए जाने पर एमओआईसी टाण्डा को सख्त चेतावनी जारी करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि मरीजों की जांच, डायग्नोस्टिक सेवाएं एवं उपचार संबंधी कार्य ई-सुश्रुत पोर्टल के माध्यम से ही सुनिश्चित कराए जाएं। उन्होंने कहा कि पोर्टल आधारित व्यवस्था से पारदर्शिता बढ़ेगी तथा बाहरी दवाएं लिखने जैसी समस्याओं पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सकेगा। उन्होंने वरिष्ठ कोषाधिकारी की अध्यक्षता में जांच समिति गठित करने के निर्देश दिए। शाहबाद क्षेत्र में अवैध अस्पतालों के विरुद्ध की गई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सील किए गए अस्पतालों के पुन : संचालित होने के मामले में शाहबाद एमओआईसी से जानकारी प्राप्त की तथा तीन दिन के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।राष्ट्रीय टीवी उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी नि :क्षय मित्रों के माध्यम से पात्र मरीजों को शत-प्रतिशत पोषण पोटली उपलब्ध कराई जाए। साथ ही मेडिकल स्टोर्स को भी अभियान से जोड़ते हुए टीवी रोगियों को पोषण सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, सम्बन्धित एमओआईसी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी। -जागरण मोर्चा

## आईआईएम अहमदाबाद में शावेज लतीफ रामपुर का करेंगे प्रतिनिधित्व

**रामपुर।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा भारतीय प्रबंध संस्थान, अहमदाबाद के सहयोग से संबंधित हितधारकों के क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम भारतीय प्रबंध संस्थान, अहमदाबाद में किया जाना प्रस्तावित है।जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में कार्यरत शावेज लतीफ को उनकी सेवा में उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए अंतिम रूप से चयनित किया गया है। शावेज ने अपने सेवा कार्यकाल में परीक्षा प्रभारी, मूल्यांकन प्रभारी, सेवारत प्रशिक्षण प्रभारी के रूप में सभी दायित्वों का निर्वहन किया है। इसके अतिरिक्त आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान द्वारा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के कक्षा 9 से कक्षा 12 के लिए विकसित टीचर्स गाइड के लेखन मंडल में लेखक के रूप में कार्य किया है।डीएलएड प्रशिक्षण कोर्स के लिए नए सिरे से तैयार किए गए,अंग्रेजी विषय के पाठ्यक्रम को तैयार करने के लिए गठित लेखक मंडल में लेखक के रूप में कार्य किया है। सीटीई, लखनऊ द्वारा विकसित आईसीटी मॉड्यूल ई-प्रवाह के लिए भी लेखन कार्य किया है। इससे पूर्व शावेज द्वारा लिखित शोधपत्र केरला सीमैट द्वारा जारी किया जा चुका है। शावेज हिन्दी सिनेमा के लिए लेखक व समीक्षक के रूप में का हिन्दी व अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में सक्रिय रूप से लेखन कार्य करते हैं। डायट प्राचार्य अशोक कुमार व साथी प्रवक्ता प्रेमचंद कुमार, श्याम रस्तोगी, बृजराज किशोर व सचिन गौतम ने शावेज को बधाई दी।



### रोडवेज बस अड्डे पर पिलाया शीतल जल

**रामपुर।** स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश के द्वारा रोडवेज बस स्टैंड में दस दिवसीय निशुल्क शीतल जल सेवा शिविर के पांचवें दिन स्काउट और गाइड द्वारा भीषण गर्मी में राहगीर और यात्रियों को शीतल जल पिलाया गया। शिविर 21 मई से 30 मई तक लगातार भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के द्वारा आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर बलराम सिंह जिला मुख्य आयुक्त, बृजेश कुमार प्रादेशिक सहायक आयुक्त मंडल मुरादाबाद,अवतार सिंह उपाध्यक्ष भारत स्काउट गाइड, अध्यक्ष वीर खालसा सेवा समिति, ओम प्रकाश सैनी जिला सचिव, अनिल कुमार शर्मा, जीतू कुमार, रूपा अग्रवाल, राजेंद्र कौर प्रधानाचार्या, एसजे एस, जमाल फातिमा, निखत परवीन, अंकित रस्तोगी, अमनदीप सिंह, वीरवती कश्यप, डॉ.अनूप सिंह, सेवा सिंह, मनोज कुमार, साक्षी शर्मा, हीराकली, शम्सी बी आदि मौजूद रहे।

## 'गतिविधियों को बल देने के लिए बनाए रखें एकजुटता'

- राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद मलेरिया फाइलेरिया कार्यालय में हुई बैठक

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश की बैठक मलेरिया फाइलेरिया कार्यालय में सम्पन्न हुई। जिला अध्यक्ष पंडित राम बाबू शर्मा ने कहा है कि सभी विभागों के कर्मचारियों सहित शिक्षक तथा कर्मचारी राष्ट्रीय जनगणना के कार्यक्रम के पूरे मनोयोग से प्रथम चरण मकान सूचीकरण का कार्य कर रहे हैं। जिसमें भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार चिलचिलाती तपती धूप में सभी महिला व पुरुष कर्मचारी गण अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। साथ ही साथ आमजनों से भी अपील है कि वह भी इन कार्मिकों के साथ समुचित व्यवहार करते हुए बैठने, पानी को भी पूछ लें।

जिससे कि कार्मिकों का मनोबल भी बढ़ सके। इस अवसर पर जिला मंत्री जगदीश पटेल ने कहा कि कर्मचारी अपने दायित्वों के साथ साथ सांगठनिक गतिविधियों को बल देने के लिए एकजुटता बनाएं रखें। प्रांतीय नेतृत्व की पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर के आगामी रणनीति के लिए तैयार रहें। संचालन जिला मंत्री जगदीश पटेल ने किया। इस अवसर पर मुराद खान, दिलशाद अली पाशा, मोहम्मद जुहैब, टीटू कश्यप, मनोज कुमार सक्सेना, अमित कुमार केवट, विमल द्राविड़, जोगेंद्र कुमार लोधी, रघुवीर शरण, राजबीर सिंह, अरुण कुमार आदि उपस्थित रहे।




मलेरिया-फाइलेरिया विभाग के कार्यालय में आयोजित बैठक में शामिल जिलाध्यक्ष।

# शिक्षा और संगठन का रास्ता भगवान वाल्मीकि की उपासना: भीम अनार्य

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** वाल्मीकि समाज में शिक्षा और संगठन का रास्ता भगवान वाल्मीकि महाराज की उपासना से ही संभव है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोग भगवान वाल्मीकि के उपासक बने और रामायण का गंभीरता से अध्ययन करें।

उदगार भावाधस (भीम) के राष्ट्रीय प्रमुख धर्म गुरु वीरेश भीम अनार्य ने व्यक्त किए। स्थित वाल्मीकि धाम में विशाल भगवान वाल्मीकि उपासना सभा को संबोधित कर रहे थे।भावाधस (भीम) के 62 वें स्थापना दिवस पर बड़ी संख्या में आए वीर, वीरांगनाओं को संबोधित करते हुए धर्मगुरु ने कहा की 24 मई 1964 को धम-समाज रूपी पौधा हमारे मनीषीयो ने लगाया था जिसे प्रथम आदि धर्म गुरु विकल जी महाराज ने वृक्ष बना दिया और देश के लगभग 15 प्रान्तों में इसे फैला दिया हम सहित सभी कथित धर्म गुरु इस फसल को काट रहे हैं।अनार्य ने कहा कि वाल्मीकि समाज मात्र भगवान वाल्मीकि के नाम पर ही संगठित हो सकता है। हम रामायण के माध्यम से शिक्षा संस्कृति सामाजिक न्याय और संगठन के महत्व को समझ सकते हैं यही सपना विकल महाराज ने देखा था जिसे भावाधस(भीम) साकार करने का प्रयास कर रहा है जिसमें भावाधस(भीम) परिवार के प्रत्येक सदस्य की अहम भूमिका है।प्रदेश कोषाध्यक्ष शंकर लाल (बबलू) ने वीरेश भीम अनार्य का पगड़ी शॉल एवं हार-फूल माला पहनकर स्वागत किया। शंकर(बबलू) ने कहा कि अनार्य ने श्रद्धा पर्व का आयोजन एवं आसमानी झंडा दिवस की स्थापना कर उत्तर प्रदेश का मान बढ़ाया है इस अवसर पर अमृत भोज का आयोजन हुआ। उपासना सभा में राकेश दानव, कैलाश एकलव्य, राजू अंबेडकर, रामगोपाल कटारिया, गुरमुख भारती, विजय अनार्य, जानू चौहान, रवि राज, राजपाल भारती, शरद राज, डीके भारती, राजेंद्र कुमार, दिलीप वाल्मीकि, रामपाल सिंह, अर्पित सिंह, जीत कुमार, डॉ. शर्मिष्ठा, बाला देवी, सुषमा अनार्य आदि लोग उपस्थित रहे। तथा एकलव्य वाल्मीकि, दिलीप वाल्मीकन एवं अभिषेक बाबू द्वारा भगवान वाल्मीकि के सुंदर भजनों का गुणगान किया गया अंत में प्रसाद वितरण किया गया।



भजन करते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

### कूप रामगंगा में उमड़ा आस्था का सैलाब

**मिलक।** ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाए जाने वाले गंगा दशहरा पर्व पर सोमवार को मिलक थाना क्षेत्र के ग्राम कूप स्थित रामगंगा नदी तट पर श्रद्धा का अद्भुत नजारा देखने को मिला। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने रामगंगा में स्नान कर मन्नतें मांगी और प्रसाद अर्पित किया।

सुबह से ही कूप घाट पर श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। स्नान के बाद लोगों ने दीपदान, पूजा-अर्चना और दान-पुण्य किया। धार्मिक मान्यता है कि गंगा दशहरा के दिन रामगंगा में स्नान और पूजा करने से व्यक्ति के पापों का नाश होता है और मनोकामनाएं पूरी होती हैं।नदी किनारे प्रसाद, बच्चों के खिलौने, चाट-पकौड़ी, बिसात खाने, जलेबी, छोले-चावल आदि की दुकानें सजी थीं। खरीदारी के लिए लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली, जिससे पूरा घाट मेला जैसा प्रतीत हो रहा था। भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए कोतवाली पुलिस बल रामगंगा किनारे तैनात रहा। गोताखोरों की टीम भी मुस्तैद थी ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।

**धार्मिक यात्रा** प्रभात फेरी समरसता का संदेश देती हुई आगे बढ़ी

# सत्संग ही वह शक्ति जो समाज को प्रेम के सूत्र में बांधकर पीढ़ी का निर्माण करती है

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** अधिक मास के पावन अवसर पर नगर में निकाली जा रही मधुर यात्रा अब केवल एक धार्मिक यात्रा न रहकर सनातन संस्कृति को जोड़ने वाला एक विराट जन आंदोलन बनती जा रही है।

सोमवार को प्रातः 6:30 बजे श्री हरिहर मंदिर से प्रारम्भ हुई यह प्रभात फेरी नगर की विभिन्न गलियों एवं मोहल्लों से होती हुई श्रद्धा, भक्ति और समरसता का संदेश देती रही।धार्मिक विद्वानों का मानना है कि वर्तमान समय में कथा, सत्संग और धार्मिक आयोजन ही समाज को जोड़कर रखने का सबसे प्रभावी माध्यम हैं।समाज जाति, वर्ग, भाषा और मतभेदों में बंटने लगता है, तब कथा मनुष्य को उसके मूल संस्कारों से जोड़ती है। कथा केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवन को संयम, सेवा, संस्कार और सद्भावना से भरने वाली आध्यात्मिक पाठशाला होती है।श्रीमद्भागवत एवं श्रीनाथ जी की रस कथा मनुष्य को प्रेम, करुणा, भक्ति और मानवता का संदेश देती है। कथा सुनने से मन में सकारात्मकता आती है, परिवारों में एकता बढ़ती है और समाज में धार्मिक चेतना जागृत होती है। यही कारण है कि सनातन परंपरा में कथा को आत्मशुद्धि और समाज निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम माना गया है। गौ सेवा परिवार द्वारा आयोजित इस प्रभात फेरी एवं कथा महोत्सव के माध्यम से नगरवासियों को यह संदेश दिया जा रहा है कि यदि सनातन समाज को संगठित रखना है तो धार्मिक आयोजनों से जुड़ना आवश्यक है। मंदिर, कथा, प्रभात फेरी और सत्संग ही वह शक्ति हैं जो समाज को प्रेम के सूत्र में बांधकर संस्कारित पीढ़ी का निर्माण करती हैं।प्रभात फेरी मे पंकज अग्रवाल, अर्पित खंडेलवाल, भव्य उप्पल, अचल अग्रवाल, पारुल अग्रवाल, कोमल मित्तल, अजय गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।



प्रभात फेरी में भजन गाते हुए चलते भक्त। -जागरण मोर्चा





## एक नजर

### प्रधानों को ही प्रशासक नियुक्त किए जाने मनाई खुशी

**रामपुर।** दिनभर के लम्बे इंतज़ार के बाद प्रधानों को ही प्रशासक नियुक्त किए जाने का शासनादेश जारी होने से मौजूदा प्रधानों ने ख़ुशी जाहिर की है।राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन के जिला उपाध्यक्ष व प्रवक्ता काशिफ खां ने प्रधानों को प्रशासक नियुक्त किए जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पंचायतीराज मंत्री ओम प्रकाश राजभर का आभार जताया है।काशिफ खां ने कहा कि आदेश देर रात्रि जारी हुआ है। मंगलवार को प्रधान एकत्र होकर सरकार के फैसले पर ख़ुशी जाहिर करेंगे और सरकार का व्यक्त करेंगे। काशिफ खां ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अखिलेश सिंह और प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा के प्रयासों और सरकार के साथ सकारात्मक संवाद के कारण प्रधानों के पक्ष में फैसला आया है।

# दफ्तरों के चक्कर काट रहे शुऐब को डीएम ने खुद सौंपा कार्ड

- शकील के बच्चों के आंखों के ऑपरेशन का रास्ता साफ

जागरण मोर्चा कार्यालय



बालक को आयुष्मान कार्ड देते डीएम। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** भीषण गर्मी के बीच जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी का सोमवार को आयोजित जनता दर्शन आमजन के लिए बड़ी राहत लेकर आया। जनसुनवाई के दौरान जहां एक ओर डीएम ने कड़े प्रशासनिक तेवर दिखाते हुए अधिकारियों को 'आयुष्मान भारत योजना' और 'अंत्योदय अन्न योजना' जैसी शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ तत्काल पात्रों तक पहुंचाने का निर्देश दिया, वहीं दूसरी ओर उनका एक बेहद मानवीय और स्नेहशील रूप भी देखने को मिला। कड़क मिजाज वाली प्रशासनिक छवि से अलग डीएम ने फरियादियों के साथ आए मासूम बच्चों को गुब्बारे और चॉकलेट बांटकर वहां मौजूद हर शख्स का दिल जीत लिया।तहसील सदर निवासी शुऐब खां लंबे समय से अंत्योदय राशन कार्ड बनवाने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे थे। सोमवार को जनता दर्शन में जब उन्होंने अपनी पीड़ा जिलाधिकारी के समक्ष रखी, तो डीएम ने मामले का तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने मौके पर ही जिला पूर्ति अधिकारी को कड़े निर्देश दिए। परिणाम यह रहा कि चंद घंटों के भीतर शुऐब का अंत्योदय कार्ड बनकर तैयार हो गया और जिलाधिकारी ने स्वयं अपने हाथों से उन्हें यह कार्ड सौंपा। उत्तर प्रदेश सरकार की सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत त्वरित निस्तारण का यह कदम विभागीय अधिकारियों के लिए भी एक नजीर बना।

**शकील के बच्चों की आंखों के ऑपरेशन की जागी आस**

जनसुनवाई के दौरान तहसील स्वार के ग्राम रूस्तमनगर से आए शकील अहमद की गुहार सुनकर वहां मौजूद लोग भावुक हो गए। शकील अपने दो बच्चों की आंखों के ऑपरेशन के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाने की उम्मीद लेकर पहुंचे थे। उन्होंने अपनी खराब आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए इलाज में असमर्थता जताई। जिलाधिकारी ने बिना कोई देरी किए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को 'आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' के तहत तत्काल कार्ड बनाने के निर्देश दिए। कार्ड बनने के बाद डीएम ने उन्हें अपने कार्यालय में बुलाकर स्वयं कार्ड प्रदान किया, जिससे अब उनके बच्चों के मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण इलाज का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है।

**जब गुब्बारे वाले से खरीदे गए गुब्बारे मासूमों के चेहरों की बने मुस्कान**

अक्सर सख्त मिजाज वाले प्रशासनिक महकमे के बीच रामपुर डीएम का एक अलग ही स्नेहशील व्यक्तित्व उभर कर सामने आया। पिछले समाधान दिवस पर जब एक गुब्बारे वाला अपनी शिकायत लेकर पहुंचा था, तो डीएम ने न केवल उसकी समस्या का त्वरित निदान कराया था, बल्कि उसके सारे गुब्बारे भी खरीद लिए थे।तब लोगों को यह वाक्य समझ नहीं आया था, लेकिन सोमवार के जनता दर्शन में इसका खूबसूरत परिणाम देखने को मिला। जनसुनवाई में जो भी फरियादी अपने छोटे बच्चों के साथ पहुंचे थेडीएम ने उन सभी मासूमों को वही गुब्बारे और चॉकलेट भेंट किए। गर्मी और परेशानी के बीच एक बड़े अधिकारी के इस अपनत्व भरे व्यवहार ने माहौल को पूरी तरह खुशनुमा बना दिया।

### पात्रों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता

जनसुनवाई के समापन पर जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि आमजन को आवास, राशन कार्ड, राजस्व या स्वास्थ्य से जुड़ी अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि जन शिकायतों को गंभीरता से लें और सभी मामलों का निस्तारण पूरी संवेदनशीलता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जाए।

# ज्येष्ट दशहरा पर भक्तों ने लगाई आस्था की डुबकी



गंगा में आस्था की डुबकी लगाते भक्त। -जागरण मोर्चा



पटवाई में घाट का निरीक्षण करते एएसपी। -जागरण मोर्चा



मेले में खरीदारी करती महिलाएं। -जागरण मोर्चा

- तड़के ही भक्तों का गंगा घाटों पर पहुंचना हो गया शुरू

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैफनी/रामपुर।** सोमवार को नगर समेत क्षेत्र के गंगा तटों पर आस्था की डुबकी लगा श्रद्धालुओं ने पुण्य अर्जित किया। दशहरा पर शास्त्रों में उल्लेखित है कि ज्येष्ठ मास के दशहरा को मां गंगा धरती पर अवतरित हुईं। इस दिन स्नान से पाप धुल जाते हैं। इसी मान्यता को मानते हुए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने कस्बे के पास बह रही रामगंगामें स्नानकर पुष्य लाभ कमाया। श्रद्धालुओं ने गंगाकी जलधार में फल,फूल व प्रसाद आदि चढ़ाकर मनौतिया मांगी।

तट पर बच्चों का मुंडन संस्कार भी धार्मिक रीति रिवाज के साथ कराया। बुजुर्गों, बच्चे व महिलाएं ट्रैक्टर ट्रॉली व अन्य वाहनों से भजन-कीर्तन करते हुएगंगाघाट पर पहुंचे। गंगास्नानतड़के से शुरू होकर दोपहर बाद तक चला रहा। इस दौरानगंगातट पर मेला भी लगा। रामगंगातट पर लगे मेले में महिला पुरुष व बच्चों ने जमकर खरीदारी की और चाट -पकौड़ी खाकर मिले का लुक उठाया। वहीं नगर से लेकर मेला प्रांगण तक जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया।सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल मौजूद रहा।इसके अलावा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर द्वारा गंगा दशहरा के अवसर पर सेवार्थ विघार्थी द्वारा शीतल जल वितरण किया।जिसमें मुख्य रूप से जिला संयोजक संजय सैनी,अरूण,महेश आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अधिकारियों ने गंगा तट का लिया जायजा

**रामपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह द्वारा गंगा दशहरा मेले के दृष्टिगत थाना पटवई क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जौलपुर कोसी नदी पर आयोजित मेले का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।इस दौरान मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, नदी घाटों पर सुरक्षा प्रबंध एवं महिला सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया।मेले के निरीक्षण के बाद थाना पटवई का निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, अभिलेखों, सीसीटीएनएस कार्य का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारी,कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## सार संक्षेप




राष्ट्रीय अध्यक्ष को रामपुरी चाकू देते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

### राष्ट्रीय अध्यक्ष को भेंट किया रामपुरी चाकू

**रामपुर।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के मुरादाबाद मंडल महासचिव शुभम सागर ने सोमवार को सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर से उनके सरकारी आवास गौतमपल्ली लखनऊ में शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान उन्होंने रामपुर की पहचान रामपुरी चाकू भेंट किया।संगठन की मजबूती, पंचायत व्यवस्था, ग्रामीण विकास तथा क्षेत्र की जनसमस्याओं सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। शुभम सागर ने मुरादाबाद मंडल एवं क्षेत्र की समस्याओं और पंचायत स्तर पर विकास कार्यों को लेकर मंत्री को अवगत कराया। इस अवसर पर ओम प्रकाश राजभर ने संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से जनता के बीच सक्रिय रहकर जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार गांव, गरीब, पिछड़े, किसान एवं युवाओं के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है और पंचायत व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मंडल महासचिव शुभम सागर ने मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी लगातार संगठन को मजबूत करते हुए समाज के हर वर्ग की आवाज़ उठाने का कार्य कर रही है।इस मौके पर अमित कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहें।

### कानून के मुताबिक जानवरों की कुर्बानी करें मुसलमान: कादरी



**रामपुर।** मौलाना मोहम्मद महफूज कादरी ने कहा कि अल्लाह रब्बुल इज्जत का करम है कि उसने हमें एक बार फिर माहे जिलहिज अता फरमाया। इस महीने में दस जिलहिज को ईद उल अजहा का त्यौहार मनाया जाता है। इस मौके पर मुसलमान अल्लाह की बारगाह में अपनी कुर्बानियां पेश करते हैं। इस अमल से अपने रब की रजा हासिल करने की कोशिश करते हैं। इस वाक्य का ताअल्लुक हजरत इब्राहिम खलीलुल्लाह हज़रत इस्माइल जबीहुल्ला अलैहिमुस्सलाम से है। कुर्बानी के ताल्लुक से सिहाबा-ए-किराम मालूम करते हैं या रसूलल्लाह यह कुर्बानी क्या है हुजूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने इरशाद फरमाया ऐ मेरे सिहाबा यह तुम्हारे बाप हज़रत इब्राहिम अलैहिस्सलाम की सुन्नत है। फिर सिहाबा मालूम करते हैं या रसूलल्लाह इस में सवाब कितना है हुजूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने इरशाद फरमाया कि हर-हर बाल के बदले खुदा एक-एक नेकी आता फरमाता है फिर सिहाबा मालूम करते हैं या रसूलल्लाह भेड़ बकरी वग़ैरह की ऊन यानी उनके बालों के बारे में क्या इरशाद है तो प्यारे आका ने फिर यही इरशाद फरमाया। कि खुदा उनके हर-हर बाल के बदले भी एक-एक नेकी आता फरमाता है।कुर्बानी की फजीलत को बयान करते हुए प्यारे रसूल ने इरशाद फरमाया कि अल्लाह के नजदीक सबसे ज़्यादा अज़ीम दिन कुर्बानी का है दूसरी रिवायत में आता है रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने इरशाद फरमाया कुर्बानी के दिन बनी आदम का कोई भी अमल अल्लाह की बारगाह में खून बहाने से ज्यादा महबूब नहीं होता। यह कुर्बानी का जानवर कयामत के दिन अपने बालों सीगों और खुरों के साथ आएगा।

# समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट में गरजे किसान

- सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन,जल्द कार्रवाई की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते किसान। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन अंबावता की पंचायत कलेक्ट्रेट में स्थित पार्क में हुई। किसानों की समस्याओं पर चर्चा हुई। जिसमें किसानों का पूर्ण रूप से कर्ज माफ किए जाने, किसानों की पेंशन 10000 प्रति महीना दिए जाने, प्राइवेट स्कूल मालिकों की मनमानी पर रोक लगाई जाए, किसानों को एग्रीकल्चर में काम आने वाली मशीनों पर 80 प्रतिशत सब्सिडी दिए जाने, सामान्य योजना में नलकूप का कनेक्शन दिए जाने आदि पर विचार रखे। उसके बाद किसान वरिष्ठ प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी के नेतृत्व में पार्क से नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे।किसानों की आवाज सुनकर सिटी मजिस्ट्रेट किसानों के बीच पहुंचे। उसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।

इससे पहले किसानों को संबोधित करते हुए वरिष्ठ प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि क्षेत्र में बिजली का बहुत बुरा हाल है। शेड्यूल के मुताबिक बिजली नहीं मिल पा रही है ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटे बिजली शहरी क्षेत्र में 22 घंटे बिजली देने के आदेश है। इसके बावजूद बिजली विभाग ग्रामीण क्षेत्र को 5 से 6 घंटे बिजली भी सही से नहीं दे पा रहा है। बार-बार ट्रिप होती है। किसान अपनी समस्याओं को लेकर डर-डर की ठोकरें खाने को मजबूर है लेकिन अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है।

धरना प्रदर्शन करने वालों में जिलाध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी सतनाम सिंह, जीत सिंह, कुलविंदर सिंह, रेखा रानी, अब्दुल हसन पाशा, इमरान खान, साबिर अली, करीमुद्दीन, मुन्नीलाल, मुबारक हसन,हसीब वारसी, बलविंदर सिंह, जमाल ,आरिफ, पार्वती, आरिफ, रविंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, अनीता, बबीता, कनिका,जमुना प्रसाद,हरताल सिंह यादव, आरिफ अली, इमरान खान, शकील अहमद, महबूब अली, नवाब अली, जमाल,आरिफ मियां, शकील अहमद, राजकिशोर, मोहनलाल,सुहेल अहमद, रविंद्र सिंह मौजूद रहे।

### रामगंगा घाट पर उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब



रामगंगा घाट पर बोट में बैठकर व्यवस्थाओं का जायज़ा लेते अफसर।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** गंगा दशहरा के मौके पर शाहबाद के ढ़कुरिया घाट पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भारी तादात में रामगंगा घाट पर पहुंचे लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। पुलिस प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के बेहतर इंतजाम किए हुए थे, इसके बावजूद भी एसडीएम आशुतोष कुमार, सीओ देवकीनंदन और कोतवाल प्रदीप कुमार गोताखोरों की टीम के साथ पूरे दिन घाट पर डटे रहे। सोमवार सुबह से ही श्रद्धालुओं का सैलाब घाट की तरफ उमड़ पड़ा। आसपास के इलाकों से लोग बाइक, कार, ट्रैक्टर ट्राली से घाट पर पहुंचें, श्रद्धालुओं ने रामगंगा घाट पर स्नान कर पूजा अर्चना की। परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। दिनभर घाट पर मेले जैसा माहौल बना रहा। पुलिस ने यातायात व्यवस्था से लेकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को भी चाक चौबंद किया। एसडीएम आशुतोष कुमार, सीओ देवकीनंदन और कोतवाल प्रदीप कुमार ने बोट में बैठकर व्यवस्थाओं का जायज़ा किया। इस दौरान एसआई रमेश चंद्र और एसआई अतिशय जैन गोताखोरों की टीम के साथ मौजूद रहे।

# पदाधिकारियों ने राहगीरों को बांटा शरबत

जागरण मोर्चा कार्यालय




राहगीरों को शरबत बांटते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा रामपुर के तत्वाधान में ज्वाला नगर में आज श्री राम चौराहे पर मीठे जल का वितरण किया।गंगा दशहरा के मौके पर महासभा के सभी पदाधिकारियों ने नर सेवा करते हुए राहगीरों को शरबत वितरित किया।

श्री राम चौराहे पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी दोपहर एक बजे जुटना आरंभ हुए। यहां पर सभी ने राहगीरों को शरबत वितरित किया।पुण्यलाभ कमाया। यह नरसेवा कई घंटे चली। पदाधिकारियों ने तत्परता से लोगों की सेवा की। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सिंह एवं भाजपा के पूर्व जिलामंत्री राजकुमार चौहान ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। युवा जिला अध्यक्ष ठाकुर अतुल कुमार सिंह ने कहा कि सबसे बड़ा मानवता का धर्म है जिसमे की हम मानव सेवा को सर्वोपरि रखे और सभी जन और समाज के हित हेतु कार्य करे।

जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने कहा कि गंगा दशहरा पर जल सेवा करने का उद्देश्य मानव सेवा करना और गंगा की स्वच्छता हेतु सभी को जागरूक करना है साथ ही सभी तरह नदियों को प्रदूषण मुक्त करने पर कार्य करना है। कार्यक्रम में चेयरमैन भूमि विकास बैंक रोहताश सिंह, सत्यवीर सिंह प्रधान,जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, नगर अध्यक्ष ओमवीर सिंह वैदिक, अशोक विश्नोई, राकेश प्रधान, मनोजसिंह, अंजीत सिंह, संदीप सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, अमरपाल सिंह, वैभव प्रताप सिंह, कृष्णा सिंह, प्रियांशु सैनी, वैभव ठाकुर , शौर्य प्रताप सिंह, शुभसिंह, हर्षित सोमवंशी, रघुराज प्रताप सिंह, अभय चौहान, युवराज चौहान, आयुष सिंह, योगेन्द्र चौहान, सचिन राजपूत, उमेश पाल सिंह, अजय तोमर, सुनील सिंह, भूपेंद्र सिंह, संजीव फौजी,आदि उपस्थित रहे।

### सिविल सेवा, नीट यूजी एवं वन डे एग्जाम की नि:शुल्क कोचिंग का मिलेगा लाभ

**रामपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत जनपद में राजकीय रजा इंटर कॉलेज में नि :शुल्क कोचिंग का संचालन किया जा रहा है। वर्तमान शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए सिविल सेवा परीक्षा, नीट यूजी तथा वन डे एग्जाम की कक्षाएं संचालित की जा रही हैं।बताया कि योजना के तहत अभ्यर्थियों के पंजीकरण की प्रक्रिया जनपद में जारी है। इच्छुक अभ्यर्थी विकास भवन स्थित जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय के कमरा संख्या-13 में प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए पासपोर्ट साइज फोटो तथा शैक्षणिक अभिलेखों जैसे हाईस्कूल, इंटरमीडिएट एवं ग्रेजुएशन की अंकतालिकाओं की छायाप्रति प्रस्तुत करनी होगी।जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना पूर्णत: नि :शुल्क है।

**टूर्नामेंट** बल्लेबाज कमरुद्दीन ने 35 रन, रिहान ने 12 रन बनाए

# न्यू लाइट क्लब ने 55 रन से जीता मैच

जागरण मोर्चा कार्यालय



खिलाड़ी को पुरस्कार देकर सम्मानित करते अतिथि। -जागरण मोर्चा

**टांडा।** नगर के मनसब अली स्पोर्ट स्टेडियम में आयोजित जाफर अली मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे मैच में न्यू लाइट और टांडा टाइटन के बीच मैच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए न्यू लाइट क्लब ने निर्धारित 16 ओवर में 8 विकेट पर 145 रन का स्कोर खड़ा किया।

जिसमें न्यू लाइट क्लब के बल्लेबाज अफ्फान ने 34 रन,नयन गुप्ता ने 25 रन, अलकमा अमान ने 24 रन और मास्टर नफीस ने 24 रन बनाए। अतिरिक्त रन 14 रहे।टांडा टाइटन के गेंदबाज तालिब और रवि ठाकुर ने दो-दो विकेट ,कमरुद्दीन, नवेद, बाशशार ने एक-एक विकेट प्राप्त किया।जीत के लिए 146 रन बनाने के लिए टांडा टाइटन ने 14.2 ओवर में मात्र 90 रन ही बनाए। जिसमें बल्लेबाज कमरुद्दीन ने 35 रन, रिहान ने 12 रन बनाए, अन्य बल्लेबाज असफल रहे। अतिरिक्त रन 18 रहे। न्यू लाइट क्लब ने मैच 55 रन से जीत कर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया है।

मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार न्यू लाइट क्लब के जावेद लालू को कदीर पप्पू द्वारा प्रदान किया गया।मैच के मुख्य अतिथि राइस मिलर मकसूद और महमूद मल्ला रहे।अंपायर नाजिम फरीदी सौर जुबैर आलम रहे, कमेंटेटर मोहम्मद सईद सागर , जहीर जिया और अब्दुल रज़्ज़ाक़ रहे जबकि ऑनलाइन स्कोर मौलाना जुनैद और आकिब गुल रहे।इस अवसर पर भाजपा नेता मकसूद लाला, आयोजक हाजी मुबीन, इसरार, नाजिम फरीदी, महफूज मुन्ना, अलकमा अमान, इनाम

## एक नजर



### सीमेंट कारोबारी के घर से चार लाख की नगदी सहित लाखों के जेवर चोरी

**भगतपुर।** थाना क्षेत्र के गांव बहेडी रोशनपुर निवासी सीमेंट कारोबारी तौफीक अहमद के घर को रविवार की देर रात्रि अज्ञात चोरो ने निशाना बनाया और चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित के अनुसार वह रविवार की रात्रि अपने परिवार के साथ मकान की छत पर सो रहा था सुबह जब उसकी लड़कियों ने देखा तब कमरे के ताले टूटे पड़े थे और अलमारी से लगभग चार लाख रुपये नकदी व सोने चांदी के जेवरात चोरी थे घटना की सूचना पर पास पड़ोस के लोग भी पहुंचे और पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों से पूछताछ की और चोरी से संबंधित साक्ष्य जुटाए। पीड़ित की तहरीर के आधार पर भगतपुर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

# ताइक्वांडो का प्रशिक्षण में बच्चों को सिखाए जा रहे अनेक प्रकार के स्टेप्स

## एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में किया जा रहा समर कैंप का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय



एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल पर समर कैंप में ताइक्वांडो सीखते बच्चें।

**चन्दौसी।** एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को समर कैंप के पांचवें दिन बच्चों को योगा, बॉलीवुड एवं फ्री स्टाइल डांस, आर्ट एंड क्राफ्ट, स्केचिंग, इनडोर गेम्स, क्ले आर्ट, फैब्रिक पेंटिंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, मेंटल मैथ्स, स्केटिंग, ताइक्वांडो, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, टेबल मैनर्स तथा हैंडराइटिंग जैसी अनेक रचनात्मक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। योगा सत्र में बच्चों को स्वस्थ जीवनसैली, नियमित व्यायाम एवं फिटनेस के महत्व के बारे में जानकारी दी गई तथा विभिन्न योगासन एवं ध्यान अभ्यास कराए गए। योग अभ्यास से बच्चों में अनुशासन, एकाग्रता एवं मानसिक शांति का विकास देखने को मिला। आर्ट एवं क्राफ्ट गतिविधि में बच्चों ने रंग-बिरंगी सजावटी वस्तुएं एवं रनानात्मक मॉडल तैयार किए। जिनमें उनकी कल्पनाशक्ति एवं सृजनात्मक सोच स्पष्ट रूप से दिखाई दी। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट गतिविधि के अंतर्गत बच्चों ने थाली सजाना सीखा तथा साधारण वस्तुओं को आकर्षक रूप देने कला जानी। इस गतिविधि के माध्यम से बच्चों में रचनात्मकता के साथ-साथ सजावट एवं प्रस्तुत कौशल का भी विकास हुआ। क्ले एंड आर्ट गतिविधि में बच्चों ने मिट्टी की गुल्लक को सुंदर रंगों एवं डिजाइन से सजाया। बच्चों की कलात्मक सोच एवं मेहनत उनकी बनाई गई। आकर्षक गुल्लकों में साफ दिखाई दी। इनडोर गेम्स में बच्चों ने कैरम में भाग लिया और टीम भावना के साथ खेलों का आनंद उठाया। स्केटिंग प्रशिक्षण के दौरान बच्चों ने संतुलन एवं आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ विभिन्न ताइक्वांडो मूव्स का अभ्यास कराया। पर्सनैलिटी डेवलपमेंट एवं टेबल मैनर्स गतिविधि के अंतर्गत बच्चों को अच्छे व्यवहार, भोजन करने के सही तरीके, बैठने-उठने की शिष्टता, दूसरों से विनम्रता से बात करना तथा दैनिक जीवन में अपनाए जाने वाले आवश्यक सामाजिक व्यवहारों की जानकारी दी गई। बच्चों ने मंच पर आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रस्तुति देकर सभी को प्रभावित किया। हैंडराइटिंग सत्र में बच्चों को सुंदर एवं स्पष्ट लेखन शैली का अभ्यास कराया गया। जिससे उनकी लिखावट में सुधारर देखने को मिला। विद्यालय संचालिका संगीता भार्गव ने कहा कि समर कैंप केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं छिपी प्रतिभाओं को निखारने का एक सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, रचनात्मक सोच एवं सामाजिक व्यवहार का विकास करती हैं। इस अवसर पर विद्यालय की शालू, निशा, प्रिया, रुपाली, सोनल, काजल, नीरज, सरिता, रक्षा, अर्शी, संतोष, शिल्पा, मनप्रीत, शिल्की, अंकिता, मीनू, गौरव, अंकुश, हर्ष, कुमुद, वंशिका, हुमा, दीपा एवं दीक्षा आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# प्रेमी के उकसावे में महिला ने डीजल डालकर लगाई आग

## दोनों मिलकर एक व्यक्ति को फंसाने की थी योजना, उपचार के दौरान हुई थी महिला की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय



घटना का खुलासा करते एएसपी। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** गुन्नौर पुलिस ने महिला के जलकर मारने की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रेमी के कहने पर दूसरे को फंसाने के लिए महिला ने स्वयं कपड़ों पर डीजल छिड़क कर आग लगाई थी। घटना के बाद पुलिस ने एक नामजद सहित एक अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। सोमवार को एएसपी ने घटना का खुलासा किया है। जनपद बुलंदशहर के थाना रामघाट क्षेत्र के गांव गोकलपुर निवासी अमरीश पुत्र छन्नु ने गुन्नौर थाने में तहरीर दी कि आरोपी श्योराज ने अपने एक साथी के साथ मिलकर रात को उनकी बहन अनेकश्री के घर में घुसकर शरीर व कपड़ों पर तेल डालकर जान से मारने की नियत से आग लगा दी। महिला की इलाज के दौरन दिल्ली अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने श्योराज व एक अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली और विवेचना शुरू कर दी। विवेचना में कल्याण पुत्र रामरतन निवासी रसूलपुर थाना गुन्नौर का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने उसे अपने घर से गिरफ्तार कर लिया। एएसपी मनोज कुमार रावत ने अनुसार मृतका अनेकश्री पत्नी किशनपाल निवासी ग्राम रसूलपुर का अपने ही गांव के रहने वाले कल्याण से प्रेम प्रसंग था। अक्सर दोनों एक-दूसरे से बातचीत करते थे और कल्यान का अनेकश्री के घर पर आना जाना रहता था। अनेकश्री की आर्थिक स्थिति दयनीय थी और घर में रहने के लिए एक ही कमरा था। जिस पर चादर पड़ी थी वह अपने मकान का निर्माण करा रही थी। जिसमें मकान की नींव भरने के उपरांत दो कमरों का मिट्टी का भराव करा रही थी। जिसका श्योराज ने विरोध किया था। जिसमें श्योराज व अनेकश्री के बीच आपसी सहासुनी और वाद-विवाद हो गया था। जिसकी शिकायत अनेकश्री ने अपने प्रेमी कल्याण सिंह से की थी, तो कल्याण द्वारा मृतका अनेकश्री को उकसाते हुए व बदले की भावना से बताया कि तुम थोड़ा सा डीजल डालकर अपने कपड़ों में डालकर आग लगा लेना और हम श्योराज के खिलाफ मुकदमा लिखवाकर जेल भिजवा देंगे। योजना के तहत 18 मई को 3.30 बजे अनेकश्री ने अपने कपड़ों पर डीजल डालकर आग लगा ली थी। आग अधिक लगने के कारण अनेकश्री अधिक जल गई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एक धारा और बढ़ाई है। जिसे न्यायलाय के समक्ष पेश किया गया है।

# ज्येष्ठ दशहरा पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई डुबकी

## डीएम व एसपी ने पुलिस बल के साथ परखी गंगा घाट पर सुरक्षा व्यवस्था

जागरण मोर्चा कार्यालय



राजघाट स्थित गंगा घाट पर सुरक्षा व्यवस्था को निरीक्षण करने पहुंचे डीएम व एसपी।

**चन्दौसी।** ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर गंगा स्नान के मद्देनजर राजघाट नरौरा में सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना आरंभ हो गया। भीषण गर्मी व तेज धूप की परवाह किए बिना ही हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ कमाया। राजघाट गंगा घाट पर भंडारे सहित ठंडे शरबत का वितरण किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने पुलिस बल के साथ निरीक्षण किया। गंगा घाट पर गोताखोर मौजूद रहे। सोमवार को ज्येष्ठ गंगा दशहरा होने पर गंगा स्नान करने का महत्व है। सोमवार की सुबह से ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु राजघाट नरौरा को ट्रेन, निजी वाहनों के साथ-साथ ट्रैक्टर-ट्राली में बैठकर गंगा घाट पहुंचने लगा। सुबह 6 बजे से ही गंगा घाट पर काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच गए और गंगा में स्नान करने आरंभ कर दिया। गंगा घाट पर जगह-जगह महिलाएं बच्चों के साथ गंगा में स्नान करते नजर आई। वहीं पुरुष व युवाओं ने गंगा में स्नान कर पुण्य लाभ कमाया। गंगा में स्नान करने का क्रम देर शाम तक बना रहे। वहीं जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल व एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई पुलिस बल के साथ राजघाट गंगा घाट पर पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। गंगा घाट पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को गोताखोर मौजूद रहे। इसके अलावा गंगा घाट पर अनेक स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया और जगह-जगह ठंडे शरबत का वितरण हुआ।

# उपमुख्यमंत्री को ब्राह्मण समाज ने भेंट किया स्मृति चिंह

जागरण मोर्चा कार्यालय



उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को स्मृति चिन्ह भेंट करते अभिनव शर्मा व अन्य।

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक सोमवार को संभल पहुंचे। जहां उन्होंने जिलाधिकारी व सिंदूर वाटिका का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी।

जिला अस्पताल में मरीजों से संवाद कर मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। इसके बाद उपमुख्यमंत्री ने भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उपमुख्यमंत्री ने पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से संवाद किया और जानकारी ली। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ने ब्राह्मण समाज के लोगों से मुलाकात की। इस दौरान श्रीपरशुराम धर्मशाला के अध्यक्ष अभिनव शर्मा ने उपमुख्यमंत्री को स्मृति चिंह भेंट किया तथा राजकुमार शर्मा ने फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के शुभम, अतुल उपाध्याय, बृजेश शर्मा, श्याम दीक्षित, पंकज शर्मा, अमोल उपाध्याय, शिवराम वत्स, गौरव शर्मा आदि मौजूद रहे।

# शरबत वितरण कर दशहरा धूमधाम से मनाया

जागरण मोर्चा कार्यालय



शरवत का वितरण करते लोग।

**चन्दौसी।** ज्येष्ठ दशहरा पर्व के अवसर पर सोमवार को शहर पूरी तरह भक्तिमय रंग में रंगा नजर आया। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही और लोगों ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। शहर के प्रमुख मंदिरों में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां विशेष पूजा, हवन, आरती एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इसके साथ शहर के विभिन्न चौक-चौराहों और मुख्य मार्गों पर सामाजिक संगठनों, व्यापारियों एवं युवाओं द्वारा सेवा शिविर लगाकर राहगीरों को ठंडा शरबत वितरित किया गया। इन शिविरों में राहगीरों, वाहन चालकों और आम लोगों को ठंडा शरबत, पानी एवं फल वितरित किए गए। कई स्थानों पर लोगों ने स्वयं खड़े होकर राहगीरों को शीतल पेय पिलाया और मानव सेवा का संदेश दिया। शरबत वितरण शिविरों पर दिनभर लोगों की भीड़ लगी रही। सेवा कार्य में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लोगों का कहना था कि गर्मी के मौसम में प्यासे लोगों को पानी और शरबत पिलाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। सामाजिक संगठनों ने भी सेवा भावना को समाज की सबसे बड़ी ताकत बताया। शहर में दिनभर धार्मिक और सामाजिक गतिविधियां चलती रहीं। जगह-जगह भजन-कीर्तन और धार्मिक आयोजनों के कारण माहौल भक्तिमय बना रहा। लोगों ने एक-दूसरे को ज्येष्ठ दशहरा की बधाई देते हुए समाज में प्रेम, भाईचारे और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। ज्येष्ठ दशहरा के अवसर पर शहर में दिखी आस्था, सेवा और सामाजिक एकता ने लोगों का मन मोह लिया। पर्व ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि भारतीय संस्कृति में धार्मिक आस्था के साथ-साथ मानव सेवा को भी सर्वोच्च स्थान दिया गया है।

# दूसरी मंजिल पर सीढ़ी लगाकर मकान से ले गए 7 लाख रुपये के जेवर व नकदी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के अक्रूरजी पुरम से चोर मकान से 7 लाख रुपये के जेवर व नकदी लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच जानकारी की। पुलिस घटना को लेकर कारपेंटर व घर की नौकरानी से पूछताछ कर रही हैं। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है। कोतवाली क्षेत्र के अक्रूरजी पुरम निवासी चंद्रहंस के पत्नी का निधन हो गया है। वह अपने दो पुत्र व उनके परिवार के साथ मकान में रहते हैं। उनके दोनों पुत्र शुभम व पारस पहले बाहर रहकर नौकरी करते हैं। अब फिलहाल एक घर रहकर वर्क टू होम कर रहे हैं। गर्मी की छुट्टी होने पर दोनों पुत्र अपने परिवारों के साथ बुआ के घर गए हुए थे और घर केवल उनके पिता चंद्रहंस ही थे। सोमवार की सुबह 5.40 बजे घर पर कार्य करने वाली नौकरानी पहुंची और नीचे कार्य करने के बाद वह जैसे ही ऊपरी मंजिल पर गई तो कमरों में सामान बिखरा देख शोर मचा दिया। जिस पर चंद्रहंस भी ऊपर पहुंच गए। उन्होंने घटना की जानकारी अपने पुत्रों को दी। कुछ देर बाद पुत्र अपने घर पहुंच गए। घटना की जानकारी होने पर आसपास के लोग भी पहुंच गए। शुभम व पारस ने बताया कि चोर उनके घर से 2.75 लाख रुपये कैश, एक किलो से अधिक चांदी व एक लाख रुपये के सोने के जेवर ले गए हैं। सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो रविवार की रात 2.11 बजे नकाबपोश दो चोर घर के पास चहल-कदमी कर रहे हैं।

# मरीजों से स्नेहपूर्ण व्यव्यहार, उन्हें न कराएं ज्यादा इन्तजार

## डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सीएचसी और गौशाला का किया निरिक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय



**गजरौला :** यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने गजरौला की सीएचसी और गौशाला का भ्रमण निरिक्षण किया। सीएचसी पहुंचने पर सीएमओ डॉ-योगेन्द्र सिंह व गजरौला सीएचसी प्रभारी डॉ-पल्लवी गंगवार ने डिप्टी सीएम को बुके भेंट करके उनका स्वागत किया। सीएचसी में निरीक्षण के दौरान डिप्टी सीएम ने रोगियों के पास बैठकर उनसे बातचीत की। फ्रैक्चर होने पर एक्सरे कराने आए युवक का तत्काल एक्सरे कराने के निर्देश दिए। कहा कि रोगियों को चिकित्सा सुविधाओं के लिए इंतजार न कराए जाए। उन्होंने आशाओं के कार्य की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए और मानदेय बढ़ाने के प्रति भी आश्वस्त किया। करीब 20 मिनट निरीक्षण करने के बाद डिप्टी सीएम यहां से कान्हा गौआश्रय स्थल पहुंचे। यहां पर चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा देवी व उनके पति पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने बुके भेंट करके डिप्टी सीएम का स्वागत किया। डिप्टी सीएम ने यहां पर गोपूजा की और गायों को गुड़ भी खिलाया। गौशाला में भ्रमण करके यहां की व्यवस्थाओं को देखा और सराहना की। कहा कि गर्मी के मौसम में गौवंश के लिए पर्याप्त व्यवस्था रखें। उन्होंने अपने संक्षिप्त संबोधन में गौशाला की व्यवस्थाओं को सराहा। इस मौके पर प्रभारी मंत्री केपी मलिक, मण्डी धनौरा विधायक राजीव तरारा, पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल, पूर्व विधायक हरपाल सिंह, चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा देवी, राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी, पूर्व प्रत्याशी विवेक सिंह, डॉ-राजीव शुक्ल, डॉ-रविन्द्र शुक्ल, रोबिन त्यागी, धर्मेन्द्र चौधरी, महेश प्रधान, डॉ-दीपक गंगवार, दीपाली गंगवार, विपिन सागर, प्रमोद कुमार सहित प्रशासनिक अधिकारियों में डीएम डॉ-नितिन गौड़, सीओ धनौरा अंजलि कटारिया, प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार, ईओ ललित कुमार आर्य आदि मौजूद रहे। वहीं सुरक्षा के द्रष्टिगत दोनों ही स्थानों पर पर्याप्त मात्र में पुलिस बल तैनात रहा।

# ईदगाह पर सफाई व्यवस्था को लेकर किया निरीक्षण



बड़ी ईदगाह पर मुस्लिम समाज के लोगों से जानकारी करते नगरपालिका ईओ।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** बकरा ईद की नमाज को लेकर सोमवार को नगर के खुर्जा गेट स्थित बड़ी ईदगाह पर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी धर्मराज सिंह व सफाई निरीक्षक प्रियंका सिंह ने पहुंच कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोग भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को बताया की ईदगाह पर अभी तक पानी का कोई इंतजाम नहीं हुआ है, पहले ईदगाह परिसर में एक नल लगा हुआ था जो अब नहीं है। अधिशासी अधिकारी ने तुरंत ही फोन पर बात कर जल्द से जल्द पानी का इंतजाम करने के आदेश दिए। सफाई निरीक्षक प्रियंका सिंह ने सफाई कर रहे कर्मचारी को शीघ्र ही कार्य पूरा करने के आदेश दिए। इस दौरान शहर काजी महबूब अहमद, शाह आलम मंसूरी, शवाज खान अन्ना सभासद ,रियाज अहमद सभासद, नजर मोहम्मद पूर्व सभासद, मोहम्मद मुजीब, हाजी कलीम अनवर आदि लोग मौजूद रहे

# गंगा मां की महाआरती करके मनाया गंगा दशहरा

जागरण मोर्चा कार्यालय



श्रीदेवी गंगा मंदिर पर आरती करते श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** नगर के कैथल गेट ब्रह्मबाजार स्थित श्री देवी गंगा मंदिर में गंगा दशहरा का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया । सर्वप्रथम मंदिर के महंत पंडित मनोज शर्मा एवं पंडित प्रवेश शर्मा द्वारा वेद मंत्रों के साथ मां गंगा की मूर्ति का पंचामृत स्नान कराकर सुंदर श्रृंगार किया गया। वेद मंत्रों के साथ मां गंगा का षोडशोपचार पूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर कथाव्यास पंडित भूदेव शंखधार ने श्रद्धालुओं को गंगा दशहरा पर्व का महत्व बताते हुए कहा कि इस दिन गंगा मां का अवतरण स्वर्ग से भगवान शिव की जटाओं में हुआ और भगवान शिव ने धीरे धीरे उनका वेग कम करते हुए पृथ्वी पर भेजा। इसलिए आज के दिन मां गंगा की पूजा के साथ साथ भगवान शिव की पूजा का भी विशेष महत्व होता है। इस दिन मां गंगा की पूजा और दान करने से दस प्रकार के पाप जो मन वचन कर्म से होते हैं, मां गंगा की कृपा से हरण हो जाता है अर्थात मनुष्य को पापों से मुक्ति मिलती है। इसके बाद श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन कर वातावरण को भक्तिमय कर दिया। इसके उपरांत मां गंगा की महाआरती की और शरबत के साथ प्रसाद वितरित किया गया । इस दौरान लक्ष्मी देवी, कंचन, पूनम, किरन शर्मा, सरोज, श्वेता, सुषमा, राहुल चौधरी, प्रतिभा चौधरी, आयुष, शिवम, विनायक, प्रियांशु, कृष्णा, अनमोल, निर्मल, सर्वेश, पुष्पा, ब्रह्मा, अंतरा, अंशिका, सुहानी, कशिश, मुक्ता, कनक, भक्ति, उषा, रजनी, आराधना, राजरानी, रजनी चौधरी, यथार्थ चौधरी आदि श्रद्धालु मौजूद रहे ।

# भीषण गर्मी में प्यास बुझाने को भटक रहे बेजुबान

**जागरण मोर्चा कार्यालय, चन्दौसी।** भीषण गर्मी अब सिर्फ इंसानों को ही नहीं, बल्कि बेजुबान जानवरों के लिए भी आफत बनती जा रही है। सोमवार को अधिकतम तापमान 46 डिग्री और सेल्सियस दर्ज किया गया। तेज धूप और तपती हवाओं के बीच प्यास से बेहाल बंदरों का एक झुंड पानी की तलाश में गलियों में भटकता नजर आया। आखिरकार जब उन्हें कोतवाली मे मिट्टी का कूंडा दिखाई दिया तो वे वहीं रुक गए और बारी-बारी से अपनी प्यास बुझाने लगे। यह दृश्य गर्मी की मार और वन्य जीवों की बेबसी को साफ बयां कर रहा था। गर्मी से बेहाल बंदरों इस तरह पानी पीकर अपनी प्यास बुझाते देखकर वहां मौजूद लोग भी भावुक हो उठे। लोगों का कहना था कि लगातार बढ़ते तापमान और सूखते जल स्रोतों के कारण पशु-पक्षियों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। इंसानों की तरह बेजुबान जानवर भी छांव और पानी की तलाश में इधर-उधर भटकते दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ ही बंदर, गाय, कुत्ते और पक्षी आबादी वाले इलाकों की ओर आने लगे हैं, जहां उन्हें किसी तरह पानी मिल सके। उन्होंने अपील की है कि गर्मी के मौसम में सभी लोग अपने घरों, दुकानों और मोहल्लों में पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था जरूर करें। छतों और खुले स्थानों पर मिट्टी या प्लास्टिक के बर्तनों में पानी भरकर रखने से बेजुबानों को राहत मिल सकती है। क्योंकि बेजुबान जीवों की प्यास बुझाना भी सामाजिक जिम्मेदारी है।

# शिविर में बच्चों को दक्षता पदक, सेवा कार्य एवं राज्यपाल पुरस्कार के बारे में दी जानकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय



भारत स्काउट गाइड शिविर में बच्चों को जानकारी देते अतिथि। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश जनपद सम्भल में पांच दिवसीय तृतीय सोपान जांच शिविर का शुभारंभ विधिवत रूप से किया गया। शिविर डा राजीव वार्ष्णेय जिला सचिव गाइड ,कमिश्नर संगीता भार्गव जनपद सम्भल के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। जिला सचिव डा राजीव वार्ष्णेय एवं संगीता भार्गव को स्कार्फ वोगल पहना कर के बच्चों का मार्ग दर्शन किया गयाञ गाइड विंग का शिविर का संचालन मीनू भारती जिला संगठन आयुक्त द्वारा हुआ । इस जांच शिविर में तृतीय सोपान में दक्षता पदक, सेवा कार्य एवं राज्यपाल पुरस्कार के लिए तैयार होने के बारे में बच्चों को बताया गया। तृतीय सोपान जांच शिविर में कई स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग लिया। जिसमें सत्यम अकादमी, सरस्वती शिशु मंदिर, डा. भीम राव अंबेकर इंदिरा गांधी गाइड कंपनी, रानी कुबरी दुर्गा नरौली, सरदार सिंह इंटर कालेज इत्यादि जांच शिविर में बच्चों ने भाग लिया। इसी के साथ ट्रेनिंग काउंसलर नीलम कुमारी एवं पंकज कुमार ने बच्चों को प्रथम द्वितीय सोपान में हाथ मिलाना, ताली बजाना, झंडा गीत , प्रार्थना ,नियम प्रतिज्ञा एवं प्रश्नोत्तरी का के बारे में भी बताया जो बच्चे द्वितीय सोपान करे हुए है उन्होंने तृतीय सोपान में बाद चढ़ के हिस्सा लिया।

# जैन साध्वियों की संदिग्ध मृत्यु पर जैन समाज में रोष

## आर्यिका माताओं के देवलोक गमन पर किया गया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन, प्रदर्शन भी किया




जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** मध्य प्रदेश के रीवा में 20 मई को हुई दुखद घटना में जैन साध्वी 105 आर्यिका माता श्री श्रुतमति माताजी एवं आर्यिका उपशममति माताजी को एक कार चालक द्वारा टक्कर मार दिए जाने से दोनों साध्वियों का समाधि (देवलोक गमन) हो गया। इस घटना से देशभर के जैन समाज में गहरा दुख, आक्रोश एवं चिंता व्याप्त है।

जैन समाज का कहना है कि जिस स्थान पर यह घटना हुई वहां सड़क पूरी तरह खाली थी तथा दोनों माताजी सड़क के किनारे चल रही थीं, ऐसे में यह घटना सामान्य दुर्घटना न होकर संदिग्ध प्रतीत होती है। समाज ने मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है।

इसी क्रम में आज देशभर में जैन समाज द्वारा शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन, रोष सभा एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुरादाबाद में समस्त जैन समाज श्री श्वेतांबर जैन मंदिर सिविल लाइंस में एकत्र हुआ, जहां आर्यिका माताओं को श्रद्धांजलि एवं विनयांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर जैन समाज के अध्यक्ष अनिल जैन ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि स्वतंत्र भारत में पूर्व में भी जैन संतों पर अनेक जानलेवा हमले हुए हैं तथा सड़क दुर्घटनाओं में भी कई संतों का देवलोक गमन हुआ है। उन्होंने वर्ष 2023 में कर्नाटक में दिगंबर जैन संत आचार्य श्री 108 कामकुमार नंदी जी की हत्या का उल्लेख करते हुए कहा कि जैन संत सदैव शांति, अहिंसा और सद्भावना के मार्ग पर चलने वाले होते हैं। ऐसे संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। जैन समाज ने जिलाधिकारी महोदय को ज्ञापन प्रेषित कर अपनी भावनाओं एवं मांगों से अवगत कराया तथा समस्त जैन संतों की सुरक्षा हेतु प्रभावी कदम उठाने की मांग की। कार्यक्रम में बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास की अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार जैन, जैन समाज के मंत्री अरविंद जैन, उपमंत्री समीर जैन, कोषाध्यक्ष दीपक जैन, महिला जैन समाज की अध्यक्ष नीलम जैन, मंत्री शिखा जैन, अरविंद जैन मानपुर, आशु जैन, मोहित जैन, अशोक जैन, पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर के अध्यक्ष संदीप जैन, मंत्री नीरज जैन, कोषाध्यक्ष विकास जैन, महिला जैन समाज रामगंगा विहार की अध्यक्ष सुषमा जैन, श्वेतांबर समाज से राजेंद्र कुमार जैन, विनय जैन सहित समस्त जैन समाज उपस्थित रहा।

एक नजर



### राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ के जिला अध्यक्ष ने उपमुख्यमंत्री को दिया स्मृति चिन्ह

**हसनपुर।** जनपद अमरोहा के दो दिवसीय दौरे पर आए उन मुख्यमंत्री बृजेश पाठक से रविवार की रात्रि राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ के जिला अध्यक्ष रोहित शर्मा द्वारा अपने समर्थकों के साथ मुलाकात की गई और उनका जनपद आगमन पर स्वागत कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेद किया गया इसी के साथ जिला अध्यक्ष शोभित शर्मा के द्वारा उपमुख्यमंत्री से अन्य विषयों पर भी वार्ता की गई तथा क्षेत्र की कुछ समस्याओं से उन्हें अवगत कराया गया। जिला अध्यक्ष शोभित शर्मा के द्वारा बताए गए कि उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा क्षेत्र की समस्याओं का जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया है।



गंगा स्नान करते श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

## मां पुष्पावती गंगा घाट पर ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर उमड़ा भक्तों का सैलाब

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर भक्तों का सैलाब तहसील क्षेत्र के मां पुष्पावती गंगा घाट पर उमड़ गया था। हर-हर गंगे के जयघोष से पूठ गंगा धाम गूंज उठा था। गंगा स्नान के अलावा श्रद्धालु मां गंगा का पूजन और नवजात शिशुओं का मुंडन संस्कार भी कराएं, वही गंगा घाट पर लगी दुकानों पर भी श्रद्धालुओं द्वारा जमकर खरीदारी की गई। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के मध्य नजर गंगा घाट पर पुलिस बल तैनात रहा। ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर्व पर सोमवार की सुबह से ही गंगानगरी के साथ-साथ हसनपुर तहसील क्षेत्र के मां पुष्पावती पूठ और लठीरा के तट पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ना शुरू हो गई थी। ब्रह्म मुहूर्त आरंभ होते ही भक्तों ने आस्था की डुबकी लगाना आरंभ कर दिया गया था। गंगा स्नान का सिलसिला लगातार जारी है। गंगा के घाट हर-हर गंगे, जय मां गंगे के घोष से गूंज रहे हैं। वहीं, पुलिस-प्रशासन श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को लेकर लगातार काम कर रहा था। गंगा स्नान के अलावा श्रद्धालु मां गंगा का पूजन और नवजात शिशुओं का मुंडन संस्कार भी करा रहे थे। वहीं मां पुष्पावती गंगा घाट पर लगी चार्ट पकौड़ी एवं खिलौने की दुकान पर भी श्रद्धालुओं द्वारा जमकर खरीदारी की गई।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने किया वृद्धा आश्रम का निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादबाद।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशो के अनुपालन में एवं जनपद न्यायाधीश सै. माऊज़ बिन आसिम के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरादाबाद की सचिव तपस्या त्रिपाठी ने वृद्धा आश्रम, मिलन विहार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय वृद्धाश्रम की प्रबन्धक स्नेह उपस्थित मिली।

उपस्थिति पंजिका के अनुसार वृद्धाश्रम में तीन गार्ड सहित कुल 16 कर्मचारी नियुक्त हैं। निरीक्षण के समय प्रबन्धक द्वारा संवासी उपस्थिति पंजिका, विजिटर्स रजिस्टर, स्टाफ उपस्थिति रजिस्टर व स्टॉक रजिस्टर प्रस्तुत किया गया। इस दौरान प्राधिकरण की सचिव तपस्या त्रिपाठी ने वृद्धाश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों से बातचीत कर स्वास्थ्य, भोजन, स्वच्छता, चिकित्सा सुविधा एवं मनोरंजन गतिविधियों सहित अन्य व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को हर संभव विधिक सहायता और सहयोग देने का आश्वासन दिया तथा संबंधित अधिकारियों को सरकारी योजनाओं और कानूनी प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



वृद्धा आश्रम का निरीक्षण करतीं प्राधिकरण की सचिव तपस्या त्रिपाठी। -जागरण मोर्चा

निरीक्षण के समय वृद्धाश्रम के भूतल एवं रसोई घर की सफाई व्यवस्था उचित नहीं पाई गयी। काफी मक्खियां भोजन सामग्री पर एकत्र पायी गयी। इस पर प्रबन्धक को आदेश दिये गए कि स्वच्छता के नियमों का कड़ाई से पालन करे।

## नगर से लौट रहे बाइक सवार को पीछे से दूसरे बाइक सवार ने मारी टक्कर दो घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी दो बाइक सवारों को नगर से लौटते समय दूसरे बाइक सवार ने पीछे से टक्कर मार दी टक्कर लगते ही दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें राहगीरों के द्वारा नगर के जीएसटी में भर्ती कराया जहां एक की हालत को गंभीर देखते हुए उसे सेंटर रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव अल्लीपुर खादर निवासी दयाशंकर पुत्र कचेडु सिंह अपने गांव निवासी साथी राजवीर सिंह के साथ रविवार की देर रात नगर से मजदूरी कर अपने घर लौट रहे थे। लेकिन इसी दौरान घर जाते समय पड़ोसी गांव गंगा चोली में कुछ इमरजेंसी काम होने के कारण वह गंगा चोली चले गए। जैसे ही युवक तटबाध पर पहुंचे तो पीछे से आ रहे। बाइक सवार ने आगे चल रही बाइक में टक्कर मार दी।टक्कर लगते ही बाइक सवार दोनों युवक बुरी तरह घायल हो गए। जबकि अज्ञात बाइक सवार घटना स्थल से बाइक लेकर फरार हो गया।राहगीरों के द्वारा घायलों को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया। जहां दया शंकर की हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया फिलहाल अभी कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की गई है।



नगर स्थित सरकारी अस्पताल में घायल का उपचार होते हुए। -जागरण मोर्चा

## गंगा एक्सप्रेस-वे पर पीछे से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम की टक्कर से ट्रैक्टर दो हिस्सों में बंटा, संभल निवासी चालक घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** अति सुरक्षित कहे जाने वाले गंगा एक्सप्रेसवे पर रविवार रात फिर हादसा हो गया। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के रुखालू के नजदीक पीछे से आ रही तेज गति डीसीएम ने आगे चल रहे ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर दो हिस्सों में बंट गया। गंभीर रूप से घायल ट्रैक्टर चालक को चौधरपुर के निजी अस्पताल से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। चालक की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली व डीसीएम को कब्जे में ले लिया है। ट्रैक्टर चालक के भाई ने डीसीएम छोड़कर मौके से फरार चालक के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि जनपद संभल के असमोली निवासी इब्ले हसन रविवार रात हापुड़ से ट्रैक्टर लेकर घर लौट रहा था। रात करीब 9:30 बजे जैसे ही वह गंगा एक्सप्रेस वे पर रुखालू के सामने पहुंचा कि पीछे से आ रही तेज गति डीसीएम ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि ट्रैक्टर दो हिस्सों में बंट गया। चालक इब्ले हसन गंभीर रूप से घायल हो गया। गंगा एक्सप्रेसवे के टोल बूथ पर खड़ी एंबुलेंस ने घायल को आनन फानन में नगर के सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। बाद में उसे चौधरपुर के एक निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार देने के बाद दिल्ली रेफर कर दिया गया। ट्रैक्टर चालक की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने ट्रैक्टर व डीसीएम को कब्जे में लेकर टोल बूथ के नजदीक खड़ा कर दिया है।



सड़क हादसे के बाद क्षतिग्रस्त डीसीएम एवं ट्रैक्टर ट्रॉली। -जागरण मोर्चा

## जे आर एस एम कॉन्वेंट स्कूल में समर कैंप का शुभारंभ



जागरण मोर्चा कार्यालय

**भगतपुर।** जे आर एस एम कॉन्वेंट स्कूल, सिरसवां हरचंद पो मानपुर जिला मुरादाबाद में आज समर कैंप के प्रथम दिन का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। कैंप में बच्चों ने संगीत, मेहंदी, गैस-लेस कुकिंग, योग ,क्राफ्ट, चार्ट मेकिंग एवं डांस जैसी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ नरेंद्र पाल सिंह एवं शिक्षकों ने बच्चों को नई-नई रचनात्मक गतिविधियां सिखाईं। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए बहुत कुछ नया सीखा। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं।

## नशीला पदार्थ सुंघाकर पत्नी को बहनोई पर भगाने का आरोप, कार्रवाई न होने पर कोतवाली पर प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मछरई निवासी सर्वेश पुत्र करन सिंह ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अपनी पत्नी की बरामदगी और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित का आरोप है कि उसके सगे बहनोई ने उसके दो साथियों के साथ उसकी पत्नी ने शनिवार की रात को नशीला पदार्थ सुंघाकर उसकी पत्नी को भगा कर ले गए, पीड़ित सर्विस द्वारा बताया गया कि उसकी पत्नी डेढ़ तोला सोने के आभूषण, 500 ग्राम चांदी व 1.50 लाख रुपये की नगदी सहित एक मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने 20 दिन पहले भी उस पर जानलेवा हमला भी किया था। वही पत्नी को फरार हुए दो दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई कानूनी कार्रवाई न किए जाने और पत्नी की बरामदगी न होने से क्षुब्ध होकर पीड़ित परिवार और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। असंतुष्ट परिजनों और ग्रामीणों ने सोमवार को कोतवाली गेट पर एकत्र होकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और बच्चों सहित महिला की सकुशल बरामदगी की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में जयपाल सिंह ,करन सिंह,रूप सिंह, सर्वेश, कमल सिंह,लविश,सोनू आदि मौजूद रहे।




पुलिस की कार्यप्रणाली के खिलाफ प्रदर्शन करते ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

## भाकियू इंडिया ने उपमुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन इंडियन के पदाधिकारियों के द्वारा उपमुख्यमंत्री को किसानों की शिकायतों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपने के ऐलान से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया और संगठन के पदाधिकारियों को उनके आवास पर ही रोक लिया गया, संगठन के जिला अध्यक्ष लोकेश बिधुड़ी के नेतृत्व में उप निरीक्षक को ज्ञापन सोपा गया, ज्ञापन के माध्यम से कालाखेड़ा चीनी मिल में हुए घोटाले की उच्च स्तरीय जांच करा कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई। इसी के साथ उन्होंने क्षेत्र में विद्युत विभाग द्वारा की जा रही कटौती को खत्म कर किसानों को कम से कम 17 घंटे विद्युत आपूर्ति दिए जाने की मांग की। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि किसानों की जमीन जो ग्रीन गलियारे में ली जा रही है,उस जमीन का 15 लाख रूपए वीघा के हिसाब से मुआवजा दिया जाए।इस मौके पर जिला अध्यक्ष लोकेश विधुडी,दिमाग सिंह,श्याम सिंह,जितेंद्र सिंह,धर्मेंद्र सिंह,प्रवीण कुमार,पप्पू, संजय सिंह,मलखान सिंह,अमित, लोकेंद्र आदि किसान मौजूद रहे।



भाकियू इंडिया के कार्यकर्ता ज्ञापन सौंपते हुए। -जागरण मोर्चा

आयोजन

टीएमयू के कॉलेज ऑफ नर्सिंग में बीएससी नर्सिंग की फेयरवेल पार्टी- एलिरियन सायोनारा में बीएससी नर्सिंग अंतिम वर्ष के स्टुडेंट्स ने नृत्य, संगीत, समूह प्रस्तुति और मनोरंजक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा मन

## टीएमयू बीएससी नर्सिंग में निखिल चौहान मिस्टर तो दिव्या नायर बनीं मिस फेयरवेल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ नर्सिंग में बीएससी नर्सिंग की फेयरवेल पार्टी- एलिरियन सायोनारा में बीएससी नर्सिंग अंतिम वर्ष के स्टुडेंट्स की नृत्य, संगीत, समूह प्रस्तुति और मनोरंजक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का जादू सिर चढ़कर बोला। अंततः निखिल चौहान को मिस्टर फेयरवेल और दिव्या नायर को मिस फेयरवेल चुना गया। मिस्टर और मिस फेयरवेल को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

बीएससी थर्ड की स्टुडेंट्स प्राची, महिमा गुप्ता, केंजल एंड ग्रुप ने बॉलीवुड गीतों पर स्वागत नृत्य की प्रस्तुति दी। स्टुडेंट्स अमन कुमार, जैनाथ मिश्रा, समर्पित एंड ग्रुप डांस से सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। इससे पूर्व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन के संग रिद्धि-सिद्धि भवन में फेयरवेल पार्टी- एलिरियन सायोनारा का शंखनाद हुआ। इस मौके पर नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, नर्सिंग कालेज की प्राचार्या प्रो. जेसलीन एम., वाइस प्रिंसिपल प्रो. राम निवास आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही।




डीन नर्सिंग प्रो. सुभाषिनी ने स्टुडेंट्स को समर्पण, अनुशासन एवम् मानव सेवा की भावना के साथ नर्सिंग पेशे में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने स्टुडेंट्स को उत्कृष्ट नर्स बनकर समाज और राष्ट्र की सेवा करने के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या प्रो. जेसलीन ने कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सर्वोच्च माध्यम है। उन्होंने स्टुडेंट्स को आत्मविश्वास, संवेदनशीलता और सकारात्मक सोच के साथ करियर में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। समारोह में अंतिम वर्ष के स्टुडेंट्स के लिए एक विशेष मेमोरी वीडियो के जरिए उनके कॉलेज जीवन की यादगार झलकियो को प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगिताओं के मूल्यांकन में डॉ. सहर्ष वाल्टर और प्रो. विजिमोल शामिल रहे। इस मौके पर डॉ. रामकुमार गर्ग, डॉ. सुमन वशिष्ठ, डॉ. सपना सिंह, प्रो. वेदमूर्ति, प्रो. अनुषी सिंह, श्री गौरव कुमार, श्री नफीस अहमद, श्री शैलेन्द्र वर्मा, सुश्री विभा कुमारी, श्रीमती चेतना वशिष्ठ आदि के संग-संग बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संचालन जैनाथ, मिशवाह, सुश्री ईशिता, शालिना आदि ने किया।

## एच.एस.एस. पब्लिक स्कूल में चार दिवसीय समर कैंप का उमंग के साथ हुआ शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय एच.एस.एस. पब्लिक स्कूल में कक्षा एक से कक्षा आठ तक के बच्चों के लिए चार दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ बड़े उत्साह के साथ किया गया। इसका उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास, भाषा कौशल और शारीरिक दक्षता का विकास करना है।कैंप के प्रथम दिन बच्चों ने मेहंदी, कैलीग्राफी, इंग्लिश स्पीकिंग, डांस, नेल आर्ट, ताइक्वांडो, क्ले पॉटरी, स्केटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट स्टोन पेंटिंग तथा कुकिंग विदाउट फायर जैसी विविध गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की। बच्चों के मनोरंजन के लिए विशेष रूप से आया 'पांडा' मुख्य आकर्षण रहा, जिसे देख बच्चे झूम उठे।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अंकुर काशिव ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप यह समर कैंप अनुभवात्मक व कौशल-आधारित शिक्षा के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। ये गतिविधियाँ बच्चों को जीवनोपयोगी कौशल, अनुशासन और सामाजिक सहयोग सिखाती हैं।प्रथम दिन बच्चों में गजब का उत्साह दिखा। शिक्षकों ने सभी गतिविधियों का कुशलतापूर्वक संचालन कर बच्चों को प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन ने बच्चों के इस अनूठे उत्साह और शिक्षकों के सराहनीय प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की है।



समर कैंप का फीता काट कर शुभारंभ करती छात्राएं। -जागरण मोर्चा

# संपादकीय

## आरक्षण पर 'सुप्रीम' सवाल

सर्वोच्च अदालत की एक न्यायिक पीठ ने ओबीसी के उन बच्चों को लगातार आरक्षण देने पर सवाल उठाया है, जिनके परिवार शैक्षिक और आर्थिक रूप से उन्नत, समृद्ध हो चुके हैं। जिनके माता-पिता दोनों ही आईएएस अधिकारी हैं अथवा सरकार में उच्च पदों पर हैं या उनकी संयुक्त आय 'मलाईदार तबके' (क्रीमी लेयर) की अधिकृत, अधिकतम सीमा से अधिक है। अर्थात जिन माता-पिता की साझा सालाना आय 8 लाख रुपए से अधिक है, उनके बच्चों को आरक्षण क्यों दिया जाना चाहिए? न्यायिक पीठ ने एक महत्वपूर्ण टिप्पणी यह भी की है-शैक्षिक और आर्थिक सशक्तिकरण के साथ सामाजिक गतिशीलता भी आती है। यदि आरक्षण हमेशा जारी रहा, तो हम कभी भी इस चक्र से बाहर नहीं निकल पाएंगे। दरअसल आरक्षण आज अपने सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक मायने खो चुका है और इसे 'राजनीतिक हथियार' बना दिया गया है। संविधान तय करने वाले हमारे पुरखों ने अनुसूचित जाति, जनजाति के लिए 10 साल के आरक्षण की व्यवस्था की थी, लेकिन वीपी सिंह के प्रधानमंत्री काल के दौरान आरक्षण के दायरे में ओबीसी (पिछड़ा वर्ग) को भी लाया गया। उसके बाद करीब 50 फीसदी आरक्षण आज भी जारी है। कुछ राज्यों ने आरक्षण की अधिकतम सीमा पार करने और मुसलमानों को भी आरक्षण देने का जुगाड़ कर लिया है। वे सर्वोच्च अदालत के फैसले का भी उल्लंघन कर रहे हैं। संविधान लागू हुए भी 76 साल से अधिक वक्त बीत चुका है। आज शीर्ष अदालत को फिर सवाल उठाना पड़ा है। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां ने जो सवाल उठाया है, उसे देश की राजनीतिक व्यवस्था नजरअंदाज कर देगी, क्योंकि वह आरक्षण की समीक्षा तक के पक्ष में नहीं है। 2024 का लोकसभा चुनाव याद कीजिए। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और विपक्ष के कुछ दलों ने संविधान की एक प्रतीकात्मक पुस्तिका लहराते हुए फर्जी नेरेटिव फैला दिया था कि भाजपा सरकार संविधान को बदलने जा रही है, लिहाजा उसने 400 सीट का लक्ष्य तय किया है। यदि संविधान बदलेगा, तो भाजपा आरक्षण भी समाप्त कर सकती है, क्योंकि संघ परिवार मानसिक और वैचारिक तौर पर आरक्षण-विरोधी है। प्रधानमंत्री मोदी ने जनता को विश्वास दिलाने के खूब प्रयास किए कि न तो संविधान बदलेगा और न ही आरक्षण समाप्त होगा। आरक्षण आज भी जारी है। अंततः नतीजा यह हुआ कि चुनाव में भाजपा को सामान्य बहुमत भी नहीं मिला और वह 240 सीट पर ही ठहर गई। उप्र में भाजपा लक्ष्य से 50 फीसदी से भी कम सीटें जीत पाई और सपा के 37 सांसद जीत कर लोकसभा पहुंचे। कांग्रेस को भी 'रुंगे' में 6 सीट मिल गईं। ऐसा ही नेरेटिव अब फिर शुरू किया जा सकता है। 'आरक्षणवादी विपक्ष' सर्वोच्च अदालत के सवाल की भी राजनीतिक, चुनावी व्याख्या कर सकता है। आरक्षण की व्यवस्था सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक विषमताओं, विसंगतियों से लड़ने और एक सामाजिक, शैक्षिक समानता का न्याय देने के विचार से की गई थी। एक औसत आईएएस, आईपीएस अधिकारी को करियर की शुरुआत में ही 'इन हैंड सैलरी' 95,000-1 लाख रुपए से अधिक मिलती है। नौकरी के अनुभव और वरिष्ठता क्रम में यह वेतन 2 लाख रुपए या उससे अधिक माहवार हो जाता है। सरकारी आवास और वाहन की सुविधाएं अलग हैं। ऐसे अधिकारियों का सत्ता के गलियारों में 'भौकाल' अलग किस्म का होता है। ऐसे माता-पिता का बच्चा जब किशोर होता है और 10वीं कक्षा तक पहुंचता है, तो गणना कर लीजिए कि ऐसे अधिकारी माता-पिता की सालाना आय कितनी 'मलाईदार' होगी? तो ऐसे बच्चों को 'पिछड़ा' मान कर, सामाजिक विपन्न, वंचित मान कर, क्या आरक्षण की सुविधा देनी चाहिए? न्यायिक पीठ का मानना है कि यदि अगली पीढ़ी भी आरक्षण मांगती रहेगी, तो समाज कभी इस व्यवस्था से बाहर नहीं निकल पाएगा। दरअसल 1992 के ऐतिहासिक 'इंदिरा साहनी' फैसले से 'क्रीमी लेयर' की व्यवस्था अस्तित्व में आई थी। यह मुद्दा अनिवार्य भी है, लेकिन उससे ज्यादा संवेदनशील भी है। शीर्ष अदालत को अपने विशेषाधिकार का इस्तेमाल करते हुए इस मुद्दे पर फैसला सुनाना चाहिए अथवा भारत सरकार को निर्देश देना चाहिए। सिर्फ आईएएस, आईपीएस की ही नहीं, बल्कि भारत सरकार के कई विभागों में निदेशक स्तर के भी अधिकारी हैं, जिनके पास 'दलित' या 'आदिवासी' के प्रमाण-पत्र हैं, जीवन में खूब सम्पन्नता है, कारों में घूमते हैं और महंगे मकानों में रहते हैं, लेकिन उनके बच्चों को भी आरक्षण प्राप्त है? इस संबंध में कोई तर्कसंगत नीति बननी चाहिए।

# अपने भू-राजनीतिक केंद्र की ओर लौटता भारत

खबरें स्वागत योग्य है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सितंबर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारत आएंगे- खासकर क्वाड गुट के विदेश मंत्रियों की बैठक के संदर्भ में, जिसके लिए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के अलावा जापान और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री भी राजधानी पहुंचे हैं। अगले कुछ दिनों में होने वाला भारत-अफ्रीका शिखर सम्मेलन दुर्भाग्यवश टालना पड़ा क्योंकि इबोला वायरस का खतरा फिर से सिर उठाने लगा है।



आखिरकार, भारत अपने पुराने भू-राजनीतिक केंद्र की ओर लौटता दिखाई दे रहा है। शायद इसके पीछे डोनाल्ड ट्रम्प का पाकिस्तान के प्रति छिपाए न छिपने वाला लगाव, पश्चिम एशिया में युद्ध से अर्थव्यवस्था पर चोट, और अमेरिका-चीन के बीच संभावित प्रलंयकारी तनाव ही वे वजहें थीं, जिन्होंने ध्यान केंद्रित करवाया। आखिरकार यह हो रहा है - भले ही विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी सिबी जॉर्ज ने एक युवा नॉर्वेजियन पत्रकार को भारत की प्राचीन सभ्यतागत विरासत पर लंबा-चौड़ा भाषण दिया हो, सिर्फ इसलिए कि उस पत्रकार ने एक ऐसा सवाल पूछ लिया था, जो उन्हें नागवार लगा। यह छोटी सी कीमत है, जो चुकानी पड़ रही है।

सच तो यह है कि शी जिनपिंग, व्लादिमीर पुतिन, लूला दा सिल्वा, सिरिल रामाफोसा और नरेंद्र मोदी - ये सभी कुछ ही महीनों में एक वार्ता कक्ष में मौजूद होंगे। ये सब चीन, रूस, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और भारत के नेता हैं, जो ब्रिक्स संगठन के संस्थापक सदस्य हैं। क्वाड गुट के विदेश मंत्रियों की बैठक इसका संकेत है कि लंबे समय से टलता आ रहा क्वाड शिखर सम्मेलन भी जल्द ही हो सकता है। यह इस बात का पैमाना है कि चीजें कितनी बदली हैं भले ही वे पहले जैसी न हों, पिछले 12 वर्षों में, जब से प्रधानमंत्री मोदी सत्ता में आए हैं, भारत की विदेश नीति की असली कहानी यही रही है। भारत ने अमेरिका (जिसके साथ रिश्ते आजकल जरा उतार-चढ़ाव भरे हैं), इस्राइल और यूएई के साथ दोस्ती प्रगाढ़ की है; गलवान की ठंडी-बर्फीली चोटियों पर चीन के साथ आमने-सामने की स्थिति बनी; पाकिस्तान से दोस्ती का हाथ बढ़ाया, लेकिन सीमा पार से जारी आतंकवाद के लिए उसे दंडित भी किया; अपने पड़ोस के अन्य भागों (जैसे बांग्लादेश और श्रीलंका) के साथ रिश्तों को नए सिरे से गढ़ने की कोशिश की; और नीदरलैंड्स के साथ बराबर की हिस्सेदारी बनाई है। जहां तक नॉर्वे की बात है, तो हम यह जान चुके हैं कि छह अक्षरों के इस नाम में यदि वर्णमाला का 18वां अक्षर हटा दें तो बेहतर तरीके से पुनः व्यवस्थित कर सकते हैं। क्योंकि भारत ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है तो ऐसा भी नहीं है कि कोई नया अंतर्राष्ट्रीय समीकरण बनने वाला है। पिछले से पिछले हफ़्ते बीजिंग में ट्रंप का दौरा हमें बताता है कि चीन अमेरिकियों से टकराव करने से बचता रहेगा, क्योंकि अमेरिका उसका सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना हुआ है। वहीं, गत सप्ताह बीजिंग में पुतिन के दौरे से पता चलता है कि यूक्रेन के साथ अपने गतिरोध वाले युद्ध के चौथे साल में, और पश्चिमी देशों के छिद्र-दार प्रतिबंधों की मदद से, रूस अहम संबंधों,जैसे कि चीन और भारत, को स्थिर रखने की कोशिशें जारी रखेगा। (रूस को पता है कि अमेरिका के साथ चीन के आर्थिक रिश्ते, रूस के प्रति चीन के रवैये को सीमित रखेंगे, भले ही दोनों देश अन्य मामलों पर कितनी भी सहमति क्यों न रखते हों)।

चलिए, हम इस दौर का नाम 'नए दोस्त तलाशने और लोगों को प्रभावित करना' रख देते हैं- यहां तक कि वे समाज के उच्च वर्ग यानी संभ्रांत तबके के लोग भी जो देशों को चलाने का काम करते हैं, वे भी उस भावना को समझते हैं जो 'बहु-संबद्धता' में निहित है। यह दुनिया की हकीकतों से मुंह मोड़ना नहीं, जैसा कि 'गुटनिरपेक्षता' में था, बल्कि यह दुनिया से और भी ज़्यादा जुड़ाव है। अब जबकि भारत अपनी आज़ादी के 80वें साल में प्रवेश कर रहा है, उसे यह बात समझ आ गई कि एक क्षेत्रीय शक्ति के तौर पर, जिसे अपनी परिस्थितियों का सर्वोत्तम उपयोग करना है, उसके लिए बहु-संबंध बनाना ही सबसे उपयुक्त रास्ता है।

ऐसा नहीं कि भारत ने अपनी बात खुलकर नहीं कही, तब भी जब पूर्व सोवियत संघ के साथ उसके संबंध गठबंधन जैसे थे। जब 1958 में बोरिस पेस्टरनाक को उनकी किताब 'डॉक्टर ज़िवैगो' के लिए साहित्य का नोबेल पुरस्कार मिला, तो जवाहरलाल नेहरू ही थे जिन्होंने लेखक को स्वीडन जाकर मेडल लेने की अनुमति दिलवाने में अगुवाई की थी। (हालांकि सोवियत संघ ने उनकी भी नहीं सुनी)।

ऐसे और भी कई उदाहरण याद आते हैं। इंदिरा गांधी द्वारा मुस्कुरा कर जवाब देने से लेकर - जो उन्होंने एक अमेरिकी पत्रकार को दिया था जब उसने पूछा कि भारत 'वामपंथी' है या 'दक्षिणपंथी' -जिस पर उन्होंने कहाः'हम तो सीधे खड़े हैं' - अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा वर्ष 2000 में बिल क्लिंटन को भारत आने का निमंत्रण देने तक, जबकि दो साल पहले ही अमेरिका ने भारत के परमाणु परीक्षणों के कारण उस पर प्रतिबंध लगा रखे थे। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत में पांच शानदार दिन बिताए; वे जहां भी गए, उनका ज़ोरदार स्वागत हुआ (जबकि पाकिस्तान में उन्होंने कड़े सुरक्षा घेरे में महज़ पांच घंटे बिताए)। उन्होंने भारत में इतना आनंद लिया कि फिर इससे कोई फ़र्क ही नहीं पड़ा कि किसने किसे सज़ा दी थी और किसने किसको माफ़ किया। यही कारण है कि 'कोट-टेल स्कूल ऑफ़ डिप्लोमेसी' (किसी शक्तिशाली देश की छत्रछाया में रहकर लाभ उठाने की कूटनीति)-जैसा जापान और आसियान देश बीते कई दशक से कर रहे हैं-भारत के संदर्भ में कारगर नहीं हो सकते। यह देश इतना विशाल, अलग, विविध व जटिल है कि इसे किसी एक तय ढांचे में फ़िट नहीं किया जा सकता। यही वजह कि उत्तर प्रदेश में लागू की गई 'एक ज़िला, एक व्यंजन' नीति-जिसमें एक भी व्यंजन मांसाहारी नहीं-बाकी जगह असफल होना तय है। अपनी भोजन नीति को कुछ विस्तार देते हुए,भाजपा ने यह बात समझ ली है कि जिन उत्तर भारतीय राज्यों में उसकी सरकारें हैं, वहां लागू किए गए 'गोमांस प्रतिबंधों' को वह पूर्वोत्तर भारत में अपने सहयोगी दलों पर थोप नहीं सकती।

# व्यापार समझौतों में जान फूंकेंगे नए श्रम कानून

इन दिनों भारत की अर्थव्यवस्था से संबंधित वैश्विक आर्थिक संगठनों की रिपोर्टों में दो बातें रेखांकित हो रही हैं। एक, पश्चिम एशिया संकट के कारण देश की विकास दर में तेजी से गिरावट आ रही है। दो, भारत के तेजी से बढ़ते द्विपक्षीय व्यापार समझौतों और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को भारत के हित में अधिक लाभप्रद बनाने के मद्देनजर हाल ही में गजट अधिसूचना के माध्यम से पूरे देश में जमीनी स्तर पर लागू की गई चार नई श्रम संहिताएं (लेबर कोड) जान फूंकते हुए दिखाई दे सकेंगी। इन चार श्रम संहिताओं- मजदूरी संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता और व्यावसायिक सुरक्षा संहिता के तहत नए सरल श्रम कानून उद्योग-कारोबार को मजबूती और विकास की नई संभावनाओं को आकार देते हुए दिखाई दे सकेंगे। उल्लेखनीय है कि इस समय वैश्विक अनिश्चितता और पश्चिम एशिया संकट के कारण घटती हुई विकास दर को थामने तथा विकास दर को बढ़ाने के मद्देनजर भारत द्विपक्षीय व्यापार समझौतों और एफटीए की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में 22 मई को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स के बीच द्विपक्षीय वार्ता के दौरान वर्ष 2029 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना करने की प्रतिबद्धता जताई गई है। पिछले एक दशक में साइप्रस से भारत में निवेश लगभग दोगुना हुआ है।




इसी तरह पिछले दिनों 15 से 20 मई तक प्रधानमंत्री मोदी ने पांच देशों- संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की आधिकारिक यात्रा के दौरान इन देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार के महत्वपूर्ण समझौते किए हैं। इनमें सेमीकंडक्टर, ऊर्जा, रक्षा और क्रिटिकल मिनरल्स पर समझौते प्रमुख हैं। प्रधानमंत्री मोदी के साथ वार्ता के दौरान इन देशों की 50 बड़ी वैश्विक कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के द्वारा भारत में अपनी व्यापार विस्तार योजनाओं के लिए लगभग 40 अरब डॉलर की राशि का निवेश संकल्प जताया गया है। यह भी महत्वपूर्ण है कि इस यात्रा के दौरान 19 मई को ओस्लो में संपन्न भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन यूरोप के नॉर्डिक क्षेत्र के साथ भारत के रिश्तों को व्यापक बनाने के मामले में अहम रहा है। नॉर्डिक देशों में उत्तरी यूरोप के डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे और स्वीडन जैसे देश शामिल हैं। अब भारत इनके साथ पारंपरिक कूटनीतिक रिश्तों के बजाय गहन रणनीतिक साझेदारी की दिशा में बढ़ रहा है। नार्डिक देशों की कई बड़ी कंपनियों में से कई कंपनियां पहले से ही भारत में काफी अधिक निवेश कर चुकी हैं और उनका भारत में कुल निवेश लगभग 180 अरब डॉलर के आसपास है। नार्डिक देशों ने अगले 15 वर्षों में भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है और इसके बदले में भारत ने इन देशों की रक्षा कंपनियों को रक्षा उद्योग गलियारे में 100 फीसदी विदेशी निवेश पहुंच प्रदान करना सुनिश्चित किया है। उल्लेखनीय है कि भारत एफटीए की डगर पर भी तेजी से बढ़ रहा है। पिछले माह 27 अप्रैल को भारत और न्यूजीलैंड के बीच एक ऐतिहासिक एफटीए पर हस्ताक्षर हुए हैं। न्यूजीलैंड के साथ किए गए इस एफटीए का अत्यधिक मजबूत पक्ष भारत से सेवा निर्यात बढ़ाना और भारत से पेशेवरों को न्यूजीलैंड में अच्छे अवसरों के लिए आगे बढ़ाना भी है। यह एफटीए भारत की प्रतिभाओं, स्टार्टअप्स और नवाचार के लिए एक मजबूत बुनियाद प्रदान करता है। यह भी महत्वपूर्ण है कि पिछले वर्ष 2025 में भारत के द्वारा ब्रिटेन और ओमान के साथ किए गए एफटीए का भी इसी वर्ष 2026 में आगामी महीनों में कार्यान्वयन शुरू होगा। साथ ही भारत-यूरोपीय संघ एफटीए का क्रियान्वयन भी इसी वर्ष संभावित है। इस समझौते को सभी समझौतों की जननी कहा गया है। अब मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और चार यूरोपीय देशों आइसलैंड, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टाइन के समूह यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (एफ्टा) के साथ सफलतापूर्वक कार्यान्वित हो रहे एफटीए के और अधिक लाभ मिलते हुए दिखाई देंगे। इतना ही नहीं, कनाडा, इजरायल, रूस, पेरू, चिली, दक्षिण अफ्रीका और मेक्सिको के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर काम में तेजी आएगी। निश्चित रूप से भारत के बढ़ते हुए व्यापार समझौतों के अत्यधिक सकारात्मक परिदृश्य के बीच भारत में लागू नए सरल श्रम कानूनों की नई लाभप्रद अहमियत दिखाई दे रही है। नए श्रम कानूनों से व्यापार समझौतों का प्रभावी रूप से लाभप्रद क्रियान्वयन होगा। नए श्रम कानूनों से श्रमिकों की सुरक्षा में वृद्धि और बेहतर रोजगार ढांचे के लिए नियमों का आधुनिकीकरण उभर कर दिखाई दे रहा है। वहीं इनसे उद्योग-कारोबार को रफ्तार मिलेगी। ये श्रम कानून देश में स्वतंत्रता के बाद से सबसे व्यापक और प्रगतिशील श्रम-उन्मुख सुधार हैं।

# सनातन विरोध की बजाय आम मुद्दों पर केंद्रित हो राजनीति

यह भी सत्य है कि अनेक विपक्षी दल स्वयं को सनातन विरोधी नहीं, बल्कि सामाजिक कुरीतियों, जातिवाद और भेदभाव के विरोधी बताते हैं। उनका तर्क है कि वे सामाजिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों की बात करते हैं। यह दृष्टि लोकतंत्र में स्वीकार्य है, क्योंकि हर परंपरा में आत्मसमीक्षा और सुधार की आवश्यकता होती है।

भारतीय राजनीति के वर्तमान परिदृश्य में एक ऐसा विमर्श लगातार उभर रहा है, जिसने राजनीतिक बहस को विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक न्याय जैसे मूल प्रश्नों से हटाकर धार्मिक पहचान और आस्था के इर्द-गिर्द खड़ा कर दिया है। यह विमर्श है-सनातन समर्थन बनाम सनातन विरोध। आज देश में एक ओर सनातन संस्कृति को भारतीय जीवन का शाश्वत आधार मानने वाली शक्तियां हैं, तो दूसरी ओर कुछ राजनीतिक वक्तव्य और प्रवृत्तियां ऐसी दिखती हैं जिन्हें जनमानस सनातन विरोध के रूप में देखता है। प्रश्न यह नहीं कि किसी विचारधारा से सहमति या असहमति क्यों है, बल्कि प्रश्न यह है कि क्या राजनीति का केंद्र धर्म होना चाहिए या जनजीवन के वास्तविक मुद्दे? भारत का लोकतंत्र धर्मनिरपेक्ष संविधान पर आधारित है, जहां राज्य का कार्य किसी धर्म का पक्ष या विरोध नहीं, बल्कि सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना है। राजनीतिक दलों का दायित्व भी यही होना चाहिए कि वे जनता की समस्याओं, विकास और राष्ट्रीय एकता को प्राथमिकता दें। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में धार्मिक विमर्श राजनीति का बड़ा केंद्र बन गया है।

सनातन केवल एक धार्मिक शब्द नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता की सांस्कृतिक चेतना, जीवन-दर्शन और मूल्य परंपरा का प्रतीक है। "सत्यं वद, धर्मं चर", "वसुधैव कुटुम्बकम्", "सर्वे भवन्तु सुखिनः" जैसे सूत्र इसी सनातन दृष्टि के अंग हैं। इसलिए जब कोई राजनीतिक वक्तव्य सनातन को लेकर अपमानजनक या आक्रामक भाषा का उपयोग करता है, तो उसका प्रभाव केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और भावनात्मक स्तर पर भी पड़ता है। तमिलनाडु में द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म की तुलना बीमारी से करने वाला वक्तव्य इसी कारण व्यापक विवाद का कारण बना। विपक्ष के अनेक दलों ने उससे दूरी बनाने का प्रयास किया, क्योंकि यह स्पष्ट था कि भारत जैसे देश में करोड़ों लोगों की आस्था को आहत करने वाला कथन राजनीतिक रूप से भी असहज स्थिति उत्पन्न करेगा।

# तपती धरती और हीटवेव से मौतें

देश का आधे से ज्यादा हिस्सा न सिर्फ तेज धूप और लू की चपेट में है, बल्कि तेलंगाना और ओडिशा में हीटवेव से हुई मौतें भी स्थिति की गंभीरता बताने के लिए काफी है। तेलंगाना में लू की चपेट में आने से 16 लोग मारे गये हैं। सबसे ज्यादा मौतें वारंगल जिले में हुई है। पिछले कुछ दिनों से तेलंगाना के 15 जिलों में तापमान 45 डिग्री से ज्यादा रिकॉर्ड किया गया है। तेज गर्मी और लू के कारण ओडिशा में भी 16 मौतों की जानकारी मिली है।




हालांकि बताया जा रहा है कि इनमें से तीन लोगों की मौत हीटस्ट्रोक के कारण हुई है। बाकी मामलों की जांच अभी जारी है। ओडिशा के कई जिलों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है। आंध्र प्रदेश में भी तेज गर्मी की वजह से शनिवार को अलग-अलग इलाकों में हीटस्ट्रोक से कुछ लोगों के मारे जाने की बात सामने आयी है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात और महाराष्ट्र के कई हिस्सों में तापमान 45 डिग्री पार पहुंच गया है और शनिवार को दुनिया के 50 सबसे गर्म शहरों में बांदा, चंद्रपुर, रायपुर, प्रयागराज जैसे भारत के 37 शहर शामिल थे।

झारखंड के उत्तर पूर्वी क्षेत्र और मध्य भाग में धूप का तेज अपेक्षाकृत कम है, तो राज्य का उत्तर पश्चिमी क्षेत्र जल रहा है और पलामू, गढ़वा, चतरा और लातेहार हीट वेव की चपेट में हैं। इसी तरह उत्तर बिहार में कुछ राहत है, लेकिन दक्षिण बिहार में भीषण गर्मी और हीटवेव से लोग परेशान हैं। देशभर में अधिकतम तापमान तो खैर बढ़ ही रहा है, कई जगहों पर न्यूनतम तापमान भी अपेक्षाकृत तेजी से बढ़ रहा है। आंकड़े बताते हैं कि दिल्ली, अहमदाबाद, कोलकाता, मुंबई, चेन्नई और हैदराबाद में देर रात और सुबह भी न्यूनतम तापमान 30 डिग्री के आसपास रह रहा है।

विशेषज्ञों के मुताबिक, ज्यादातर इलाकों में दिनभर तापमान अधिकतम बने रहने के कारण रात में तापमान में अपेक्षित कमी नहीं आ पा रही है, क्योंकि धरती की सतह और हवा गरम रहती है। बढ़ते तापमान के कारण बांदा जैसी जगहों में दिन की गतिविधियां सुबह दस बजे के बाद लगभग ठप हो जा रही हैं, तो न्यूनतम तापमान बढ़ने से लोगों को रात में भी राहत नहीं मिल रही।

# संकट को अवसर में बदल सकता है भारत

वर्तमान संकट को भारत की क्षमता की परीक्षा के रूप में देखा जाना चाहिए। यदि इसे अनुशासन के साथ संभाला गया, तो यह स्थिति तेज ऊर्जा परिवर्तन, बेहतर लॉजिस्टिक्स और अधिक सुरक्षित सप्लाई चेन को बढ़ावा देकर अर्थव्यवस्था को और मजबूत बना सकती है। भारत पहले भी बाहरी झटकों का सामना कर चुका है और वर्तमान नीतिगत ढांचा पहले की तुलना में अधिक सक्षम है, जो अस्थिरता को संभालते हुए परिवारों और व्यवसायों की रक्षा कर सकता है। भारत की नीतिगत चुनौती विकास को स्थिर बनाए रखते हुए कमजोर वर्गों की सुरक्षा करना है।




होर्मुज जलडमरूमध्य में गतिरोध का भारी असर वैश्विक अर्थव्यवस्था झेल रही है। इसका असर सबसे अधिक तेल और ऊर्जा क्षेत्र में महसूस किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में कम ईंधन उपयोग करने, कम सोना खरीदने, विदेशी यात्राएं टालने और संभव हो, तो घर से काम करने जैसी सलाह दी थी। मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए ये सुझाव विवेकपूर्ण हैं। हालांकि इन सुझावों ने अनिश्चितता का वातावरण भी पैदा कर दिया। भारत इस परिस्थिति को संभाल सकता है और अच्छी बात यह है कि उसके पास पहले से कई नीतिगत साधन मौजूद हैं, जो विकास की गति बनाये रखते हुए इस झटके को कम कर सकते हैं। सही तरीका घबराना नहीं, बल्कि ऊर्जा प्रबंधन, लक्षित राहत, सप्लाई-साइड उपायों और विश्वसनीय व्यापक आर्थिक संकेतों का संतुलित मिश्रण अपनाना है। भारत पहले भी बाहरी झटकों का सामना कर चुका है और वर्तमान नीतिगत ढांचा पहले की तुलना में अधिक सक्षम है, जो अस्थिरता को संभालते हुए परिवारों और व्यवसायों की रक्षा कर सकता है। तत्काल समस्या एक पारंपरिक आयातित लागत झटका है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, कठिन शिपिंग परिस्थितियां और घरेलू ईंधन मूल्यों में वृद्धि परिवहन, लॉजिस्टिक्स और अंततः खुदरा महंगाई पर असर डालती हैं। सकारात्मक पक्ष यह है कि भारत कमजोर आर्थिक आधार पर खड़ा नहीं है। हाल की सरकारी परियोजनाओं और नीतिगत बयानों में मजबूत विकास, राजकोषीय संतुलन और सप्लाई-साइड परिस्थितियों में सुधार पर जोर दिया गया है, जबकि रिजर्व बैंक ने बदलती परिस्थितियों के अनुसार हाल ही में महंगाई और विकास के अनुमानों में संशोधन किया है यानी प्राथमिक नीतिगत लक्ष्य संकट को नियंत्रित करना है, बचाव अभियान चलाना नहीं। पहली प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि अस्थायी लागत झटका व्यापक महंगाई के चक्र में न बदल जाए।

# नौतपा का टॉर्चर: 54 जिलों में हीट वेव मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। रविवार को प्रदेश के अधिकांश जिलों में तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को बेहाल कर दिया। 50 से अधिक शहरों में लू चली और दोपहर के समय सड़कें लगभग सूनी नजर आईं। सोमवार को प्रदेश के 54 जिलों में हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। इनमें 10 जिलों के लिए रेड अलर्ट घोषित किया गया है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 24 जिलों में आंधी, गरज-चमक और हल्की बारिश के आसार भी बने हुए हैं। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि सोमवार से शुरू हो रहे नौ दिन नौतपा के दौरान गर्मी के तेवर और तीखे हो सकते हैं।

रविवार को बांदा प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान 46.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भीषण गर्मी का असर जनजीवन और वन्यजीवों पर भी दिख रहा है। मुरादाबाद में ड्यूटी के दौरान एक पीआरडी जवान की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई।

प्राथमिक तौर पर इसे हीट स्ट्रोक का मामला माना जा रहा है। वहीं बिजनौर के अमानगढ़ टाइगर रिजर्व और दुधवा नेशनल पार्क में जानवर गर्मी से बचने के लिए तालाबों के आसपास दिखाई दिए। मुजफ्फरनगर में एक चलती कार में आग लग गई। गाजियाबाद में हल्की बारिश हुई। मथुरा, अयोध्या, बाराबंकी और गोंडा में आंधी चली।

मौसम विभाग ने बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी और संत रविदास नगर में रेड अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में तेज लू और अत्यधिक तापमान की चेतावनी दी गई है। वहीं 23 जिलों सोनभद्र, जौनपुर, गाजीपुर, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, रायबरेली, अमेठी, सुलतानपुर, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं आसपास ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 21 जिलों आजमगढ़, मऊ, बलिया, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या, अंबेडकर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, कासगंज एवं आसपास के क्षेत्र में येलो अलर्ट रहेगा।

## डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के विमान में आई तकनीकी खराबी, निकला धुआं; कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग

एजेंसी समाचार




**लखनऊ।** मुरादाबाद एयरपोर्ट पर उत्तर प्रदेश सरकार के सरकारी विमान में तकनीकी खराबी आने से अफरा-तफरी मच गई। रनवे पर विमान के एक इंजन ने काम करना बंद कर दिया और उसमें से धुआं निकलने लगा। उस समय उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक विमान में मौजूद थे। सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला। सभी यात्री और अधिकारी सुरक्षित बताए गए हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार के सरकारी विमान में सोमवार को तकनीकी खराबी आने से मुरादाबाद एयरपोर्ट पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, विमान रनवे पर था तभी अचानक उसके एक इंजन ने काम करना बंद कर दिया। उसमें से धुआं निकलने लगा। उस समय प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक विमान में मौजूद थे।

घटना के तुरंत बाद एयरपोर्ट प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गईं। एहतियात के तौर पर विमान को रनवे पर ही रोक दिया गया और उपमुख्यमंत्री को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। तकनीकी टीम ने विमान की जांच शुरू कर दी है। खराबी के कारणों का पता लगाया जा रहा है। घटना के बाद एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था और सतर्कता बढ़ा दी गई। प्रशासन ने कहा है कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और सभी यात्री एवं अधिकारी सुरक्षित हैं।

अमौसी स्थित चौधरी चरण सिंह अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्री की फ्लाइट में तकनीकी खराबी आ गई, जिसकी वजह से वह परेशान हुए। कोलकाता जाने वाली फ्लाइट उड़ान भरने से पहले ही आई तकनीकी खराबी की वजह से एक घंटे लेट हुई।

तकनीकी खराबी की वजह से फ्लाइट को एप्रन तक वापस लाया गया। इसके बाद जब इंजीनियरों ने ठीक किया तब जाकर फ्लाइट रवाना हो सकी। फ्लाइट में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक दोनों सवार थे।

### एक नजर



**गंगा दशहरे पर पिलाया मीठा शरबत**

**खटीमा।** गंगा दशहरा के पावन पर्व एवं निर्माण आश्रम कुटिया के महंत हरि गिरि महाराज व सेवक डब्बू मनराल की याद में आम लोगों को मीठा शरबत पिलाकर निर्माण आश्रम कुटिया के श्रद्धालुओं ने जन सेवा की। टनकपुर रोड पुराने बस स्टैंड के समीप लोगों ने गर्मी बढ़ने के साथ ही मीठा शरबत पिलाकर आम लोगों की प्यास बुझाई कौमी एकता की मिसाल कायम करते हुए सचिन रस्तोगी, राज किशोर सक्सेना, कामिल खान प्रशासक, रमाशंक, पप्पू कटिहार, लाल हाथरसी, राहुल, शंकर, राजेंद्र आदि सम्मिलित रहे।

**बिजली विभाग के जेई पर लगा 17 ट्रांसफार्मर फुंकवाने का आरोप, किया गया निलंबित; दो के खिलाफ चार्जशीट**

**लखनऊ।** लखनऊ के अमौसी जोन के उतरेटिया क्षेत्र में पिछले 25 दिन से बढ़ रहे बिजली संकट को नियंत्रित न कर पाने और लापरवाही के आरोप में जूनियर इंजीनियर मोहम्मद कलीम पर बड़ी कार्रवाई हुई है। जेई पर लापरवाही के कारण 250 व 400 केवीए के 17 ट्रांसफार्मर फुंकवाने का भी आरोप है। उन्हें निलंबित कर दूसरे जोन से संबद्ध करने का आदेश जारी हुआ है। वहीं, जेई के बड़े अफसर एसडीओ व एक्सईएन को चार्जशीट दी जा रही है। जोनल मुख्य अभियंता राम कुमार ने बताया कि सोमवार को अधीक्षण अभियंता तकनीकी ब्रह्मपाल ने उतरेटिया व न्यू आलमबाग के जेई मोहम्मद कलीम को निलंबित कर दिया है। यहां के एसडीओ महेंद्र कुमार व एक्सईएन कृष्णानंद को चार्जशीट का जवाब देना होगा। एसडीओ, एक्सईएन भी बिजली आपूर्ति बेहतर कर पाने में नाकाम हुए थे, जिनको बरेली स्थानांतरित किया जा चुका है। उतरेटिया में जेई शर्मा विश्वकर्मा व धर्मेंद्र कुमार की तैनाती की गई है।

## ग्रीष्मकालीन अवकाश में ड्यूटी के बदले उपार्जित अवकाश की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय


तहसीलदार के माध्यम से एसडीएम को ज्ञापन सौंपते शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

**खटीमा।** उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष कमान सिंह सामन्त के नेतृत्व में शिक्षकों ने ग्रीष्मकालीन अवकाश में कार्य के बदले उपार्जित अवकाश प्रदान किए जाने की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया शिक्षकों द्वारा हाल ही में जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य का सफलतापूर्वक संपादन किया गया है, जिसमें प्रगणक एवं सुपरवाइजर के रूप में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। शिक्षकों ने पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया।शिक्षकों ने बताया कि वर्तमान में उनकी ड्यूटी SIR कार्य हेतु बीएलओ के साथ आईटी हेल्पिंग हैंड के रूप में लगाई गई है तथा कुछ शिक्षकों को बीएलओ के साथ सम्बद्ध किया गया है। जबकि SIR कार्य 29 मई से प्रस्तावित है और जून माह में विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश रहता है। इस दौरान अधिकांश शिक्षक अपने पारिवारिक कार्यों, धार्मिक अनुष्ठानों एवं अन्य आवश्यक कारणों से अपने पैतृक निवास स्थानों को जाते हैं।शिक्षकों ने मांग की कि यदि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान उनकी ड्यूटी लगाई जाती है, तो नियमानुसार उन्हें उपार्जित अवकाश प्रदान किया जाए, जिससे वे अपने पारिवारिक एवं व्यक्तिगत दायित्वों का भी निर्वहन कर सकें। इस संबंध में शिक्षकों का एक शिष्टमंडल तहसीलदार वीरेंद्र सिंह सजवान से मिला और मामले पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की मांग की। शिष्टमंडल में छविराज सिंह कपलिया, रमेश सिंह रावत, बलवंत सिंह खाती, हरगोविंद उप्रेती, प्रदीप शर्मा, हरीश भट्ट, सुनील कुमार एवं इरशाद हुसैन सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

## कांग्रेस पार्टी हमेशा आदिवासियों के लिए संघर्षरत रही है

### ग्राम नौगवांठग्गू में किया गया आदिवासी संवाद कार्यक्रम का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय


मुख्य अतिथियों का फूल माला पहना कर स्वागत करते कार्यकर्ता।

**खटीमा।** नानकमत्ता विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नौगवां ठग्गू में आयोजित आदिवासी संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विधायक झाबुआ मध्य प्रदेश डॉ विक्रांत भूरिया एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल का लोगों ने फूलमाला से जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाओं एवं युवाओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान समाज की समस्याओं, प्राथमिकताओं, अधिकारों एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर सार्थक चर्चा हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विधायक झाबुआ मध्य प्रदेश, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का आदिवासी समाज में राजनीतिक ही नहीं बल्कि सामाजिक एवं भावात्मक नाता रहा है। कांग्रेस आदिवासी समाज की जमीन, जल तथा जंगल अधिकार एवं सम्मान की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी सदैव तत्पर संघर्षरत रही है। कार्यक्रम में नानकमत्ता की विधायक गोपाल सिंह राणा खटीमा के विधायक भुवन कापड़ी, किच्छा के विधायक तिलक राज बेहड़, पूर्व विधायक नारायण सिंह राणा, पूर्व विधायक चंपावत हेमेश खर्कवाल, प्रदेश आदिवासी कांग्रेस प्रभारी बंशीलाल मीणा, पूर्व युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर, अशोक राणा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सोनी राणा, ग्राम प्रधान नोगवांठग्गू राखी राणा, गौरव राणा सहित संगठन जुड़े कई पदाधिकारी कार्यकर्ता की संख्या में जनजाति महिलाओं व युवाओं ने प्रतिभागी किया।

**भ्रष्टाचार, व्यभिचार, अत्याचार का एक ही इलाज है परिवर्तन : गोदियाल**

**खटीमा।** नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा के कैंप कार्यालय में पत्रकारों के रूबरू हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल ने कहा कि वह थारु जनजाति क्षेत्र में संदेश देने आए हैं कि कांग्रेस पार्टी स्वतंत्रता के पूर्व से ही अनुसूचित जाति एवं जनजातियों के हितों की रक्षा के लिए लड़ते आ रही है। संविधान के माध्यम से कैसे जनजातियों की सुरक्षा हो इसका बखूबी प्रयास किया गया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल ने कहा कि यह सरकार पूंजीपतियों की सरकार है। पूंजीपतियों के एक लाख करोड़, 2 लाख करोड़ तक के ऋण माफ किए जाते हैं जबकि गरीब महंगाई की मार झेलने को मजबूर है। आजादी के बाद से कांग्रेस शासन में रुपए 62 तक था लेकिन भाजपा शासन में डॉलर के मुकाबले रुपए काफी गिर चुका है।

## राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में खटीमा के अभय सिंह का शानदार प्रदर्शन

### सिल्वर व गोल्ड मेडल जीतकर बढ़ाया क्षेत्र का मान

जागरण मोर्चा कार्यालय


राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में खटीमा के अभय सिंह के शानदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित करते कांग्रेसी। -जागरण मोर्चा

**खटीमा।** बरी अंजनियां निवासी अभय कुमार सिंह ने राष्ट्रीय स्तर की पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अभय कुमार सिंह पुत्र कविराज सिंह ने 120 किलोग्राम बॉडी वेट वर्ग में कुल 650 किलोग्राम वजन उठाकर शानदार प्रदर्शन किया। आंध्र प्रदेश में 15 से 20 मई तक आयोजित राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में अभय ने ओवरऑल सिल्वर मेडल अपने नाम किया, वहीं स्क्वाट स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतकर बड़ी उपलब्धि हासिल की। उनकी इस सफलता से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। प्रतियोगिता से लौटने पर अभय कुमार सिंह का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उन्हें माला पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। उपस्थित लोगों ने कहा कि अभय की मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उमेश सिंह राठौर, पूर्व युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेंद्र आर्य, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद चंद, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मान सिंह, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष नीरज कन्याल, नेशनल मास्टर एथलीट नवदीप सिंह संधू सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



## प्रतीक यादव की तेरहवीं में पहुंचे सीएम योगी

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समाजवादी परिवार के सदस्य प्रतीक यादव की तेरहवीं में शामिल हुए। उन्होंने परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। कार्यक्रम में परिवार के करीबी लोग और कई राजनीतिक हस्तियां मौजूद रहीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अपर्णा यादव समेत अन्य परिजनों को ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की।

समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के छोटे पुत्र प्रतीक यादव की तेरहवीं में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे। उन्होंने पत्नी अपर्णा यादव समेत परिवार के अन्य सदस्यों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। वहीं, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने दिवंगत समाजवादी पार्टी संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बेटे और अपने भाई, दिवंगत प्रतीक यादव के सम्मान में आयोजित शांति प्रार्थना सभा में पुष्पांजलि अर्पित की।

## हिंद पब्लिक स्कूल में समर कैंप का शानदार आयोजन, बच्चों ने की खूब मस्ती

जागरण मोर्चा कार्यालय


समर कैंप का आनंद लेते बच्चे। -जागरण मोर्चा

**खटीमा।** हिंद पब्लिक स्कूल में छात्रों के बहुमुखी विकास एवं गर्मी की छुट्टियों को मनोरंजक बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय समर कैंप का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक नीरज कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस कैंप में बच्चों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। कैंप को दो वर्गों में विभाजित कर विद्यार्थियों के लिए मनोरंजन और रचनात्मकता से भरपूर कार्यक्रम आयोजित किए गए। नर्सरी से यूकेजी तक के नन्हें बच्चों के लिए विशेष आकर्षण मिकी माउस रहा, जिसके साथ बच्चों ने खूब तस्वीरें खिंचवाईं। गर्मी से राहत दिलाने के लिए रेन डांस एवं वाटर पूल की व्यवस्था की गई, जहां बच्चे पानी की फुहारों के बीच जमकर थिरकते नजर आए। इसके बाद सभी बच्चों ने सामूहिक भोज का आनंद लिया। इस वर्ग का संचालन को-ऑर्डिनेटर डिक्सी बास्टिन की देखरेख में किया गया। वहीं कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए रचनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों ने क्ले एक्टिविटी के माध्यम से सुंदर कलात्मक आकृतियां बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। । विद्यालय के प्रबंध निदेशक नीरज कुमार ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों की छिपी प्रतिभा निखरकर सामने आती है तथा उनमें सामाजिकता और सामूहिक कार्य करने की भावना विकसित होती है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रशासिका मंजू खन्ना, प्रधानाचार्य भुवन चंद्र जोशी, उपप्रधानाचार्या पूजा जोशी सहित विद्यालय का समस्त शिक्षकीय एवं स्टाफ परिवार उपस्थित रहा।

**उदघाटन** दीदी की लाइब्रेरी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए ज्ञान का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगी- मुख्यमंत्री

## सीएम ने किया 89 लाख की लागत से पूर्ण विकास योजनाओं का लोकार्पण

जागरण मोर्चा कार्यालय


सीएम ने किया 89 लाख की विकास योजनाओं का लोकार्पण। -जागरण मोर्चा

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विकासखंड कार्यालय परिसर में शिक्षा, युवा सशक्तिकरण और जनसुविधाओं को नई दिशा देने वाली विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने लगभग 89 लाख रुपये की लागत से पूर्ण हुई परियोजनाओं का लोकार्पण करते हुए कहा कि राज्य सरकार युवाओं के उज्ज्वल भविष्य, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए लगातार कार्य कर रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 55 लाख रुपये की लागत से निर्मित आधुनिक दीदी की लाइब्रेरी, 7.50 लाख रुपये की लागत से नवीनीकृत, आधुनिकीकृत व्यायामशाला भवन तथा 26.50 की लागत से विकासखंड सभागार के आधुनिकीकरण कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि ये सभी सुविधाएं क्षेत्र के विद्यार्थियों, युवाओं एवं आमजन के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगी। उन्होंने कहा कि दीदी की लाइब्रेरी विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए ज्ञान का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगी। ग्रामीण एवं सीमांत क्षेत्रों के अनेक प्रतिभाशाली छात्र संसाधनों की कमी के कारण गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सुविधाओं से वंचित रह जाते थे। नई लाइब्रेरी ऐसे विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित होगी। युवाओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, तथा उच्च शिक्षा के लिए बेहतर तैयारी करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के क्रम में इस लाइब्रेरी का संचालन भी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा किया जायेगा जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि खटीमा में स्थापित यह लाइब्रेरी आने वाले वर्षों में हजारों विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। वहीं मुख्यमंत्री ने व्यायामशाला भवन के नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण को भी युवाओं के लिए महत्वपूर्ण पहल बताया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि खटीमा उनका गृह क्षेत्र होने के साथ-साथ विकास के प्रति उनकी विशेष प्रतिबद्धता का भी केंद्र है और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, ब्लॉक प्रमुख सरिता राणा, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद रमेश चंद्र जोशी, पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र राणा, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शासनी,अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, पंकज उपाध्याय, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ उत्तम सिंह नेगी,जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मनिहारगोठ में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित 26 में से 6 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

जागरण मोर्चा कार्यालय


राज्य अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष फरजाना बेगम का बुके भेंट का स्वागत करते हुए समाज कल्याण अधिकारी आर एस सामंत। -जागरण मोर्चा

**टनकपुर।** ग्राम पंचायत मनिहारगोठ में लोक समस्या निवारण कार्यक्रम के तहत राज्य अल्पसंख्यक आयोग उत्तराखंड की उपाध्यक्ष फरजाना बेगम की अध्यक्षता में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा उनकी समस्याएं सुनी गईं।

शिविर में समाज कल्याण, स्वास्थ्य, राजस्व, शिक्षा, कृषि, बाल विकास, उद्योग, पशुपालन सहित अन्य विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का समाधान किया। कार्यक्रम के दौरान कुल 26 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 6 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। वहीं एक गंभीर प्रकरण पर तत्काल कार्रवाई करते हुए कोतवाली टनकपुर के कोतवाल चेतन रावत को मौके पर बुलाकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अपने संबोधन में फरजाना बेगम ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनता से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाए।

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी जी एस खाती, जिला समाज कल्याण अधिकारी आर एस सामंत, कृषि रक्षा अधिकारी संतोषी, मुख्य शिक्षा अधिकारी मान सिंह, आयोग सदस्य नसीम अहमद, शकील अहमद, आयोग सचिव जे एस रावत, वैयक्तिक अधिकारी शमा परवीन, जितेंद्र चंद, विपिन बिष्ट, दीपक गहतोड़ी उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा चम्पावत जिलाध्यक्ष मुवशिशर अली (गोलू), जिला महामंत्री शादाब अंसारी, प्रदेश मंत्री अमजद हुसैन, जिला सोशल मीडिया संयोजक रिज़वान हुसैन, जिला उपाध्यक्ष नसीम हुसैन, जिला कोषाध्यक्ष समीर अहमद, नजीर हुसैन, ग्राम प्रधान शहाना खातून, मस्जिद कमेटी सदर कदीर हुसैन, पूर्व सदर सफीकुर्रहमान, सभासद दिलदार अली, हज कमेटी सदस्य हसीब अहमद सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# इकोत्तरनाथ मेले में युवक पर धारदार हथियार से हमला

## मारपीट में मां, भाई और पिता को भी पीटा हालत गंभीर

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** इकोत्तरनाथ मंदिर पर जूस के रुपए मांगने पर युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। धारदार हथियार से हमला कर उसको घायल कर दिया। बचाने आए पिता मां और भाई को भी पीटा गया। पुलिस ने दो को हिरासत में लिया है।

घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव कैशोपुर निवासी प्रमोद कुमार जूस का ठेला लगाता है। सोमवार को इकोत्तरनाथ मंदिर पर मेला लगा था। उसने भी अपना जूस का ठेला लगाया। मेले में आए सबलपुर निवासी दो युवक व बंडा थाना क्षेत्र के गांव का युवक उसके ठेले पर पहुंचे। तीनों ने जूस पिया और ठेले से जाने लगे, जब प्रमोद ने रुपये मांगे तो सभी गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर प्रमोद को डंडो से मारा पीटा। धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। बचाने आए मां और पिता के अलावा भाई को भी पीटकर घायल कर दिया। घटना के बाद मेले में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी और भगदड़ जैसी स्थिति बन गई।


मेला में होता विवाद। -जागरण मोर्चा

आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह स्थिति को शांत कराया, लेकिन तब तक युवक घायल हो चुका था। मेले में मौजूद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दो युवको को हिरासत में लिया है। घायलों को उपचार के लिए पूरनपुर सीएचसी लाया गया। जंहा प्रमोद की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हालत में सुधार न होने पर घायल को बरेली रेफर किया गया है। जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने पकडे गए दोनो से पूछताछ कर रही है। मारपीट का वीडीओ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने वताया मामले में दो को हिरासत में लिया गया है। मामले में कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने प्रवेश द्वार का किया शुभारंभ

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** ग्राम पंचायत अमरैया कला में स्थित सत्यमेव जयते प्रवेश द्वार का ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सहित कई ग्रामीण रहे।


शुभारंभ करते ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि।

ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने कहा कि गांव की पहचान और सुंदरता बढ़ाने के लिए प्रवेश द्वार का निर्माण कराया गया है। सत्यमेव जयते लिखा यह द्वार गांव में आने वाले लोगों का स्वागत करेगा और सत्य निष्ठा और एकता का संदेश देगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के गांवों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। सड़क, नाली, पेयजल और स्वच्छता से जुड़े कार्यों को तेजी से पूरा कराया जा रहा है। लंबे समय से ग्रामीणों की मांग थी कि गांव के मुख्य मार्ग पर एक भव्य प्रवेश द्वार बनाया जाए। ब्लॉक प्रमुख के सहयोग से यह कार्य पूरा हो गया है। प्रवेश द्वार बनने से गांव की शोभा बढ़ी है और लोगों में खुशी का माहौल है। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने ग्रामीणों से गांव को स्वच्छ रखने और विकास कार्यों में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने आश्वासन दिया कि अमरेइया कला सहित पूरे ब्लॉक में विकास कार्यों की गति इसी तरह जारी रहेगी। इस मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम पंचायत सदस्य और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों को लेकर किसान महासभा का प्रदर्शन

**पूरनपुर।** तहसील परिसर में किसान महासभा के कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल और डीजल के लगातार बढ़ते दामों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बढ़ी हुई कीमतों को वापस लेने की मांग उठाई। किसान नेताओं का कहना था कि पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने से सबसे अधिक असर किसानों और आम जनता पर पड़ रहा है। कृषि कार्यों में इस्तेमाल होने वाले ट्रैक्टर, पंपसेट और अन्य मशीनों का खर्च लगातार बढ़ता जा रहा है। वहीं परिवहन महंगा होने से खाद, बीज और अन्य जरूरी सामानों की कीमतों में भी वृद्धि हो रही है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति कमजोर होती जा रही है। उन्होंने सरकार से ईंधन की कीमतों में राहत देने की मांग की। इस दौरान किसान महासभा के पदाधिकारियों ने तहसील प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा। प्रदर्शन के दौरान तहसील परिसर में काफी देर तक गहमागहमी का माहौल बना रहा। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे।

### गोमती नदी पुनरुद्धार अभियान का शुभारंभ, डीएम समेत अधिकारियों ने किया श्रमदान

**पूरनपुर।** ग्राम पंचायत रम्पुरा फकीरे में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने गोमती नदी पुनरुद्धार और निर्मल गंगा जल अभियान का पूजन कर शुभारंभ किया। इस दौरान अधिकारियों, गायत्री परिवार, व्यापारियों व ग्रामीणों ने फावड़ा चलाकर श्रमदान किया। जिलाधिकारी ने कहा कि गोमती नदी आदि गंगा के नाम से जानी जाती है और मुख्यमंत्री इसके संरक्षण पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य नदी के जल को स्वच्छ बनाना, जल प्रवाह को अविरल रखना तथा जल स्तर में सुधार करना है। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने कहा कि गोमती नदी पीलीभीत की पहचान है और इसका पुनरुद्धार आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करेगा। उन्होंने नदी की सफाई व खुदाई कार्य को बेहतर ढंग से कराने पर जोर दिया। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के स्मरवीर सिंह, अशोक खंडेलवाल, ठाकुर अजय सिंह, दीपिका चतुर्वेदी सहित कई लोगों ने विचार रखे। माता भगवती देवी गोशाला में आयोजित भंडारे में जिलाधिकारी समेत सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान एसडीएम, तहसीलदार, विकास विभाग के अधिकारी, व्यापारी व बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में नियमित टीकाकरण माइक्रोप्लान कार्यशाला आयोजित

**बीसलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में नियमित टीकाकरण आर आई माइक्रोप्लान कार्यशाला का आयोजन किया गया। अधीक्षक डॉ आलमगीर ने कार्यक्रम में जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाना, शत-प्रतिशत टीकाकरण कवरेज सुनिश्चित करना तथा छूटे हुए एवं ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान कर उन्हें टीकाकरण सेवाओं से जोड़ना है। कार्यशाला में चिकित्सा अधिकारियों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, एएनएम, आशा कार्यकर्ताओं, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों को आर आई माइक्रोप्लान तैयार करने, हेडकाउंट सर्वे, उच्च जोखिम क्षेत्रों की पहचान, टीकाकरण सत्रों की योजना, वैक्सीन एवं लॉजिस्टिक्स प्रबंधन, यू डब्ल्यू ई एन पोर्टल के उपयोग तथा नियमित मॉनिटरिंग के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि आर आई माइक्रोप्लान टीकाकरण कार्यक्रम की सफलता का आधार है, जिससे प्रत्येक पात्र बच्चे एवं गर्भवती महिला तक टीकाकरण सेवाएं सुनिश्चित की जा सकती हैं। कार्यशाला के दौरान टीकाकरण कवरेज बढ़ाने, वैक्सीन से बचाव योग्य रोगों की रोकथाम तथा समुदाय में जागरूकता बढ़ाने पर भी विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों से क्षेत्रवार माइक्रोप्लान को अद्यतन रखने, नियमित समीक्षा करने तथा टीकाकरण सेवाओं को गुणवत्तापूर्ण ढंग से संचालित करने का आह्वान किया। वर्कशॉप में डव्लयू एच ओ से डॉ वीके मिश्रा सीएचसी अधीक्षक डॉ आलमगीर, इरफान अली,बीसीपीएम सरफ़राज़ अहमद व समस्त फ़ील्ड मॉनिटर उपस्थित रहे।

# 29-30 मई को जेपी होटल में सजेगा भाजपा का जिला प्रशिक्षण वर्ग


पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान की तैयारी की बैठक।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** भाजपा जिला कार्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत आगामी जिला प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी एवं जलालाबाद विधायक हरि प्रकाश वर्मा मौजूद रहे। संचालन जिला महामंत्री अनुराग अग्निहोत्री ने किया।

बैठक का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। जिलाध्यक्ष ने बताया कि जिला प्रशिक्षण वर्ग 29 और 30 मई को शहर के जेपी होटल में आयोजित होगा, जिसमें प्रदेश स्तर के संगठन पदाधिकारी और वरिष्ठ जनप्रतिनिधि कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति से अवगत कराएंगे।

विधायक हरि प्रकाश वर्मा ने कहा कि कार्यक्रम को भव्य व अनुशासित बनाने के लिए वर्ग आयोजन समिति का गठन कर विभिन्न जिम्मेदारियां पदाधिकारियों को सौंपी गई हैं। बैठक में गुरभाग सिंह, मंगली प्रसाद वर्मा, महादेव गाईन, रेखा सिंह परिहार, लेखराज भारती, विकास श्रीवास्तव, मनोज गुप्ता, अतिंदर पाल सिंह, आयुष मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**पूरनपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने आत्महत्या करने का प्रयास किया। बेहोशी की हालत में उसको अस्पताल लाया गया। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर परिजनों के बयान दर्ज किए हैं। नगर के मोहल्ला रजागंज निवासी 26 वर्षीय युवक ने सोमवार को अपने घर में संदिग्ध परिस्थितियो में आत्महत्या करने का प्रयास किया। हांलाकि परिजनों को युवक घर में बेहोशी की हालत में मिला। बेहोशी की हालत में पड़ा देख परिजनों में खलवली मच गई। मामले की सूचना पर आस पास के अलावा परिवार के लोग उसको उपचार के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे,जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसको जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, पुलिस ने युवक और उसके परिजनों के बयान दर्ज किए। युवक ने आत्महत्या करने का प्रयास क्यों किया इसको लेकर परिजनों ने बताने से इनकार कर दिया। पुलिस ने बताया मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो मामला सामने आएगा उसी के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# पूरनपुर रोडवेज बस स्टैंड बना "सफेद हाथी", बस संचालन व्यवस्था पर उठे सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** सभासद अनुज कुमार गुप्ता ने उत्तर प्रदेश शासन को पत्र भेजकर पूरनपुर रोडवेज बस स्टैंड एवं डिपो से बसों के समुचित संचालन न होने का मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा कि डिपो होने के बावजूद यात्रियों को पर्याप्त रोडवेज बस सेवाएं नहीं मिल पा रही हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

भेजे गए शिकायत पत्र में बताया गया है कि पूरनपुर से लखनऊ, बरेली, दिल्ली और पीलीभीत जैसे प्रमुख मार्गों पर रोडवेज बसों की संख्या बेहद कम है। क्षेत्र में बड़ी संख्या में सिख समुदाय के लोग निवास करते हैं, जो पंजाब के अमृतसर और लुधियाना सहित अन्य शहरों तक यात्रा करते हैं, लेकिन पर्याप्त बस सुविधा न होने से उन्हें निजी बसों का सहारा लेना पड़ता है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया कि नेपाल और उत्तराखंड सीमा से सटे होने के कारण पूरनपुर एक महत्वपूर्ण बॉर्डर क्षेत्र है, जहां से बड़ी संख्या में यात्री आवागमन करते हैं। इसके बावजूद रोडवेज सेवाएं नियमित और व्यवस्थित रूप से संचालित नहीं हो पा रही हैं। सभासद ने आरोप लगाया कि जो बसें संचालित भी हो रही हैं उनका कोई निश्चित समय नहीं है, जिससे यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ता है।


पूरनपुर रोडवेज बस अड्डा।

वहीं लंबी दूरी की बसों का संचालन न होने से छात्रों, व्यापारियों और नौकरीपेशा लोगों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। पत्र में कहा गया है कि रोडवेज सेवाएं बेहतर न होने के कारण लोग मजबूरन निजी वाहनों से महंगा और असुरक्षित सफर करने को विवश हैं। अनुज कुमार गुप्ता ने शासन से मांग की है कि पूरनपुर डिपो से बसों का नियमित संचालन तत्काल शुरू कराया जाए, प्रमुख मार्गों पर बसों की संख्या बढ़ाई जाए तथा समय-सारिणी तय कर उसका सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया जाए।

# दशहरा के अवसर पर भाजपा नेता दीपक सोनकर ने राहगीरों को पिलाया शर्बत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरखेड़ा।** भीषण गर्मी के बीच दशहरा पर्व के अवसर पर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी दीपक सोनकर ने सामाजिक सेवा की मिसाल पेश करते हुए बरखेड़ा के दौलतपुर रोड स्थित अपने आवास पर राहगीरों को ठंडा शर्बत वितरित किया।

दोपहर की तेज धूप और उमस भरी गर्मी में राहगीरों ने ठंडा शर्बत पीकर राहत महसूस की। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने रुककर शर्बत ग्रहण किया और भाजपा नेता दीपक सोनकर की इस जनसेवा की सराहना की। दीपक सोनकर ने कहा कि गर्मी के मौसम में राहगीरों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है और त्योहारों पर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाना सभी का कर्तव्य होना चाहिए।शर्बत वितरण कार्यक्रम में उनके दादा एवं पूर्व प्रधानाध्यापक छविनाथ सिंह, पिता डॉ. शिवराम, कृष्ण गोपाल, प्रशांत सोनकर, प्रिंस सोनकर, ऋषभ सोनकर, विनीत सोनकर और मोक्ष सहित कई लोगों ने सहयोग किया। सभी ने मिलकर राहगीरों को शर्बत वितरित कर सेवा कार्य में सहभागिता निभाई।


गर्मी में शर्बत वितरित करते भाजपाई। -जागरण मोर्चा

# इकोत्तरनाथ मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**पूरनपुर।** दशहरा पर्व पर इकोत्तरनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मंदिर परिसर में दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर भगवान के दर्शन किए। भीड़ को देखते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए। मंदिर परिसर और आसपास पुलिस बल तैनात रहा, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# बिजली कटौती और अव्यवस्थाओं को लेकर फूटा गुस्सा, नारेबाजी

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** लगातार हो रही बिजली कटौती, लो-वोल्टेज और विभागीय लापरवाही से परेशान भाकियू भानू गुट ने अधिशासी अभियंता कार्यालय पहुंच गए और धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। करीब पांच घंटे तक चले प्रदर्शन के दौरान कार्यालय परिसर में गहमागहमी का माहौल बना रहा।

भाकियू भानू गुट ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।जिसमे कहना था कि नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में कई दिनों से अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। दिन और रात में बार-बार बिजली जाने से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। भीषण गर्मी में बिजली न मिलने से बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों ने आरोप लगाया कि शिकायत करने के बावजूद विभागीय अधिकारी समस्या समाधान को लेकर गंभीर नहीं हैं। धरने में शामिल लोगों ने कहा कि कई मोहल्लों और गांवों में लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है, जिससे बिजली उपकरण खराब हो रहे हैं। वहीं कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर खराब पड़े हैं, लेकिन उन्हें समय से बदला नहीं जा रहा। किसानों ने भी बिजली व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई। उनका कहना था कि पर्याप्त बिजली न मिलने से सिंचाई कार्य प्रभावित हो रहा है, जिससे फसलों पर असर पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने अधिशासी अभियंता कार्यालय के बाहर बैठकर विभाग के खिलाफ नारेबाजी की और जल्द समस्या समाधान की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यदि बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

धरने की सूचना मिलने पर विभागीय अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से वार्ता की। अधिकारियों ने बताया कि बढ़ती बिजली मांग और तकनीकी दिक्कतों के कारण कुछ समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं।

# केंद्रीय मंत्री जितेंद्र प्रसाद ने शोक व्यक्त किया, श्रद्धांजलि सभा 31 मई

**बीसलपुर।** अखिलभारत हिंदू महासभा की महामंत्री अवनीश रत्न के पिता रामनिवास त्रिगुणायत के निधन पर केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने पत्र भेज कर शोक व्यक्त किया। उन्होंने अपनी शोक संवेदना में शोकाकुल परिवार को दुख की घड़ी में धैर्य व संयम बनाए रखना व शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने भी त्रिगुणित के निधन पर शोक व्यक्त किया। अखिल भारत हिंदू महासभा सभा के अध्यक्ष सुनील अवस्थी ने बताया कि रविवार को ग्राम चठिया सेवाराम दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन प्रातः 10:00 बजे से किया जाएगा जिसमें संगठन के प्रदेश व जिला स्तर के कई पदाधिकारी भाग लेंगे।

### भगौतीपुर में राजस्व बिभाग ने कराई पैमाइश

**पूरनपुर।** क्षेत्र के गांव भगौतीपुर में सोमवार को राजस्व विभाग की टीम ने नापजोख (पैमाइश) की कार्रवाई की। इस दौरान गांव में भूमि विवादों और सीमांकन से जुड़े मामलों की जांच की गई। जानकारी के अनुसार, राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर खेतों और जमीन की सीमाओं का निरीक्षण किया। लंबे समय से चल रहे विवादों के समाधान के लिए यह पैमाइश कराई गई। टीम ने संबंधित अभिलेखों के आधार पर जमीन का मिलान किया।






# सीमा देवी लेखपाल संघ की की अध्यक्ष निर्वाचित


वार्षिक चुनाव में सीमा देवी के निर्वाचित होने पर पुष्प देते लेखपाल।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** तहसील उत्तरप्रदेश लेखपाल सघ की तहसील शाखा के हुए वार्षिक चुनाव में सीमा देवी नई अध्यक्ष निर्वाचित घोषित की गई। तहसील सभागार में हुए चुनाव में जाहिद अली वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सनी कनिष्ठ उपाध्यक्ष , विकास शुक्ला मंत्री, संजीव कुमार उप मंत्री, श्रीकांत कोषाध्यक्ष, सलिल चौहान लेखा परीक्षक सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किये गये।

संगठन के चुनाव की प्रक्रिया जिला अध्यक्ष प्रशांत कुमार, जिला वरिष्ठउपाध्यक्ष लोकेश कुमार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष नूर अफरोज, जिला कोषाध्यक्ष अनिल सिंह राणा व जिला लेखा परीक्षक सतीश कुमार जोशी की देखरेख में संपन्न हुआ।

क्रिकेट | खिलाड़ियों ने शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया

# द वर्डेंट पब्लिक स्कूल में रोमांचक क्रिकेट मुकाबला, जज 11 ने 5 विकेट से जीता फाइनल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** द वर्डेंट पब्लिक स्कूल में रविवार शाम आयोजित क्रिकेट मैच सीरीज के फाइनल में एडवोकेट 11 और जज 11 टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। खिलाड़ियों ने शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। एडवोकेट 11 के कप्तान असद खान की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 9 विकेट पर 221 रन बनाए। जावेद खान ने 30 गेंदों में 107 रन और तनुज सक्सेना ने 16 गेंदों में 53 रनों की तेज पारी खेली।

222 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जज 11 टीम ने कप्तान अरुण कुमार के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन करते हुए 11 ओवर में 5 विकेट खोकर 226 रन बनाकर मैच जीत लिया। अनुराग ने 34 गेंदों में नाबाद 135 रन बनाए, जबकि अनीत ने 35 और देव यादव ने 30 रन का योगदान दिया। मैच के बाद अनुराग को मैन ऑफ द मैच तथा अरुण कुमार को मैन ऑफ द सीरीज पुरस्कार दिया गया। प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सक्सेना ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया।


खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते संजय सक्सेना।

मुकाबले के दौरान खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला और दर्शकों ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की जमकर सराहना की।

# कछला घाट पर स्नान करते समय नौ लोग डूबे, किशोर की मौत, छह को बचाया गया, दो की तलाश जारी

## दशहरा के पर्व पर लाखों की तादात में पहुंचे थे श्रद्धालु , गोताखोरों और पुलिसकर्मियों ने बचाव अभियान शुरू किया

जागरण मोर्चा

**बदायूं।** गंगा दशहरा पर सोमवार को कछला गंगा घाट पर फुफेरे भाई-बहन समेत नौ श्रद्धालु गंगा की तेज धारा में बह गए। एक किशोर नीलेश की डूबकर मौत हो गई। उसकी बहन शिखा और एक अन्य युवक लापता हैं। गोताखोरों और पुलिस ने छह श्रद्धालुओं को सुरक्षित बचाया।

बदायूं जिले में गंगा दशहरा पर सोमवार सुबह कछला गंगा घाट पर हादसा हो गया। स्नान के दौरान हाथरस जिले से आए फुफेरे भाई-बहन समेत नौ श्रद्धालु गंगा की तेज धारा में बह गए। छह लोगों को बचा लिया गया। युवक की डूबकर मौत हो गई, जबकि उसकी बहन समेत दो लापता हैं। इनकी तलाश की जा रही है। घटना के बाद घाट पर अफरा-तफरी मच गई।


कछला गंगा घाट पर निरीक्षण करते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

जानकारी के अनुसार हाथरस के थाना हसाइन के ग्राम कानू निवासी नीलेश पुत्र ओमवीर अपनी फुफेरी बहन शिखा पुत्री नेत्रपाल निवासी ग्राम पिछोती के साथ गंगा दशहरा पर स्नान करने कछला घाट पहुंचे थे। सोमवार सुबह करीब आठ बजे दोनों स्नान कर रहे थे, तभी अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। आसपास मौजूद श्रद्धालुओं ने शोर मचाया तो मौके पर तैनात गोताखोरों और पुलिसकर्मियों ने तुरंत बचाव अभियान शुरू किया।

गोताखोरों ने युवक को निकाला, युवती की तलाश जारी

कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने नीलेश को गंगा से बाहर निकाल लिया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। वहीं शिखा का दोपहर तक कोई सुराग नहीं लग सका। गोताखोर लगातार नाव और स्ट्रीमर की मदद से गंगा में तलाश अभियान चला रहे हैं।

**डीएम और एसएसपी ने लिया घटनास्थल का जायजा**

घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी अवनीश राय और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा मौके पर पहुंचीं। अधिकारियों ने राहत एवं बचाव कार्य का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशासन द्वारा लगातार लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों से सावधानी बरतने और गहरे पानी में न जाने की अपील की जाती रही।

**डीएम एसएसपी ने किया गंगा घाट का निरीक्षण**

हाथरस के ग्राम कानू व ग्राम पिछोती से एक ही परिवार के 07 लोग ज्येष्ठ माह के गंगा दशहरा पर्व पर गंगा स्नान को आए थे। यह सभी लोग कछला घाट पर स्नान न करके घाट से करीब दो किलोमीटर दूरी पर नरोरा की तरफ गहरे पानी में गंगा स्नान कर रहे थे कि अचानक सभी लोग डूबने लगे। तत्काल सूचना प्राप्त होने पर पांच लोगों को नाविकों व स्थानीय पुलिस द्वारा सकुशल बाहर निकाला गया तथा दो लोग गहरे पानी में डूब गए, जिसमें से 15 वर्षीय किशोर नीलेश की मृत्यु हो गई। जबकि 10 वर्षीय किशोरी शिखा की पुलिस, गोताखोरों व फ्लड पी.ए.सी द्वारा तलाश की जा रही है। जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने घटना के संबंध में घटनास्थल का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा सुनिश्चित करने को सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ।

निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया गया कि श्रद्धालु निर्धारित गंगा घाट पर पुलिस द्वारा की गई सुरक्षा व्यवस्था में गंगा स्नान करें, गंगा घाट पर महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा/कानून व्यवस्था के दृष्टिगत सतर्क दृष्टि रखी जाये व श्रद्धालुओं को स्नान के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े । श्रद्धालुओं के सुरक्षित आवागमन, पार्किंग/यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये ।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभिषेक कुमार सिंह, एसडीएम सदर मोहित कुमार, क्षेत्राधिकारी बिसौली संजीव कुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक उझानी प्रवीण कुमार मौजूद रहे।

### छह अन्य श्रद्धालुओं को भी बचाया गया

गंगा स्नान के दौरान घाट के अन्य हिस्सों में भी कई श्रद्धालु तेज बहाव में बह गए थे। स्थानीय पुलिस, पीएसी और गोताखोरों की सतर्कता से पांच श्रद्धालुओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। जबकि एक युवक लापता है। उसकी तलाश की जा रही है।

### सुरक्षा व्यवस्था में जुटा रहा प्रशासन

गंगा दशहरा को लेकर कछला घाट पर भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और पीएसी के जवान लगातार स्ट्रीमर से गंगा में गश्त करते रहे और श्रद्धालुओं को गहरे पानी में न जाने की चेतावनी देते रहे।

## सार संक्षेप

### सराहनीय कार्यः गुमशुदा महिला व उसके पुत्र को सकुशल परिजनो के सुपुर्द किया गया

**बदायूं।** थाना बिसौली क्षेत्र के इस्लामनगर चौराहा पर एक महिला बेहोशी की अवस्था में अपने पुत्र के साथ रविवार रात करीब दो बजे मिली जो अपना नाम पता बताने में असमर्थ थी जो मानसिक रूप विक्षिप्त लग रही थी। महिला से नाम पता पूछने पर अपना नाम सलमा पत्नी नन्हे बताया तथा अपने पुत्र का नाम आयुष बताया । पुलिस द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से फोटो प्रसारित कर परिजनों के सम्बन्ध मे जानकारी करने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम के अथक प्रयास के बाद महिला की पहचान सलमा पत्नी फिरासत निवासी ग्राम उरला थाना आंवला जिला बरेली के रुप मे हुई तथा महिला के पति को सूचित कर उक्त महिला व उसके बच्चे को सकुशल उसके पति के सुपुर्द किया गया।



### गुमशुदा बुजुर्ग को सकुशल परिजनो के सुपुर्द किया गया

**बिसौली।** डायल 112 पर रविवार रात सूचना मिली कि थाना बिसौली क्षेत्र के गांव अम्बियापुर जंगल में एक बुजुर्ग व्यक्ति जिसकी उम्र करीब 80 वर्ष मिला है जो मानसिक रुप से कमजोर प्रतीत हो रहा है। थाना बिसौली पुलिस द्वारा उक्त व्यक्ति से नाम पता पूछने का प्रयास किया गया तो उक्त व्यक्ति ने अपना नाम मदनलाल बताया अन्य कोई जानकारी देने में असमर्थ था। सोशल मीडिया के माध्यम से फोटो प्रसारित कर परिजनों के सम्बन्ध मे जानकारी करने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम के अथक प्रयास के पश्चात बुजुर्ग व्यक्ति का बेटा विनीत पुत्र मदनलाल निवासी बुद्धबाजार रोड मोहल्ला गुलाब बाग वार्ड न0 07 कस्वा व थाना बिसौली ने थाने पर उपस्थित होकर बुजुर्ग की पहचान कर बताया कि यह उसके लिटा हैं . वह बिना बताये मेरे भाई के मकान बरेली से कहीं चले गए थे । जानकारी हुई कि मेरे पिताजी थाना बिसौली पर है तो मैं यहां आया हूं। बेटे के साथ उनको घर भेजा गया।

### ओरछी चौराहे पर वर्षो से अधूरी पड़ी चौकी पर स्थाई चौकी प्रभारी रवेंद्र सिंह राणा की नियुक्ति

**ओरछी ।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के कस्बा ओरछी चौराहे स्थित इस्लामनगर रोड पर पुलिस चौकी का निर्माणकार्य तीन वर्ष पूर्व थानाध्यक्ष रहे प्रदीप कुमार विश्नोई ने जोर-शोर के साथ शुरू कराया था,जो आज तक पूर्ण नहीं हो सका है । सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण अपराध की रोकथाम के लिए जनपद की तेज तर्रार एसएसपी अंकिता शर्मा ने ओरछी चौकी प्रभारी रवेंद्र सिंह राणा को नियुक्त कर दिया है जिससे यहाँ पर निरंतर हो रही घटनाओ पर अंकुश लग सके| स्थानिय लोगो की मांग तीन वर्ष से अधूरी पड़ी चौकी का निर्माण कार्य कब शुचारू होगा । ओरछी चौराहा एक ऐसी जगह है यहाँ पर लगभग दर्जन भर से ज्यादा कोल्ड स्टोर,दाल मील,मटर प्लांट,पैट्रोल पंप,आढंते व स्कूल,तथा तीन बैंक है । इसी बजह से यहाँ पर हर समय आवागमन अच्छा रहता है,यहाँ से कुछ दूरी पर जनपद बदायूँ व सम्भल का बार्डर है यहां अक्सर घटनाएं घटित होती रहती है यहाँ से थाना फैजगंज बेहटा लगभग पांच किलोमीटर की दूरी पर है जिससे पुलिस को आने में समय लगता है जब तक चोर उचक्के घटना को अंजाम देकर आसानी से फरार हो जाते थे |नवागत चौकी प्रभारी के आने के बाद इन समस्याओ से क्षेत्रवासियों को निजात मिल सकेगी|तीन वर्ष पूर्व ओरछी पुलिस चौकी का निर्माण कार्य शुरू होने के बाद व्यापारियों व आस-पास को लोगों को काफी खुशी महसूस हुई थी,क्षेत्रवासियों ने सोचा चौकी बनने से हमेशा यहाँ पर पुलिस मुस्तैद रहेगी और समस्या भी सुनी जाएंगी,चोरी व लूट जैसी घटनाएं भी कम होंगी,|जो सीमा से सटे होने के कारण चोर उचक्के इसका फायदा उठाकर दूसरी सीमा में आसानी से फरार हो जाते थे फ़िलहाल पुलिस चौकी के निर्माण की जगह व यात्री सैड पर ठेले खोमचे वाले ने अवैध कब्ज़ा जमा रखा,जिससे आने जाने वाले राहगीरों को भी काफी परेशानियाँ उठानी पड़ती है |इस समय चौकी पर खाली बोतल व पव्वा पड़े रहते हैं । अगर चौकी का निर्माण जल्द शुरू हो जाएगा तो क्षेत्र की जनता को राहत मिलेगी।

# डंपर की टक्कर से एक की मौत

- मुन्नू नगर चौराहे पर दर्दनाक दुर्घटना, एक गंभीर घायल

जागरण मोर्चा

**बदायूं।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा फैजगंज बेहटा गांव के मुन्नू नगर चौराहे पर हुआ, जहां तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार दो सगे भाइयों को टक्कर मार दी।


मृतक का फाइल फोटो।

जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के रजाबारी सिकरी गांव निवासी 42 वर्षीय कल्लू पुत्र जमुना प्रसाद और 35 वर्षीय टिल्लू पुत्र जमुना प्रसाद एक ही बाइक पर सवार होकर कछला में एक अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे। कार्यक्रम से लौटते समय जैसे ही वे मुन्नू नगर चौराहे पर पहुंचे, तभी एक तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में टिल्लू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कल्लू गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मृतक टिल्लू अपने पीछे तीन छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गया है, जिनमें एक बेटी और दो बेटे शामिल हैं। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि टिल्लू कलाबाजी (स्टंट) दिखाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और डंपर चालक की तलाश की जा रही है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

# दवा लेने आए व्यक्ति की संदिग्ध हालात में मौत, परिवार में मचा कोहराम

जागरण मोर्चा

बदायूं। जनपद के दातागंज कोतवाली क्षेत्र में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गांव नवादा मधुकर निवासी 48 वर्षीय श्याम पाल पुत्र गंगा प्रसाद के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, श्याम पाल सोमवार को अपनी बीमारी की दवा लेने के लिए कस्बा दातागंज स्थित एक डॉक्टर के पास आए थे। दवा लेने के बाद वह अपने घर वापस नहीं लौटे, जिससे परिजनों को चिंता हुई। देर शाम तक घर न पहुंचने पर परिवार के लोगों ने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग सका।

मंगलवार सुबह कस्बा दातागंज के मोहल्ला परा में एक व्यक्ति का शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा होने की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराने का प्रयास किया, जिसके बाद मृतक की पहचान श्याम पाल के रूप में हुई। पुलिस ने तुरंत परिजनों को सूचना दी।

घटना की खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव को देखकर बिलख पड़े। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, ताकि मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सके। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है और हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### त्यौहार को शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील

**बिसौली।** नगर की कादरी मस्जिद में ईद उल अज़हा के ताल्लुक से एक खास मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें मुस्लिम समुदाय के लिए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए। त्यौहार को अमन, शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की गई। मीटिंग का आगाज मदरसे के प्रिंसिपल मो. इफ्तेखार अशरफी ने कुरआन पाक की तिलावत से किया। नगर की क़ादरी मस्जिद के पेश इमाम मौलाना अफ़लाक रज़ा उवैसी ने ईद उल अजहा को लेकर सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने आगाह किया कि कुर्बानी के जानवरों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा न करें। रज़ा मस्जिद के इमाम हाफ़िज़ शरीफ़ जामी ने अपील की कि कुर्बानी करने वाले सभी लोग सरकार की ओर से जारी दिशा निर्देशों और स्थानीय प्रशासन के नियमों का पूर्णता पालन करें। मदरसा फैज़ान ए रज़ाए मुस्तफ़ा के प्रिंसिपल मौलाना मो. इफ़्तेखार अशरफी ने कहा कि कानूनन प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी से पूर्णत: परहेज किया जाए। बिलाल मस्जिद के पेश इमाम हाफ़िज़ शादाब रज़ा उवैसी ने कहा कि कुर्बानी इस्लाम की एक महत्वपूर्ण इबादत है जो हर साहिबे हैसियत मुसलमान पर वाजिब है। मदीना मस्जिद के इमाम मो. रफ़ीक़ ख़ान ने कहा कि कुर्बानी के बक्त साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। नफीस मस्जिद के इमाम हाफ़िज़ मज़हर ख़ान ने दूसरे धर्म की आस्था और भावनाओं का सम्मान करने की अपील की। इस मौके पर हाजी साबिर ख़ान, हाजी रफीक, कमेटी के सदर फय्याज़ ख़ान, चांद मंसूरी, कमर अंसारी, तैयब मंसूरी, गुड्डु ख़ान, बिट्टू ख़ान, नगर पालिका सभासद रहीस सैफी, फहीम फारूकी, मो. वक़ील, मुजाहिद फारूकी. शरीफ़ अहमद फारूकी, ज़ाकिर सैफी, अजीम कुरैशी, दानिश कुरैशी, इक़बाल सैफी आदि मौजूद रहे।

# सीडीओ ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

जागरण मोर्चा

**बदायूं।** जिला अस्पताल का सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी ने औचक निरीक्षक किया। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों के सुधार के निर्देश दिए तथा मरीजों के इलाज में कोताही न बरतने के सख्त आदेश भी दिए।

जिला पुरुष अस्पताल में उस समय हड़कंप मच गया जब सीडीओ ने अचानक अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने अस्पताल की व्यवस्थाओं में कई गंभीर खामियां पाईं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए और साफ-सफाई पर विशेष जोर देने की बात कही। इस दौरान अस्पताल का स्टाफ अलर्ट मोड पर रहा।

सोमवार सुबह सीडीओ गामिनी सिंगला ने जिला पुरुष अस्पताल का गहनता से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल के टॉयलेट और बाथरूम के अंदर खुद जाकर सफाई व्यवस्था को देखा और गंदगी मिलने पर गहरी नाराजगी जताई। सीडीओ ने बारी-बारी से सभी वार्डों का रुख किया, जिसमें मुख्य रूप से आईसीयू वार्ड, इमरजेंसी वार्ड, हड्डी वार्ड, आइसोलेशन वार्ड और सर्जिकल वार्ड शामिल रहे। वार्डों के निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने वहां भर्ती मरीजों के पास जाकर उनसे बातचीत की और उनका हाल-चाल जाना। उन्होंने मरीजों से अस्पताल में मिल रहे इलाज, दवाओं की उपलब्धता और डॉक्टरों के व्यवहार के बारे में भी सीधा फीडबैक लिया। सीडीओ ने डॉक्टरों को हिदायत दी कि मरीजों के इलाज में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस पूरे औचक निरीक्षण के दौरान सीएमएस अमित वार्ष्णेय समेत अस्पताल के सभी प्रमुख डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ मौके पर मौजूद रहा। सीडीओ ने सभी को सख्त लहजे में निर्देशित किया कि वे अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाएं और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करें।


जिला अस्पताल का निरिक्षण करती सीडीओ गामिनी सिंगला

# 10 दिवसीय संगीत गायन कार्यशाला का शुभारंभ


कार्यक्रम में मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

- नन्हे कलाकारों ने सरस्वती वंदना और लोकगीतों से बांधा समां

जागरण मोर्चा

**वजीरगंज।** उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान लखनऊ के तत्वावधान में संगीत कला केंद्र वजीरगंज पर 10 दिवसीय संगीत गायन कार्यशाला का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर भातखंडे विद्या पीठ लखनऊ से आए हितेश भारद्वाज, लोक गायक साजन भारद्वाज, संगीत शिक्षक चंद्रकेश यादव एवं विनय चौहान की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ वजीरगंज नगर के लोकप्रिय समाजसेवी दीपेश वार्ष्णेय द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर केंद्र के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सरस्वती वंदना, भजन, गीत एवं लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। बच्चों की प्रतिभा और आत्मविश्वास ने सभी को प्रभावित किया।

कार्यक्रम का संचालन गुरुदेव शर्मा ने कुशलता पूर्वक किया। उन्होंने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में संगीत के प्रति रुचि विकसित होती है और उनकी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है।

इस मौके पर आरती, परी, लड्डू, दिव्यांशी, हिर्यांश, सृष्टि, ऋतिक, विराट, राखी, अनामिका, अपूर्व यजुर्वेदी सहित कई बच्चों ने सक्रिय भागीदारी की। साथ ही नीरज कुमार वर्मा, अमित शर्मा, शारदा, लेखपाल शर्मा, महेंद्र एवं अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

कार्यशाला के माध्यम से बच्चों को शास्त्रीय एवं लोक संगीत की बारीकियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन से क्षेत्र में खुशी का माहौल है और अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की है।

**संज्ञान** बच्चे की मौत के बाद पालिका प्रशासन ने सतर्कता बढ़ाई, पालिका चेयरमैन ने सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर सख्त कार्रवाई के संकेत दिए

# पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने कहा तीन दिन में शहर के सभी स्वीमिंग पूलों की होगी जांच

- तीन दिन में रिपोर्ट तलब, संयुक्त टीम गठित,एनओसी से लेकर जल निकासी और स्वास्थ्य मानकों तक होगी पड़ताल

जागरण मोर्चा

**बदायूं।** शहर में संचालित स्वीमिंग पूलों की सुरक्षा व्यवस्थाओं और मानकों को लेकर नगर पालिका प्रशासन अब पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। हाल ही में एक मासूम बच्चे की मौत के बाद उठे सवालों और दैनिक समाचार पत्रों में लगातार प्रकाशित खबरों का संज्ञान लेते हुए नगर पालिका परिषद ने नगर क्षेत्र तथा उसके आसपास संचालित सभी स्वीमिंग पूलों की व्यापक जांच कराने का निर्णय लिया है। पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने इस संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए तीन दिन के भीतर जांच पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

घटना के बाद शहर में संचालित कई स्वीमिंग पूलों की कार्यप्रणाली और सुरक्षा मानकों को लेकर लोगों के बीच चिंता बढ़ गई थी। विभिन्न स्तरों पर यह शिकायतें भी सामने आ रही थीं कि कुछ पूल बिना पर्याप्त सुरक्षा इंतजामों के संचालित किए जा रहे हैं। कई स्थानों पर मानकों की अनदेखी किए जाने की आशंका जताई गई, जिसके बाद नगर पालिका प्रशासन ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लिया।

पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा नगर पालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है और किसी भी स्थिति में लोगों की जान के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी स्वीमिंग पूल निर्धारित मानकों का पालन नहीं करता पाया गया तो उसके खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

नगर पालिका प्रशासन के अनुसार जांच अभियान केवल औपचारिकता नहीं होगा, बल्कि हर बिंदु की गहनता से समीक्षा की जाएगी। जांच टीम यह सुनिश्चित करेगी कि संबंधित स्वीमिंग पूल के पास आवश्यक एनओसी और संचालन की वैध अनुमति उपलब्ध है या नहीं। साथ ही भवन उपयोग परिवर्तन की अनुमति, सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता, आपातकालीन इंतजाम, जल निकासी व्यवस्था और प्रदूषित जल के निस्तारण की स्थिति भी परखी जाएगी।



इसके अलावा सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़े पहलुओं को भी जांच के दायरे में रखा गया है। जांच टीम यह भी देखेगी कि पूलों में इस्तेमाल होने वाले पानी की गुणवत्ता कैसी है और उसके शुद्धिकरण की क्या व्यवस्था है। यदि किसी पूल में दूषित पानी या अस्वास्थ्यकर स्थिति पाई गई तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

नगर पालिका ने जांच प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की एक संयुक्त टीम गठित की है। इस टीम में जलकल अभियंता नितिन सक्सेना, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मोहम्मद तय्यब, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक केशव गंगवार, लिपिक सचिन सक्सेना, महेश बाबू, सफाईनायक उमेश, कार्यवाहक स्वच्छता अधिकारी सिद्धार्थ तथा संबंधित क्षेत्र के स्वच्छता अधिकारी, चौकीदार और सफाई कर्मचारी शामिल किए गए हैं।

पालिका प्रशासन ने टीम को निर्देश दिए हैं कि जांच निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से की जाए। साथ ही तीन दिन के भीतर अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। रिपोर्ट में हर स्वीमिंग पूल की स्थिति और कमियों का उल्लेख किया जाएगा ताकि आगे की कार्रवाई तय की जा सके।

सूत्रों की मानें तो प्रशासन उन स्थानों को लेकर विशेष सतर्कता बरत रहा है जहां बच्चों और युवाओं की अधिक आवाजाही रहती है। गर्मी के मौसम में स्वीमिंग पूलों में बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं, ऐसे में सुरक्षा मानकों की अनदेखी किसी भी समय बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है।

स्थानीय नागरिकों ने भी नगर पालिका के इस कदम का स्वागत किया है। लोगों का कहना है कि बच्चों की सुरक्षा से जुड़े मामलों में प्रशासन को पहले से अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। उनका मानना है कि यदि समय रहते नियमित निरीक्षण और कार्रवाई होती रहे तो इस तरह की घटनाओं पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती है।

# वेंकटेश या सॉल्ट, आरसीबी प्लेइंग-11 में किसे देगी मौका? गुजरात के सामने भी चयन की चुनौती




**धर्मशाला।** आईपीएल प्लेऑफ मुकाबलों की मंगलवार से शुरुआत हो रही है। क्वालिफायर-1 में आरसीबी का सामना गुजरात टाइटंस से है। दोनों टीमों ने ग्रुप चरण में बेहतरीन प्रदर्शन किया और अंक तालिका में शीर्ष दो स्थान पर रहने में सफल रहीं।

गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचने से एक कदम दूर है। आरसीबी का सामना क्वालिफायर-1 में गुजरात टाइटंस है जो अपने दूसरे खिताब के लिए उतरी है। दोनों टीमों के बीच ये मुकाबला धर्मशाला में खेला जाएगा। जो भी टीम ये मैच जीतेगी वो फाइनल का टिकट का कटा लेगी, जबकि हारने वाली टीम को क्वालिफायर-2 के जरिये फाइनल में पहुंचने का दूसरा मौका मिलेगा।

मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए आरसीबी को धर्मशाला में मामूली बढ़त हासिल नजर आती है। भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड की अगुआई वाला उनका तेज आक्रमण नियंत्रण, स्विंग और सटीक हार्ड लेंथ पर आधारित है। धर्मशाला की परिस्थितियों में ये गुण हमेशा कारगर साबित हुए हैं। रोशनी में गेंद को स्विंग कराने और आखिरी ओवरों में गति में बदलाव करने वाले गेंदबाज यहां बड़े स्कोर वाले मुकाबलों में भी असरदार रहे हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ आरसीबी ने 222 रन का विशाल लक्ष्य इसलिए बचा लिया क्योंकि उनके तेज गेंदबाज लगातार अंतराल पर विकेट चटकाते रहे।

दूसरी ओर गुजरात टाइटंस के पास अधिक रफ्तार वाला गेंदबाजी आक्रमण है, जिसे धर्मशाला की अतिरिक्त उछाल और खतरनाक बना सकती है। स्पिन गेंदबाजों की सीमित भूमिका उनकी रणनीति को प्रभावित कर सकती है। राशिद खान आमतौर पर प्रभावी रहते हैं, लेकिन यह पिच उनकी परीक्षा ले सकती है। हाल के मुकाबलों के आंकड़े बताते हैं कि यहां अधिकांश विकेट तेज गेंदबाजों ने लिए हैं और निर्णायक चरणों में टीमों ने स्पिन का अपेक्षाकृत कम इस्तेमाल किया है।

आरसीबी उन टीमों में है जिसने इस सीजन कम खिलाड़ियों का ही इस्तेमाल किया और अपनी कोर टीम पर भरोसा जताया। ये और भी कम होता अगर फिल सॉल्ट चोटिल ना हुए होते। क्वालिफायर-1 से पहले आरसीबी के लिए राहत की बात यह रही कि टीम के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज सॉलट भारत वापस लौट आए हैं और प्लेऑफ मैच में खेलने के लिए तैयार हैं। ऐसा माना जा रहा है कि आरसीबी जैकब डफी को एकादश में शामिल करने के लिए सुयश शर्मा को बाहर बैठा सकती है क्योंकि सुयश का मौजूदा सीजन में प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। सबसे दिलचस्प तो ये देखना होगा कि अगर सॉल्ट वापसी करते हैं तो वेंकटेश को किस तरह एकादश में फिट किया जाता है। सॉल्ट की अनुपस्थिति में वेंकटेश ने कोहली के साथ पारी का आगाज किया था। इसमें कोई दोराय नहीं है कि अगर सॉल्ट फिट हुए तो इस मैच में वही ओपनिंग करने उतरेंगे।

आरसीबी की तरह गुजरात ने भी कम खिलाड़ी ही उतारे हैं। एक अतिरिक्त बल्लेबाज के लिए वह एक बार फिर निशांत सिद्धू को प्लेइंग-11 में मौका दे सकती है। उनके लिए सबसे बड़ी चिंता ये है कि इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर किसे मौका दिया जाए। टीम के सामने चुनौती है कि तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को लिया जाए या अतिरिक्त स्पिनर के तौर पर साई किशोर और मानव सुथार में से किसी एक को उतारा जाए।

## महिला विश्वकप के लिए बढ़ा कार्यकाल? जून 2029 तक ऑस्ट्रेलियाई की कोच बनी रहेंगी शेली निट्स्के



**सिडनी।** निट्स्के की देखरेख में, ऑस्ट्रेलिया ने पिछले साल जनवरी में मल्टी-फॉर्मेट एशेज सीरीज में इंग्लैंड को 7-0 से हराया था और टीम दोनों व्हाइट-बॉल फॉर्मेट में नंबर एक की रैंकिंग को कायम रखने में सफल रही थी।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने विमेंस टी20 विश्व कप 2026 से पहले ऑस्ट्रेलिया की हेड कोच शेली निट्स्के के कॉन्ट्रैक्ट को तीन साल के लिए बढ़ा दिया है। शेली अब जून 2029 तक टीम की हेड कोच बनी रहेंगी। ऑस्ट्रेलिया की पूर्व ऑलराउंडर ने 2022 में मैथ्यू मॉट के जाने के बाद से हेड कोच का पद संभाला था। शेली का शुरुआती कॉन्ट्रैक्ट चार साल का था। अपनी कार्यकाल में शेली निट्स्के ने टीम को कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल दिलाया, जबकि साउथ अफ्रीका में एक और विमेंस टी20 वर्ल्ड कप टाइटल जिताने में मदद की।

निट्स्के अगले तीन वर्षों में चार बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की जिम्मेदारी संभालेंगी। इसमें 2026 और 2028 के टी20 वर्ल्ड कप, 2027 की पहली महिला चैंपियंस ट्रॉफी, और 2028 में लॉस एंजिल्स ओलंपिक शामिल हैं। अगले तीन वर्षों में ऑस्ट्रेलियाई टीम 2027 के बीच में एशेज के लिए इंग्लैंड जाएगी, और 2029 की शुरुआत में अपने सबसे कड़े विरोधियों की मेजबानी करेगा, जबकि वे 2027 में साउथ अफ्रीका और भारत के दौरे पर भी जाएगी।

'क्रिकेट.कॉम.एयू' द्वारा कोट किए गए एक बयान में निट्स्के ने कहा, 'इस टीम को कोचिंग देना और खिलाड़ियों और स्टाफ के इतने शानदार ग्रुप के साथ काम करना मेरे लिए खुशी की बात है। हमने साथ मिलकर बहुत कुछ हासिल किया है, लेकिन यह ग्रुप आने वाले वर्षों में क्या हासिल कर सकता है, इसे लेकर भी बहुत मोटिवेशन है। आगे कुछ बड़े इवेंट्स और रोमांचक चैलेंज आने वाले हैं और मैं टीम को अगले फेज में गाइड करने में मदद करने के लिए उत्सुक हूं।' निट्स्के की देखरेख में, ऑस्ट्रेलिया ने पिछले साल जनवरी में मल्टी-फॉर्मेट एशेज सीरीज में इंग्लैंड को 7-0 से हराया था और टीम दोनों व्हाइट-बॉल फॉर्मेट में नंबर एक की रैंकिंग को कायम रखने में सफल रही थी। सीए के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा, 'मुझे खुशी है कि शेली अगले तीन वर्षों तक ऑस्ट्रेलियाई टीम की कमान संभालेंगी।

## कोहली से विवाद के बाद हेड की पत्नी को मिली गालियां? जेसिका बोलीं- परिवार को भी निशाना बनाया



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में विराट कोहली और ट्रेविस हेड के बीच हुए मैदान पर तनाव के बाद ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज की पत्नी जेसिका हेड को सोशल मीडिया पर भारी ट्रोलिंग और गालियों का सामना करना पड़ा। जेसिका ने कहा कि यह अनुभव उन्हें 2023 वर्ल्ड कप फाइनल के बाद मिली नफरत की याद दिलाता है। उन्होंने खेल में मानसिक स्वास्थ्य और संवेदनशीलता की जरूरत पर जोर दिया।

आईपीएल 2026 में विराट कोहली और ट्रेविस हेड के बीच मैदान पर हुई तीखी नोकझोंक अब सोशल मीडिया विवाद में बदल गई है। इस पूरे मामले के बाद ट्रेविस हेड की पत्नी जेसिका हेड ने खुलासा किया है कि उन्हें और उनके परिवार को ऑनलाइन गालियों और ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है। जेसिका ने कहा कि यह सब देखकर उन्हें 2023 वनडे विश्व कप फाइनल के बाद का समय याद आ गया, जब ट्रेविस हेड ने अहमदाबाद में भारत के खिलाफ शानदार 137 रन की मैच जिताऊ पारी खेली थी।

जेसिका ने ऑस्ट्रेलियाई मीडिया आउटलेट 'द एडवरटाइजर' से कहा कि वह सुबह उठीं तो उनके सोशल मीडिया अकाउंट्स पर अभद्र संदेशों की बाढ़ आ चुकी थी। उन्होंने कहा, 'यह बिल्कुल वैसा ही लग रहा है जैसा वर्ल्ड कप के बाद हुआ था। मैं सुबह उठी तो मेरे सोशल मीडिया पर लगातार मैसेज आ रहे थे। हम ठीक हैं, लेकिन लोग मेरे दोस्तों और परिवार को भी निशाना बना रहे हैं।'

जेसिका ने खेलों में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर गंभीर चर्चा की जरूरत बताई। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि इस समय सभी खेलों में मानसिक स्वास्थ्य, नजरिए और एक-दूसरे से बात करने के तरीके को लेकर जरूरी बातचीत होनी चाहिए। खेल में जुनून हमेशा रहेगा, लेकिन यह याद रखना भी जरूरी है कि खिलाड़ियों और उनके परिवारों के पीछे असली इंसान होते हैं।

# तीन बार क्वालिफायर-1 खेल चुकी है आरसीबी, दमदार रहा है रिकॉर्ड, पांचवीं बार मिलेगा फाइनल का टिकट?




**धर्मशाला।** गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम का प्रदर्शन मौजूदा सीजन में शानदार रहा है। टीम अब क्वालिफायर-1 में गुजरात टाइटंस का सामना करेगी। दोनों टीमों के पास फाइनल में पहुंचने के दो मौके होंगे।

आईपीएल 2026 का क्वालिफायर-1 मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और गुजरात टाइटंस (जीटी) के बीच मंगलवार को खेला जाना है। इस मुकाबले की मेजबानी धर्मशाला का हिमाचल प्रदरेश क्रिकेट एसोसिएशन क्रिकेट स्टेडियम करेगा। आरसीबी का रिकॉर्ड क्वालिफायर-1 खेलते हुए शानदार रहा है। आरसीबी ने इससे पहले तीन बार क्वालिफायर-1 का टिकट हासिल किया है। साल 2011 में आरसीबी क्वालिफायर-1 में पहुंची थी, लेकिन उन्हें चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।

इसके बाद 2016 में टीम ने टॉप 2 में रहते हुए क्वालिफायर-1 का टिकट कटाया था। आरसीबी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए क्वालिफायर-1 में गुजरात लांयस को मात दी थी। तीसरी बार आरसीबी ने क्वालिफायर-1 पिछले सीजन यानी आईपीएल 2025 में खेला था और रजत पाटीदार की अगुआई में टीम ने पंजाब किंग्स को शिकस्त देते हुए फाइनल का टिकट हासिल किया था। आरसीबी तीन बार क्वालिफायर-1 में पहुंची है, जिसमें से टीम ने दो बार जीत का स्वाद चखा है, तो एक दफा हार का सामना करना पड़ा है।

आरसीबी ने आईपीएल में अब तक चार बार फाइनल में जगह बनाई है, लेकिन टीम सिर्फ एक बार ही खिताब को अपने नाम कर सकी है। पिछले सीजन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 18 साल का सूखा खत्म करते हुए पहली बार आईपीएल की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया था। आईपीएल 2026 में भी टीम ने अब तक शानदार क्रिकेट खेली है। आरसीबी की बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों ही इस सीजन काफी संतुलित दिखाई दी है।

मौजूदा सीजन में गत चैंपियन आरसीबी का प्रदर्शन शानदार रहा। टीम ने ग्रुप चरण में अपना दबदबा दिखाया और अंक तालिका में शीर्ष पर रहते हुए वह क्वालिफायर-1 में पहुंची है। शीर्ष क्रम में विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल का प्रदर्शन दमदार रहा है। खासतौर पर विराट कमाल की लय में दिखाई दिए हैं और वह इस सीजन 557 रन बना चुके हैं। वेंकटेश अय्यर ने भी प्लेइंग इलेवन में आने के साथ ही बल्ले से छाप छोड़ी है। कप्तान रजत पाटीदार मुश्किल हालातों में टीम के अहम बल्लेबाज साबित हुए हैं। वहीं, फिनिशर की भूमिका को टिम डेविड ने बखूबी निभाया है।

## सेंसेक्स 800 अंक चढ़ा, निफ्टी 23950 के पार

**नई दिल्ली।** कच्चे तेल के 100 डॉलर से नीचे आने और अमेरिका-ईरान वार्ता की उम्मीदों से शेयर बाजार में भारी उछाल। सेंसेक्स 900 अंक उछला, निफ्टी 24,000 के करीब। आइए जानते हैं बाजार का पूरा हाल।

घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को हरे निशान पर कारोबर की शुरुआत हुई। सेंसेक्स 863.23 (1.14%) अंकों की मजबूती के साथ 76,278.58 के स्तर पर पहुंच गया। दूसरी ओर, निफ्टी 256.25 (1.08%) अंक उछलकर 23,975.55 के स्तर पर आ गया। शुरुआती कारोबार के दौरान बैंकिंग और ऑटो सेक्टर के शेयरों में खरीदारी दिखी। जिसकी मदद से बेंचमार्क सूचकांक बढ़त हासिल करने में कामयाब हुए। शुरुआती कारोबार में रुपया डॉलर के मुकाबले 25 पैसे बढ़कर 95.35 पर पहुंच गया। वैश्विक बाजार से मिले मजबूत संकेतों और कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट ने सप्ताह के पहले कारोबारी दिन भारतीय शेयर बाजार में बहार ला दी है। सोमवार को शुरुआती कारोबार में ही सेंसेक्स और निफ्टी ने जबरदस्त छलांग लगाई। अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता और संभावित समझौते की उम्मीदों से वैश्विक स्तर पर निवेशकों का सेंटीमेंट सुधरा है, जिसका सीधा असर भारत की अर्थव्यवस्था के लिए एक सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जा रहा है।




## रजत पाटीदार ने माना, आईपीएल में गेंदबाजों के लिए हो रही दिक्कतें, बोले-250 तक का स्कोर सुरक्षित नहीं



**धर्मशाला।** आईपीएल 2026 में इस बार में कई मैचों में 200+ का स्कोर बना भी कुछ मौकों पर इसे चेज भी कर लिया गया। आईपीएल का मौजूदा सीजन अब अपने समापन की ओर है और मंगलवार के प्लेऑफ की शुरुआत हो रही है। इससे पहले आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने माना कि गेंदबाजों के लिए इस परिस्थिति में प्रभावी रहना मुश्किल हो रहा है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार ने सोमवार को माना कि आईपीएल में लगातार 200 से अधिक रन बनने के दौर में गेंदबाजों के लिए प्रभावी बने रहना बेहद मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने इसके साथ ही आईपीएल फाइनल को बंगलूरू से अहमदाबाद स्थानांतरित किए जाने के विवाद पर सीधी टिप्पणी करने से परहेज किया। पाटीदार ने मंगलवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ होने वाले पहले क्वालिफायर मुकाबले की पूर्व संध्या पर कहा कि अब 220 से 250 रन का स्कोर भी सुरक्षित नहीं माना जा सकता और यह स्थिति खासकर तेज गेंदबाजों के लिए चिंता का विषय बन गई है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि गेंदबाजों के लिए चुनौती लगातार बढ़ती जा रही है। विकेट बल्लेबाजी के अनुकूल हैं, मैदानों की बाउंड्री छोटी हैं और ओस भी बड़ी भूमिका निभाती है। खासकर तेज गेंदबाजों के लिए छोटी सी गलती भी छह रन में बदल जाती है। हमें हालांकि जैसी भी पिच और परिस्थितियां मिलें, हम उसी में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करते हैं। विकेट कैसे होने चाहिए, यह तय करना मेरे हाथ में नहीं है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने परिचालन संबंधी कारणों, स्थानीय राजनीतिक परिस्थितियों, टिकटों की अत्यधिक मांग और भीड़ प्रबंधन की चिंताओं को देखते हुए खिताबी मुकाबला अहमदाबाद में कराने का फैसला किया था। आईपीएल फाइनल को बंगलूरू से अहमदाबाद स्थानांतरित किए जाने के सवाल पर पाटीदार ने संतुलित जवाब दिया। उन्होंने कहा, यह मेरे नियंत्रण में नहीं है। यह एक ऐतिहासिक स्थल है, इसलिए फाइनल जहां भी होगा, वहीं खेला जाएगा। फिलहाल हमारा पूरा ध्यान फाइनल में पहुंचने पर है।

लीग चरण में समान अंक हासिल करने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस अब फाइनल में सीधे प्रवेश के लिए भिड़ेंगी। पाटीदार ने इसे दो संतुलित टीमों के बीच मुकाबला करार दिया। पाटीदार ने साफ किया कि टूर्नामेंट में लगातार बड़े स्कोर बनने के बावजूद आरसीबी अपनी आक्रामक रणनीति नहीं बदलेगी।

## अक्षय और विक्की ने एशियाई चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण



**नई दिल्ली।** भारतीय पहलवानों ने अंडर-23 कुश्ती एशियाई चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। फ्रीस्टाइल पहलवान अक्षय टी धेरे और विक्की ने सोमवार को स्वर्ण पदक जीते।

भारत ने अंडर-23 कुश्ती एशियाई चैंपियनशिप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा जिसमें फ्रीस्टाइल पहलवान अक्षय टी धेरे और विक्की ने सोमवार को स्वर्ण पदक जीते। अक्षय ने 57 किग्रा भार वर्ग में कजाखस्तान के येलेमान अमंगेलदी को 4-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया। विक्की ने जल्द ही भारतीय खेमे की खुशी दोगुनी कर दी जब उन्होंने 97 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान के शेरजोद पोयोनोव के खिलाफ 7-5 की रोमांचक जीत दर्ज कर शीर्ष स्थान हासिल किया। मुस्कान ने महिला 53 किग्रा वर्ग के फाइनल में वियतनाम की थी माई लिन्ह गुएन के खिलाफ 6-2 से आसान जीत दर्ज कर खिताब जीता। तपस्या ने 57 किग्रा वर्ग में पूरी तरह से दबदबा बनाया और कजखस्तान की अल्टीन शागायेवा के खिलाफ 4-0 की बढ़त बनाने के बाद बाय फॉल (पटखनी देकर) से जीत दर्ज करके स्वर्ण पदक जीता।

## बैंकिंग शेयरों में तेजी से बाजार में सुकून; सेंसेक्स 1073 अंक चढ़ा, निफ्टी 24000 पार




**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में शानदार रिकवरी दिखी है। सोमवार के सत्र के बाद सेंसेक्स 76,488 और निफ्टी 24,000 के पार बंद हुआ, एचडीएफसी बैंक और बजाज फाइनेंस में भारी तेजी दिखी। आइए जानते हैं बाजार का पूरा हाल।

भारतीय शेयर बाजार में सोमवार को जोरदार उछाल दर्ज किया गया। कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट इसका मुख्य कारण रही। अमेरिकी-ईरान वार्ता से जुड़े सकारात्मक माहौल ने भी बाजार को मजबूत सहारा दिया। बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी एक फीसदी से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुए।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,073.61 अंक या 1.42 फीसदी बढ़कर 76,488.96 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,143.72 अंक तक उछलकर 76,559.07 के उच्च स्तर पर पहुंच गया था। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 312.40 अंक या 1.32 फीसदी की बढ़त के साथ 24,031.70 पर समाप्त हुआ।




जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail : www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।